विपक्ष ने बेमन से नारी शक्ति बिल का ... पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 28 सितम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 235 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### 87.29 लाख की ठगी करने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार



**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर थाने ने 87.29 लाख रुपये की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। साइबर अपराधी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का रहने वाला है। उसका नाम लवकुश बताया गया है। इसके पास से दो मोबाइल और एक लैपटॉप सहित अन्य दस्तावेज बरामद किये गये है। डीएसपी नेहा बाला ने बुधवार को बताया कि साइबर थाने में गत 21 जनवरी को हटिया निवासी विन्देशवरी सिंह ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था।

### चतरा में दो सरकारी कर्मचारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**चतरा।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को चतरा जिले के गिद्धौर ब्लॉक के दो कर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इनमें पंचायत सचिव कमलेश वर्मा और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक शामिल हैं। दोनों 15वें वित्त आयोग की योजना के तहत मनरेगा की योजनाओं में भुगतान के नाम पर सूरज साव से घूस ले रहे थे। इस दौरान कार्यालय के पास ही मौजूद एसीबी की हजारीबाग जिले की टीम ने दोनों को पकड़ लिया। सूरज ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में शिकायत सही पाये जाने के बाद मामला दर्ज कर यह कार्रवाई की गई। एसीबी टीम की अगुवाई डीएसपी विमलेश त्रिपाठी कर रहे थे।

### लालू यादव की सजा बढ़ाने पर दिसंबर में सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित छह सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को सीबीआई के आग्रह को देखते हुए दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की।

### भानु प्रताप की जमानत याचिका पर फैसला चार अक्टूबर को

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में बुधवार को जमीन घोटाले में आरोपित बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद ईडी कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत चार अक्टूबर को मामले में अपना फैसला सुनायेगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि भानू को ईडी ने अप्रैल माह में गिरफ्तार किया था। भानु पर बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड की भूमि की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद बिक्री का आरोप है।

### हजारीबाग में टीपीसी का सदस्य गिरफ्तार, प्रमुख सहित छह फरार

**हजारीबाग।** पुलिस की गिरफ्त में आने से पहले बुधवार को टीपीसी के प्रमुख दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी और हार्डकोर कमांडर पहाड़ी उर्फ रामेश्वर महतो समेत छह उग्रवादी फरार हो गये जबकि एक उग्रवादी नितेश कुमार मेहता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि बड़कागांव थाना क्षेत्र स्थित देवगढ़ में टीपीसी संगठन के प्रमुख दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के घर बैठक रखी गई है, जिसमें टीपीसी के एरिया कमांडर पहाड़ी जी उर्फ रामेश्वर महतो, बादल गंझू, मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम, इरफान उर्फ समीर जी एवं गुरुदेव उर्फ गुरुजी सहित संगठन के अन्य सदस्य रात 10 बजे योजना बनाकर केरेडारी, बडकागांव, उरीमारी, कटकमदाग आदि क्षेत्र में कोयला व्यापारियों, बालू व्यवसायियों एवं विकास कार्य कर रहे ठेकेदार से लेवी वसूली करने एवं क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना पर पुलिस की टीम देवगढ़ स्थित दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी घर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नितेश मेहता को पकड़ा गया जबकि टीपीसी के प्रमुख दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी, हार्डकोर कमांडर पहाड़ी उर्फ रामेश्वर महतो समेत आधा दर्जन उग्रवादी फरार हो गया।

# रांची को पूर्वी जोन के स्मार्ट शहरों में 'बेस्ट परफॉर्मर सिटी' का मिला अवार्ड

### राष्ट्रपति ने इंदौर में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/इंदौर**

इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड में एक बार फिर से झारखंड की राजधानी रांची ने परचम लहराया है। स्मार्ट सिटी मिशन के सिक्योरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल एस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन आदि कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए रांची को पूर्वी जोन के स्मार्ट शहरों में बेस्ट परफॉर्मर सिटी के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड बुधवार को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन केंद्र में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव-2023 में देश की राष्ट्रपति के हाथों दिया गया। राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार चौबे, राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार और स्मार्ट सिटी रांची के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदकुलियार ने इस सम्मान को प्राप्त किया।

### विभिन्न क्षेत्रों में भेजे गए थे प्रस्ताव

यह अवार्ड इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड-2022 के आधार पर तैयार है। इस अवार्ड के निर्णय से पहले देश के सभी 100 शहरों से उनके शहर में हो रहे अलग-अलग क्षेत्र में विशेष प्रयास की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और वीडियो के माध्यम से साझा की गई थी। इसके बाद मंत्रालय की टीम हर शहर में जाकर उसका सत्यापन किया। रांची की ओर से इस बार सिटी सिक्योरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल एस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन इत्यादि विषय पर प्रस्ताव भेजा गया था।

### मुख्यमंत्री-विभागीय सचिव ने दी बधाई



रांची स्मार्ट सिटी की इस सफलता पर सीएम ने नगर विकास एवं आवास विभाग तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के समस्त कर्मियों को बधाई दी है। सीएम ने उम्मीद जताया है कि आने वाले दिनों में रांची का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर अपना अमिट छाप छोड़ेगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने भी रांची स्मार्ट सिटी की पूरी टीम को बधाई दी है और सीएम के प्रति आभार प्रकट किया है।

## सरना धर्म कोड : सीएम ने पीएम को लिखा पत्र

# जल्द लें फैसला

### आदिवासियों के धार्मिक अस्तित्व की रक्षा एक गंभीर सवाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आदिवासियों के सरना धर्म कोड की मांग पर जल्द और सकारात्मक फैसला करने का आग्रह किया है। यह जानकारी बुधवार को मुख्यमंत्री ने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर दी है। उन्होंने पत्र की फोटो भी ट्विटर पर साझा की है। इस ट्वीट में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को टैग भी किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखा है कि देश का आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक आदिवासी/सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। साथ ही पूरा विश्वास जताया है कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं, उसी प्रकार इस देश के आदिवासी समुदाय के समेकित विकास के लिए पृथक आदिवासी/सरना धर्मकोड का प्रावधान सुनिश्चित करेंगे।



मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा कि आदिवासी समाज के लोग प्राचीन परंपराओं एवं प्रकृति के उपासक हैं। पेड़ों, पहाड़ों की पूजा और जंगलों को संरक्षण देने को ही धर्म मानते हैं। साल 2021 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं। झारखंड में आदिवासियों की संख्या एक करोड़ से भी अधिक है। झारखंड की एक बड़ी आबादी सरना धर्म को मानने वाली है। इस प्राचीनतम सरना धर्म का जीता-जागता ग्रंथ स्वयं जल, जंगल, जमीन और प्रकृति है। सरना धर्म की संस्कृति, पूजा पद्धिति, आदर्श और मान्यताएं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का दीक्षांत समारोह / मुख्यमंत्री ने टॉपर्स को दिया गोल्ड मेडल, बोले

# आप आगे बढ़ें, सरकार करेगी पूरी मदद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कृषि का क्षेत्र हो या पशुपालन का। खिलाड़ी हों या श्रमिक। रोजगार करना चाहते हों या स्वरोजगार। आप जिस भी फील्ड में आगे बढ़ना चाहते हैं, सरकार आपकी पूरी मदद करेगी। मुख्यमंत्री बुधवार को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट मोरहाबादी, रांची के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और डिग्री देते हुए उम्मीद जताई कि यहां से निकला हर नौजवान एक अलग पहचान बनाएगा और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए मजबूत समाज के निर्माण में योगदान देगा।

मुख्यमंत्री कहा कि राज्य में पहले से जो व्यवस्थाएं चली आ रही हैं, वे चलती रहेंगी लेकिन उसके समानांतर एक ऐसी उत्कृष्ट और मजबूत व्यवस्था हम तैयार कर रहे हैं जो आगे चलकर स्वतः पूर्व की व्यवस्था की जगह ले लेगा। यह नवीन व्यवस्था राज्य की नींव को



मजबूती देने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती हमारी सरकार की प्राथमिकता है, उसी तरह रामकृष्ण मिशन भी उसी क्षेत्र में काम कर रही है जो आज के भौतिकवादी युग में हाशिये पर हैं। ऐसे में सरकार को यह संस्था मार्गदर्शन करे।

उन्होंने यह भी कहा कि कृषि और पशुपालन हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती थी लेकिन आज खेतों की जगह खदान और फैक्ट्रियां नजर आ रही हैं। ऐसे में विकास की अंधी दौड़ में परंपरागत व्यवस्था को पूरी तरह नजर अंदाज करना झारखंड जैसे राज्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। यही वजह है कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत कर रही है। गांव मजबूत होंगे तो राज्य और देश भी मजबूत बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कई योजनाएं यदि असफल होती है तो इसके पीछे कहीं ना कहीं हम भी इसके लिए जिम्मेवार होते हैं। यदि हम देखे तो पूरे देश में वर्षों से स्वच्छता अभियान चला आ रहा है लेकिन कई लोग आज भी अपने घर की गंदगियों को सड़कों पर फेंक देते हैं। नदियों की साफ-सफाई के लिए एक्शन प्लान बने हैं। करोड़-अरबों रुपये खर्च भी हुए लेकिन आज नदियों को जितना स्वच्छ होना चाहिए, वह नहीं दिख रहा है। हमारी यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम के निर्देश पर दो बेटियों का स्कूल में हुआ नामांकन

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अनगड़ा के पहाड़सिंह बिरहोर टोली निवासी छह वर्षीय सनोती कुमारी एवं पांच वर्षीय पार्वती कुमारी का नामांकन अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय तमाड़ के कक्षा एक में कराया गया है। जिला कल्याण पदाधिकारी को पूरे मामले पर नजर रखने का आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री को जानकारी प्राप्त हुई कि अनगड़ा प्रखंड के पहाड़सिंह बिरहोर टोली निवासी बहादुर बिरहोर पत्नी और डेढ़ साल की बच्ची को लेकर एक सितंबर की सुबह दोना-पत्तल और दातुन बेचने के लिए किता स्टेशन से ट्रेन पकड़कर रांची स्टेशन के लिए निकले थे लेकिन अबतक वे नहीं लौटे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बच्चियों को हर संभव सहायता एवं बच्चियों के माता-पिता को जल्द ढूंढने का निर्देश अधिकारियों को दिया था।

## साइबर ठगी में इस्तेमाल सभी मोबाइल की आईएमईआई व सिम लॉक कराएगी पुलिस

# डीजी सीआईडी ने सभी जिलों को दिया निर्देश



### झारखंड में पुलिस ने शुरू की कवायद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में साइबर अपराध के मामलों में बढ़ोतरी के बाद पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने सभी जोन के डीआईजी के साथ साइबर अपराध की बीते दिनों समीक्षा की थी। जिसके बाद उन्होंने आदेश जारी किया है कि जिलों में साइबर अपराध के दर्ज मामलों के बाद जिन मोबाइल फोन व सिम कार्ड के जरिए ठगी की गई है, उन सभी मोबाइल के आईएमईआर नंबर व सिम को लॉक कराया जाएगा। डीजी सीआईडी के आदेश के बाद अबतक राज्य भर में 500 से अधिक मोबाइल फोन की आईएमईआर व 6000 से अधिक सिमकार्ड को लॉक कराया जा चुका है। आईएमईआर के लॉक होने से एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल दूसरी बार नहीं किया जा सकेगा। अमूमन एक ही मोबाइल फोन में सिम बदल बदल कर साइबर अपराधियों के उसका इस्तेमाल किया जाता था।

**राज्य में जामताड़ा के अलावा हरियाणा के मेवात-नूह रीजन से सर्वाधिक ठगी :** राज्य में साइबर अपराध के मामले मे जामताड़ा रीजन व मेवात- नूह रीजन की धरती का इस्तेमाल हो रहा है। साइबर अपराध के दर्ज मामलों की अनुसंधान व समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि झारखंड में साइबर ठगी के अधिकांश मामले जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह के इलाके के साथ साथ हरियाणा के मेवात व नूह रीजन से ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### सीआरपीसी 102 के तहत फ्रिज करने का आदेश

**राज्य** में साइबर थानों व जिलों में साइबर अपराध के दर्ज मामलों में बैंक खातों को फ्रिज करने का भी निर्देश सीआईडी डीजी ने दिया है। यानि ठगी का पैसा जिन खातों में गया है, उन खातों की पड़ताल कर संबंधित बैंक से खातों को फ्रिज कराना होगा। ऐसे में खातों का इस्तेमाल ठगी के लिए नहीं हो पाएगा, साथ ही ठगी के पैसे बैंक खाते में ही रह जाएंगे। 1930 नंबर पर शिकायत के बाद भी बैंक खातों में पैसे फ्रिज करने की कार्रवाई की जाती है। लेकिन केस अनुसंधान में आए तथ्यों के आधार पर सीआरपीसी 102 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए खाते में जमा पैसा फ्रिज करने का निर्देश दिया गया है। वहीं 2022 के पूर्व के सारे आईटी एक्ट के केस में जिलों के एसपी को प्रगति प्रतिवेदन निकालने का आदेश भी सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने दिया है।

### लातेहार में ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोस गांव के पास मंगलवार की देर रात मालगाड़ी से टक्कर के बाद दो युवकों की मौत हो गई। मृत युवकों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के तुबेद गांव निवासी बिजेंदर उरांव (20) तथा बानुदाग गांव निवासी प्रेमचंद टाना भगत (22) के रूप में हुई है। इन युवकों के साथ बाइक पर सवार एक अन्य व्यक्ति संतोष उरांव बाल-बाल बच गया। बताया गया है कि बिजेंदर उरांव चंदवा थाना क्षेत्र के सोस गांव में चचेरी बहन के घर करमा का त्योहार मनाने गया था। उसके साथ उसका दोस्त प्रेमचंद भी गया था। घर आने के दौरान रेलवे क्रॉसिंग पार करते वक्त वे लोग मालगाड़ी से टकराकर पुल के नीचे गिर गए। दुर्घटना में बाल-बाल बचे संतोष उरांव ने ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृत युवकों के परिजन मुखिया अमरेश उरांव के साथ रात में ही घटना स्थल पर पहुंचे।

## लातेहार : तीन सड़क लुटेरे हथियार के साथ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले के बरियातू थाना क्षेत्र के गोनिया पुल के पास सड़क लूट की घटना को अंजाम देने आए तीन सड़क लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लुटेरों के पास से पुलिस ने एक बंदूक और पांच गोलियां भी जब्त की है। गिरफ्तार अपराधियों में रांची निवासी रवि कुमार नायक , लोहरदगा निवासी गोविंद राम तथा लोहरदगा निवासी राज वर्मा शामिल है। लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बुधवार को प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि बरियातू थाना क्षेत्र के गोनिया पुल के पास एनएच-99 पर कुछ अपराधी लूट की कांड को अंजाम देने के लिए एक कार से गए हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में पुलिस की टीम बनाई गई और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई। पुलिस ने इस दौरान रास्ते से गुजर रहे वाहनों की भी जांच आरंभ की। इसी दौरान एक कार पर सवार कुछ लोग पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने इनका पीछा किया और तीन अपराधियों को हिरासत में ले लिया। जबकि दो अपराधी फरार हो गए।

## केंद्र की योजनाओं से आम लोगों को जोड़ने की होगी कवायद तेज

# 1500 रथों से शुरू होगी संवाद यात्रा

### रथ के गांव में पहुंचने से एक दिन पहले होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

### इसके लिए संस्कृति मंत्रालय 7,500 कलाकारों की मंडलियों को ट्रेनिंग देगा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार अपनी उपब्धियों को बताने के लिए देश के 2.5 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतों में ड्रोन व जीपीएस से सुसज्जित 1500 रथों वाली ग्रामीण संवाद यात्रा निकालेगी। यह यात्रा अक्टूबर-नवंबर में शुरू होकर दो माह तक



चल सकती है। प्रधानमंत्री कार्यालय इस यात्रा प्रमुख योजनाकार है और इसमें पीएम-किसान, पीएम-मुद्रा योजना, पीएम-जन धन योजना, पीएम-आवास योजना ,पीएम-विश्वकर्मा व अन्य योजनाओं के प्रभारी मंत्रालय शामिल हैं। प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे की अगुवाई में 23 सितंबर को प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। प्रत्येक रथ प्रतिदिन तीन से पांच ग्राम पंचायतों में जाएंगे। इनके साथ योजनाओं को लागू करने वाले सरकारी विभागों के चार-पांच अफसर रहेंगे। ये अधिकारी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने की सुविधा प्रदान करेंगे और मौके पर ही शिकायत का समाधान भी करेंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के पहले से रिकॉर्ड किए गए संदेश के साथ शुरू होने और वीवीआईपी व अन्य प्रतिभागियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के साथ समाप्त होने की संभावना है। रथ के साथ चुने गए प्रतिनिधि, योजनाओं के लाभार्थी, सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्य और किसान उत्पादक संगठनों के सदस्यों के भी आने की संभावना है।भीड़ जुटाने के लिए रथ के गांव में पहुंचने से एक दिन पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है। धरती कहे पुकार के नामक कार्यक्रम का विषय केमिकल फर्टिलाइजर का विवेकपूर्ण उपयोग और जैविक खाद को बढ़ावा देना होगा। कल्चरल प्रोग्राम के लिए लगभग 7,500 कलाकारों की मंडलियों को ट्रेनिंग देने के लिए संस्कृति मंत्रालय को शामिल किया जा सकता है। पीएम मोदी ने 2021 में स्वतंत्रता दिवस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एलएन मिश्रा कॉलोनी में हुई गोलीबारी

# एक युवक के आंख में लगी गोली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के पंडरा. ओपी क्षेत्र स्थित एलएन मिश्रा कॉलोनी में मनीष नाम के युवक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया है। गोलीबारी में घायल मनीष को इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है, हमलवारों की तलाश में पुलिस लगी हुई है।

### क्या है पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक रांची के अपर बाजार स्थित प्रतिष्ठान में काम करता है ,वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी



अज्ञात अपराधियों ने उसे पर फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में मनीष के एक आंख में गोली लग गई। फायरिंग करने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए।

गोलीबारी की वारदात को लेकर रांची पुलिस खुद ही पेसोपेश में है। पहले तो पुलिस को पूरे मामले की जानकारी ही नहीं थी की कही गोली भी चली है। बाद में रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने खबर की पुष्टि की और बताया कि पंडरा इलाके में रहने वाले एक युवक को गोली मारी गई है।

### परिवार वालों को भी जानकारी नहीं

मनीष के घायल होने की सूचना पर उसके मामा और बहन भागे भागे अस्पताल पहुंचे लेकिन दोनों को भी गोलीबारी के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। मनीष के परिजनों ने बताया कि वह रांची के एक दुकान में काम किया करता था जबकि उसकी मां दिल्ली में रहती है।

### स्थिति गम्भीर

वहीं गोली लगने से घायल मनीष की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। गोली उसके आंख को भेदते हुए माथे में फंसी हुई है। मनीष की स्थिति बेहद गम्भीर है।

## गागर में सागर

### दिल्ली में राष्ट्रपति से मिला अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का प्रतिनिधिमण्डल



**रांची।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का 8 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया के साथ दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लोहिया ने अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के विषय में उन्हें जानकारी दी, इसके साथ ही आगामी 25 दिसंबर को आयोजित सम्मेलन के 89वें स्थापना दिवस समारोह के लिए उन्हें सादर निमंत्रण दिया। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची के गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने महामहिम को बताया कि सम्मेलन का ध्येय वाक्य है - 'म्हारो लक्ष्य राष्ट्री प्रगति'। सम्मेलन ने समाज सुधार,समाज सेवा एवं मानवता के सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं एवं पूरे देश में समरसता के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मारवाड़ी समाज के गौरवपूर्ण अवदान के विषय में कहा कि देश की प्रगति में समाज के अवदान के विषय में हम सब जानते है। महामहिम ने स्वयं स्मरण करवाया कि नवंबर 2020 में रांची में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में बतौर राज्यपाल मैं सम्मेलन के कार्यक्रम में पधारी थीं। मुर्मू ने सम्मेलन के गतिविधियों की जानकारी लेने में रुचि दिखाई।

### विधायक ने आयुष्मान अस्पताल का किया उद्घाटन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार के दिन स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने बुंडू चौक के समीप आयुष्मान अस्पताल का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा की अस्पताल के खुल जाने से गरीब तथा सुदूर क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी अब उन्हें इलाज हेतु सिल्ली क्षेत्र से बाहर कम ही जाना पड़ेगा।बेहतर स्वास्थ्य को लेकर सिल्ली काफी आगे बढ़ रहा है। बेहतर इलाज हेतु पूरे सिल्ली विधानसभा में बहुत सारी योजनाएं निकट भविष्य में देखने को मिलेगी। अस्पताल के एग्जीक्यूटिव निदेशक टिकेश्वर प्रसाद कुशवाहा एवं मैनेजिंग निदेशक दिलजान अंसारी ने बताया कि यह अस्पताल सारी सुख सुविधाओं से लैस है। यह अस्पताल तीन मंजिला है तथा यहां वर्तमान में 16 बेड की सुगम व्यवस्था की गई है। अस्पताल में फिलहाल 11 डॉक्टर की टीम चिकित्सा हेतु 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। उद्घाटन के शुभ अवसर पर बहुत सारी जांच गरीब व्यक्तियों के लिए लगभग एक सप्ताह तक निशुल्क किया जाएगा। सिल्ली आयुष्मान अस्पताल हमारी दूसरी शाखा है इसकी पहली शाखा रामगढ़ में थाना चौक पर स्थित है। मौके पर डॉक्टर ए के मुखर्जी, नजमी परवीन, बीवीता कुमारी, मासूम आलम, अम्बावती कुमारी, सुलेखा कुमारी, अंबिका कुमारी, ललिता कुमारी समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जंगली हाथी से प्रभावित क्षेत्रों का विधायक प्रतिनिधि व जिला परिषद उपाध्यक्ष ने किया दौरा

**सिल्ली।** विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह व जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने विगत मंगलवार को सिल्ली प्रखंड के जंगली हाथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हाथी द्वारा नष्ट किए गए फसल और मकानों को जायजा लिया। इस दौरान केदुवाडीह, खेदाडीह समेत अन्य गांव में जाकर किसानों से मिले एवं क्षतिग्रस्त मकानों और उनके खेतों तक जाकर नष्ट की गई फसल का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों के बीच पटाखे का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड पिछ्ले 10-12 दिनों से क्षेत्र के विभिन्न गांव में घूम रहे हैं। हाथियों का झुंड जिस भी खेत से गुजरता है, उसे पूरी तरह नष्ट कर दे रहा है। इससे किसानों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हुई है। हाथियों के डर से गांव में लोग रात-रात भर हाथों में मशाल लिए पहरा कर रहे हैं। विधायक प्रनिधि जयपाल सिंह ने खेतों की स्थिति देखते हुए मौके पर उपस्थित वनरक्षी जयप्रकाश को निर्देश दिया कि ग्रामीण व किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई कर जल्द से जल्द इन्हें मुआवजा दिलाए। जिला परिषद उपाध्यक्ष वीना चौधरी ने डीएफओ से फोन पर बात कर यहां की स्थिति से अवगत कराते हुए हाथियों को क्षेत्र से भगाने के लिए उपयुक्त व्यवस्था करें।

### ईद मिलाद उन नबी को लेकर अलर्ट पर पुलिस

# संवेदनशील जिलों में विशेष चौकसी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में ईद मिलाद उन नबी के जुलूस को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ,राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं ।राजधानी रांची सहित विभिन्न जिलों में ईद मिलाद उन नबी की पूर्व संध्या पर पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया। सभी जिलों के पुलिस लाइन में बुधवार को उपद्रवी तत्वों से निपटने के लिए रिहर्सल भी किया गया।

**सुरक्षा की व्यापक तैयारी :** रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि सभी संवेदनशील जगहों पर रैपिड एक्शन फोर्स को तैनात किया गया है इसके अलावा झारखंड पुलिस के रैप ,जैप के साथ साथ आईआरबी के जवान भी राजधानी सहित दूसरे जिलों में तैनात किए गए हैं। रांची रेंज के सभी जिले जिनमें पूर्व में सांप्रदायिक तनाव के मामले सामने आए थे वहां विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है खासकर लोहरदगा में पुलिस को विशेष रूप से अलर्ट रहने को कहा गया है। वैसे तत्व जो कभी ना कभी सांप्रदायिक मामलों में आरोपी रहे हैं या फिर जिनसे समाज में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने का खतरा रहा हो सबके खिलाफ 107 की तहत कार्रवाई की गई है।

**2000 से ज्यादा फोर्स तैनात :** राजधानी में ईद मिलाद उन नबी का जुलुस विभिन्न रूटों से निकलेगा इसके लिए ट्रैफिक में भी व्यापक बदलाव किए गए हैं वहीं सुरक्षा को लेकर दो हजार जवान तैनात किए गए हैं।

**पुलिस के साथ रैफ और जिला पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च :** वहीं, ईद मिलाद उन नबी को लेकर बुधवार की शाम रांची पुलिस के द्वारा फ़्लैग मार्च किया गया। शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर डीसी और सिटी एसपी की अगुवाई में रैफ और जिला पुलिस के जवानों ने एक साथ फ्लैग मार्च किया।

**कंट्रोल रूम से निगरानी :** इस बार पूरे शहर पर नजर रखने के लिए 70 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिनकी निगरानी करने के लिए 50 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है।बुधवार को रांची डीसी ,एसएसपी, ट्रैफिक एसपी ,सिटी एसपी, रांची एसडीओ सहित कई अधिकारियों ने कंपोजिट कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम का जायजा भी लिया।इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी की निगरानी कर रहे जवानों को अलर्ट रहने का आदेश भी दिया।पुलिस की तरफ से यह आदेश जारी किया गया है कि अगर शांति और सौहार्द बिगाड़ने का कोई भी प्रयास करता है तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाए ।सभी थानेदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहने का आदेश जारी किया गया है।

### एकदिवसीय इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उदघाटन



**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 1 दिवसीय इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन भारतीय रिजर्व बैंक पटना के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम मे 70 रुडसेट संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों और कस्तूरबा गांधी स्कूल के छात्राओं ने भी भाग लिया । भारतीय रिजर्व बैंक पटना के उपमहाप्रबंधक मोनाजिर आरफीन, प्रबंधक कनक अग्रवाल, शोम्या शेखर और एल डी एम श्रीकांत कुमार उपस्थित रहे। उपमहाप्रबंधक ने डिजिटल बैंकिंग के बारे में बहुत सारी जानकारी एब फ्रॉड से बचने के लिए भी विस्तार से जानकारी दिए। रूडसेट संस्थान के पूर्व प्रशिक्षणार्थी और प्रशिक्षण ले रहे मोबाइल रिपेयरिंग बैच के प्रशिक्षणार्थियों के साथ क्विज प्रतियोगिता किया गया। इस प्रतियोगिता में विजेयता प्रशिक्षणार्थी को उपहार भी दिया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धा दिवस सह गांधी जयंती का आयोजन 2 अक्टूबर को



सिल्ली। सिल्ली रेलवे ओवरब्रिज के समीप सुंदर कुंज लॉज में राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ के तत्वावधान में आगामी 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धा दिवस व गांधी जयंती का आयोजन किया गया है। संघ के रतन लाल महतो ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर वृद्धजनों के कल्याण के लिए किए गए कार्य एवं उनके आगे की योजनाएं पर विचार एवं राष्ट्रपिता बापू को श्रद्धांजलि दिया जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक– 965 दिनांक– 21.09.2023 द्वारा प्रकाशित की गई ई0–निविदा सूचना संख्या– WRD/MID/KODERMA/F2-14/2023-24 जिसका पी.आर.न0–307507 Minor Irrigation (23:24):D के कमांक संख्या–06 Date of Opening of e-Tender दिनांक– 14.10.2023 के स्थान पर 16.10.2023 एवं कमांक–10 Last Date of Receipt of Bids Fee, Security and other Documents दिनांक–16.10.2023 के स्थान पर 13.10.2023 पढ़ा जाय।

शेष सभी शर्त्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा

PR 307839 Minor Irrigation(23-24).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक– 965 दिनांक– 21.09.2023 द्वारा प्रकाशित की गई ई0–निविदा सूचना संख्या– WRD/MID/KODERMA/F2-16/2023-24 जिसका पी.आर.न0–307516 Minor Irrigation (23:24):D के कमांक संख्या–06 Date of Opening of e-Tender दिनांक– 14.10.2023 के स्थान पर 16.10.2023 एवं कमांक–10 Last Date of Receipt of Bids Fee, Security and other Documents दिनांक–16.10.2023 के स्थान पर 13.10.2023 पढ़ा जाय।

शेष सभी शर्त्ते यथावत् रहेगी।

PR 307858 Minor Irrigation (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा


## अल्पसंख्यक कांग्रेस के रांची महानगर अध्यक्ष बने हुसैन खान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को सुबह एक सूची जारी कर जिसमें अल्पसंख्यक सहित अठारह जिला की घोषणा हुई है जिसमें रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष हुसैन खान को बनाया गया। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी गयी। इसे लेकर राजेश ठाकुर ने बधाई दी। वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उन्हें माला और मिठाई खिला कर बधाई दे हुए कहा कि हुसैन खान के बनने से महानगर सहित राज्य कांग्रेस मजबूत होगा। इस मौके पर हुसैन ने कहा कि अल्पसंख्यक के हर मुद्दे पर काम करूंगा। साथ ही साथ जो काम अल्पसंख्यकों का नहीं हो पाया उस पर जल्द काम किया जाएगा। कांग्रेस कार्यालय में जमकर पटाखे फोड़े गए, साथ ही साथ एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई दी। वहीं रांची महानगर अध्यक्ष बनने पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। मौके पर कांग्रेस केन्द्रीय अल्पसंख्यक के महासचिव अख्तर अली, शेंकी खान, रॉय, वसीम, अरबाज, मूसेफ, अफरोज, शाहीद, ताहिर, आदित्य, तसलिम,जूनैद, जैद, अमीत, संतोष, प्रकाश, मोख्तार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।**
**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 08/2023-24**

1 विज्ञापन दाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय – 12-10-2023 को अप0 12.00 बजेतक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 13-10-2023 के अप0 2.30 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 13-10-2023 के अप0 3.00 बजे से।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7 कार्य विवरणी :–

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 50 Beded Girl's Hostel at Kinkel in Kersai. | 23,62,129.00 | 47,300.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |
| 2 | Renovation of ST Residency Boy Hostel HatinghoreBano. | 22,39,117.00 | 44,800.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |

निविदा की शर्ते–WWW.jharkhand.gov.inएवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 307842 Building(23-24)D



**न्यायालय, समाहर्त्ता-सह- वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग**
**पश्चिमी वन प्रमंडल**

**न्यायालय सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सूचिबद्ध वन वादों में अतिक्रमणकारियों / अभियुक्तों द्वारा बरियोन अधिसूचित वन में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध न्यायालय समाहर्त्ता–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में बी0पी0एल0ई0 वाद प्रारंभ कर सुनवाई की जा रही है। इस वाद में सुनवाई हेतु अन्तिम तिथि 13.10.2023 को निर्धारित की गयी है।

अतः वादों से संबंधित अतिक्रमणकारियों / अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि आप स्वंय या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13.10.2023 सुबह 11:30 बजे न्यायालय समाहर्त्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दी जायगी।

वाद की विवरणी

| क्र0 सं0 | जी0एफ0 वाद सं0 | बी0पी0 एल0ई0 वाद सं0 | मौजा | प्लौट सं0 | रकवा (एकड में) | अभियुक्तों का नाम पता | सुनवाई हेतु निर्धारित अन्तिम तथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 394/2017 | 53/2017 | बरियोन | 300 | 0.20 | 1.शक्ति सिंह पिता सत्यनारायण सिंह<br>2.बिनोद सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह<br>3.मनोज सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह<br>तीनों ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 2 | 401/2017 | 54/2017 | बरियोन | 300 | 0.40 | 1.कलीम अंसारी पिता स्व0 जुमराती मियां<br>2.क्युम अंसारी पिता स्व0 जुमराती मियां<br>3.इदु मियां पिता स्व0 जुमराती मियां<br>4.मो0 अल्लाउद्धीन पिता स्व0 जुमराती मियां<br>5.मो0 शाहबुद्धीन पिता स्व0 जुमराती मियां<br>6.मोईउद्धीन अंसारीं पिता वरसली मियां<br>7.सफरूद्धीन अंसारी पिता स्व0 रीझु मियां<br>सभी ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 3 | 395/2017 | 55/2017 | बरियोन | 300 | 0.35 | 1.इस्लाम रिजवी पिता तीतू मियां<br>2.मोकिद मियां पिता स्व0 मुरत मियां<br>3.कुरबान मियां पिता स्व0 जुमन मियां<br>4.रमजान मियां पिता विपत मियां<br>5.सागिर मियां पिता जुमन मियां<br>6.कबीर अंसारी पिता स्व0 जुमन मियां<br>7.खलील मियां पिता जुमन मियां<br>सभी ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 4 | 396/2017 | 56/2017 | बरियोन | 300 | 0.40 | 1.तस्लीम रजा पिता स्व0 जुमराती मियां<br>2.शहजाद अंसारी पिता स्व0 झगरू मियां<br>3.सेराज अंसारी पिता स्व0 झगरू मियां<br>4.युनुस अंसारी पिता स्व0 मो0 जान मियां<br>5.मो0 जमीर पिता वरसली मियां<br>6.उसमान अंसारी पिता स्व0 देवी मियां<br>7.सहबाज अंसारी पिता स्व0 रीझो मियां<br>सभी ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 5 | 399/2017 | 57/2017 | बरियोन | 300 | 0.35 | 1.कमरूद्धीन मियां पिता स्व0 रमजान मियां<br>2.मुख्तार अंसारी पिता स्व0 जलील मियां<br>3.हुसैन मियां पिता स्व0 जुमन मियां<br>4.शफीक मियां पिता स्व0 जुमन मियां<br>5.आसीम मियां पिता स्व0 मुस्लिम मियां<br>6.मोउद्धीन अंसारी पिता वरसली मियां<br>7.अजीमउद्धीन अंसारी पिता स्व0 मुसलीम मियां<br>सभी ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 6 | 940/2021 | 02/2022 | बरियोन | 300 | 11.78 | मनोज सिंह पिता स्व0 महाराज सिंह ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 7 | 2305/2022 | 03/2022 | बरियोन | 300 | 2525 Sq. ft. | 1.समीम अंसारी पिता स्व0 सलामत मियां<br>2.कलीम अंसारी पिता स्व0 सलामत मिया<br>ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 8 | 2239/2021 | 08/2022 | बरियोन | 300 | 11200 Sq. ft. | 1.गोस्टु कुमार सिंह पिता स्व0 कुटहल सिंह<br>2.सिकन्दर सिंह पिता स्व0 बाबुलाल सिंह<br>3.मनोज सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह<br>4.बिक्रम सिंह पिता भोला सिंह<br>5.जयहिन्दर सिंह पिता स्व0 ढालो सिंह<br>सभी ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 9 | 606/2023 | 02/2023 | बरियोन | 300 | 0.40 | 1.तस्लीम रजा पिता स्व0 जुमराती मियां<br>2.शहजाद अंसारी पिता स्व0 झगरू मियां<br>3.सेराज अंसारी पिता स्व0 झगरू मियां<br>4.युनुस अंसारी पिता स्व0 मो0 जान मियां<br>5.मो0 जमीर पिता वरसली मियां<br>6.उस्मान अंसारी पिता स्व0 देवी मियां<br>सभी ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 10 | 2982/2022 | 03/2023 | बरियोन | 300 | 0.40 | 1.शशि कुमार सिंह पिता स्व0 सत्यनारायण सिंह<br>2. बिनोद सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह<br>3.मनोज सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह<br>सभी ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 11 | 3088/2022 | 04/2023 | बरियोन | 300 | 0.14 | अजय कुमार सिंह पिता स्व0 जगदीश सिंह, ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 12 | 437/2023 | 05/2023 | बरियोन | 300 | 0.42 | 1.इस्लाम रिजवी पिता तीतू मियां<br>2.मोफिद मियां पिता स्व0 मुरत मियां<br>3.कुरबान मियां पिता स्व0 जुमन मियां<br>4. कबीर अंसारी पिता स्व0 जुमन मियां<br>5. जलील अंसारी पिता स्व0 रमजान मियां<br>6.सागिर मियां पिता जुमन मियां<br>7.कमरूद्धीन अंसारी पिता स्व0 रमजान मियां<br>8.खलील मियां पिता जुमन मियां<br>सभी ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |
| 13 | 781/2023 | 06/2023 | बरियोन | 300 | 0.52 | 1.कलीम अंसारी पिता स्व0 जुमराती मियां<br>2.सलीम अंसारी पिता स्व0 जुमराती मियां<br>3.शमीम अंसारी पिता स्व0 जुमराती मियां<br>4 इद्दु मियां पिता स्व0 मो0 जान मियां<br>5. अल्लाउद्धीन पिता स्व0 मो0 जान मियां<br>6.मोईउद्धीन अंसारीं पिता वरसली मियां<br>7.सफरूद्धीन अंसारी पिता स्व0 रीझु मियां<br>8.अजमल अंसारी पिता जाकिर मियां<br>9.इजहार अंसारी पिता जाकिर मियां<br>10.जाकिर मियां पिता स्व0 तस्मली मियां<br>सभी ग्राम बरियोन पो0+थाना चलकुशा, जिला हजारीबाग | 13.10.2023 |

न्यायालय, समाहर्त्ता, –सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 307816 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D


## जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है : सन्नी

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के करंज टोली स्थित डूमर टोली गांव के तेला टिकरा में बुधवार को 18 वां इंद जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में पुरियो, चुटूटोली समेत 10 खोड़ा दल के टीम ने डूमर टोली स्थित जतरा स्थल पर पारंपरिक रूप से ढोल ढाक और नाच गान करते हुए जतरा स्थित झंडा के समीप पहुंचकर खोड़हा दल के लोगों ने पारंपरिक रीति रिवाज के तहत पूजा अर्चना किया। वही जतरा में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, इसे संजोकर रखने की जरूरत है। जतरा के माध्यम से समाज में सामुदायिकता बढ़ती है तथा आपसी भाईचारगी मजबूत होती है। जतरा में सभी वर्गों की भागीदारी होती है। उन्होंने कहा कि हमें नशापान से दूर रहना है तथा शिक्षा पर विशेष ध्यान देना है। तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा यह एक माध्यम है जिससे लोगों के मेल मिलाप का अवसर मिलता है। आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है। इसमें तीन पीढ़ी एक साथ सामूहिक नृत्य करती है। हम सभी को अपनी रीति-रिवाज परंपरा को बचाने को ले जतरा को और बेहतर ढंग से आयोजित करने की जरूरत है। वही इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत पूजा अर्चना के बाद आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां खोड़हा दल की टीम समेत पहान, पूजार व कोटवार को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर परमेश्वर भगत, जगरनाथ भगत,विशाल उरांव,महादेव कुजूर सहित कई लोग मौजूद थे। इंद जतरा को सफल बनाने में इंद जतरा आयोजन समिति के अध्यक्ष जयंत केरकेट्टा, सचिव अमित उरांव, कोषाध्यक्ष पुनई उरांव, विकास तिर्की, उप सचिव प्रवीण भगत, सुका तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष जयमंगल भगत, संरक्षक चुमानी उरांव,हीरा उरांव,काजल तिर्की, बुधदेव भगत, संजय उरांव, विकास तिर्की, विष्णु तिर्की, अमित बाड़ा, जलेश्वर भगत, तेतर टोली, महतो टोली व डुमर टोली के ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**National Rural Employement Program, Ranchi.**

**Very Short**
**e-Procurement Notice**

e-Tender Refrence No. – National Rural Employement Program, Ranchi./RANCHI-20/2023-24
Date :-


| Sl. No. | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakh) | Earnest Mone (Lakh) | BOQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेड़ो प्रखण्ड के टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल के मुख्य द्वार एवं परिसर का सौन्द्रयीकरण कार्य। | 1,16,24,000/- | 2,33,000/- | 10,000/- | 5Months | कार्य के अनुरूप |
| 2. | बेड़ो प्रखण्ड के टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल के कैंपस में कॉन्फ्रेंस हॉल एवं गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य। | 1,76,53,900/- | 3,53,500/- | 10,000/- | 9Months | कार्य के अनुरूप |
| 3. | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtendrs.gov.in | | | | |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | Start Date 29.09.2023 to 11.00 AM<br>End Date 06/10/2023 up to : 2.00 PM | | | | |
| 5. | Bids online Submission | Start Date 29.09.2023 Time : 11.00 AM<br>End Date 06/10/2023 Time : 2.00 PM | | | | |
| 6. | Hard Copy Submission Date | Date 06/10/2023 Time : 3.00 PM | | | | |
| 7. | Technical Bid Oppening Date | Date 07/10/2023 Time : 11.00 AM | | | | |
| | Officer Inviting Bids | Executive Engineer<br>National Rural Employment Program, Ranchi.<br>Address : National Rural Employement Program, Vikash Bhawan, Ranchi. | | | | |

Executive Engineer
National Rural Employement, Program, Ranchi.

PR 307899 NREP(23-24)#D

## गागर में सागर

### श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर में दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन आज



**रांची।** शहर के सुखदेव नगर थानांतर्गत जयप्रकाश नगर (खादगढ़ा) स्थित श्री गणेश लक्ष्मी मंदिर में वार्षिकोत्सव 10 दिवसीय गणेश उत्सव का समापन गुरुवार को होगा। इस संबंध में श्री गणेश लक्ष्मी मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष व शहर की जानी-मानी समाजसेविका रानी कुमारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है जिसका समापन गुरुवार को किया जाएगा इस अवसर पर महा आरती के बाद महाप्रसाद के रूप में भंडारा का आयोजन किया जाएगा तब पश्चात रात्रि में माता का जागरण कार्यक्रम होगा। जिसमें कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुति की जाएगी।

### केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिला आदिवासी प्रेशर ग्रुप महासंगठन, सौंपा मांग पत्र



रांची। राष्ट्रीय आदिवासी प्रेशर ग्रुप महासंगठन ने केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य अर्जुन मुंडा से बुधवार को नई दिल्ली में भेंट की। इस दौरान उन्हें 10 बिंदुओं से जुड़ा एक मांग पत्र भी सौंपा। इसके जरिये उनसे अपील किया गया है कि आगामी 100 वर्षों तक किसी भी गैर-आदिवासी वर्ग को अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं दिया जाए। मांग पत्र में कहा गया है कि आगामी 100 वर्षों के लिए संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अधिसूचित 730 अनुसूचित जनजातियों की लिस्ट फ्रीज कर दी जानी चाहिये। लोकुर समिति (1965) ने अनुसूचित जनजाति की पहचान के लिए पांच मापदंड बताए थे लेकिन इन आधारों को खारिज कर संविधान के खिलाफ जाकर गैर-आदिवासी संपन्न जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में मंत्रालय इस मसले पर अपने स्तर से नियमानुसार प्रभावी कदम उठाए। संबंधित विभागों व सभी प्रदेश के सरकारों को निर्देशित करें। मांग पत्र के जरिये महासंगठन ने केंद्रीय मंत्री से अपील करते कहा कि संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अधिसूचित 730 अनुसूचित जनजातियों को सभी राज्यों में एक समान ह्लअनुसूचित जनजातिह्व के रूप मान्यता दी जाए। असम के चाय बागानों में कार्यरत झारखंडी मूल के आदिवासियों (उरांव, मुंडा, हो, खड़िया, संथाल) को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिले। शिड्यूल डिस्ट्रीक्ट एक्ट 1874 (भारतीय संविधान की पांचवीं और छठी अनुसूची, अनुच्छेद 244(1)(2)) के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में जल जंगल जमीन के अधिकार जैसे- ठेका-पट्टा, बाजार-हाट, नौकरी-चाकरी, लघु खनिज (मुरम, बालू, पत्थर), वृहद खनिज (कोयला, लोहा, सोना, बाक्साईट इत्यादि) का मालिकाना हक आदिवासी को-आपरेटिव सोसाइटी को देने का प्रावधान हो।

### बन्ना गुप्ता ने सड़क दुर्घटना में घायल को भिजवाया अस्पताल

रांची। बेड़ो थाना चौक के पास बुधवार को ट्रक की लापरवाही से एक अज्ञात बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। इस बीच लोहरदगा जा रहे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की नजर घायल व्यक्ति पर पड़ी। उन्होंने काफिले को रोककर घायल को बेड़ो अस्पताल भिजवाया। मंत्री ने रांची एसपी को फोन कर संबंधित थाना प्रभारी को घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। साथ ही सिविल सर्जन रांची को निर्देश दिया कि घायल के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### पर्यावरण को स्वच्छ रखने में टीम ग्रीन ने निभाई अहम जिम्मेदारी

# दो साल में लगा दिए 20 हजार से अधिक पौधे




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में वातावरण को लेकर समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसी को देखते हुए निपुण जैन और उनके दोस्तों के द्वारा पौधारोपण की शुरूआत की गई। निपुण ने टीम ग्रीन संस्था का गठन किया और इसके माध्यम से करीब 300 लोगों की टोली ने पिछले 4 वर्षों में राजधानी में लगभग 20 हजार पेड़ लगाए हैं। पौधारोपण को लेकर निपुण जैन ने क्या कहा: पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए राजधानी के कुछ युवाओं की टोली के द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। ताकि रांची का स्वच्छ वातावरण फिर से वापस आ सके। राजधानी के रहने वाले निपुण जैन बताते हैं कि आज से चार वर्ष पहले वर्ष 2019 में उनके दो मित्रों ने यह सुझाव दिया कि क्यों ना वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण किया जाए और उसी दिन उन्होंने यह संकल्प भी लिया कि राजधानी के खाली जगहों पर पेड़ लगाया जाए। उनकी इस पहल को देखते हुए कई निजी कंपनियों और सामाजिक संगठन भी उनके समर्थन के लिए आगे आ रहे हैं। राजधानी में करीब 20 हजार पेड़ लगा चुके: इसी संकल्प को लेकर वह अपने मित्र राहुल और भूमिका के साथ आगे बढ़े। निपुण जैन ने बताया कि पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य रांची के पर्यावरण को परिष्कार करना है। जिससे राजधानी का वातावरण स्वच्छ और बेहतर बन सके। निपुण ने बताया कि शुरूआत के दिनों में थोड़ी बहुत परेशानी जरूर आई। कहा कि वक्त के साथ धीरे-धीरे उनका कुनबा बढ़ता गया और आज करीब 300 लोग उनके साथ मिलकर पूरे राजधानी में करीब 20 हजार पेड़ लगा चुके हैं। ग्रीन संस्था ने लगाए हजारों पेड़: निपुण जैन बताते हैं कि शुरूआत के दिनों में परेशानी जरूर आए लेकिन जब उन्होंने अपने इस सुझाव को शहर के बुद्धिजीवी वर्गों के समक्ष रखा तो कई लोग उनके साथ इस पहल में साथ देने के लिए आगे आए। उनकी पहल के प्रति लोगों के बढ़ते झुकाव को देखते हुए उन्होंने टीम ग्रीन नाम के संस्था का गठन किया और उसे संस्था के द्वारा पूरे राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में हजारों पेड़ लगाए गए।क्या कहते है विधायक सीपी सिंह: पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक सीपी सिंह बताते हैं कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की है। ऐसे में निपुण जैन और युवाओं की टोली के द्वारा की जा रही इस पहल से प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत योजना को बढ़ावा मिलेगा। सीपी सिंह ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाना जरूरी है। तभी एक स्वच्छ भारत का निर्माण हो सकेगा और सभी क्षेत्रों में सफलता आसमान छू पाएगी। राजधानी के युवाओं की पहल को देखकर सामाजिक कार्यकर्ता आशुतोष कुमार बताते हैं कि आज की तारीख में प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। राजधानी के विभिन्न इलाकों में लोग बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। राजधानी में खराब स्थिति को देखते हुए निपुण जैन और उनके साथ कार्य कर रहे युवाओं की टोली वातावरण को स्वच्छ और बेहतर बना रही है।

## एसएसपी के निर्देश पर चलाया गया जाम हटाओ अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के निर्देश पर ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए बुधवार को अल्बर्ट एक्का से सुजाता चौक तक मुख्य सड़क पर अभियान चला, जिसमें पंजाब स्वीट्स का सामान और लाइव काउंटर अंदर कराया गया और कड़ी चेतावनी दी गई। दूसरी ओर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रभारी ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने एक बार फिर नया प्लान तैयार किया है। अब सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े किए जाने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। इसके लिए उन्होंने एक टीम बनाई है। उन्होंने बताया कि टीम में एक पदाधिकारी सहित पांच पुलिसकर्मी रहेंगे। टीम साउंड सिस्टम से लैस वाहन में सवार होकर शहर की प्रमुख सड़कों पर भ्रमण करते हुए अनाउंसमेंट करेगी। अनाउंसमेंट के जरिये लोगों से आग्रह किया जाएगा कि कोई नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी ना करे। जिनकी भी गाड़ी सड़क किनारे ह्वाइट लाइन से अंदर खड़ी मिलेगी, उनका चालान काटा जाएगा। ऐसे में कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन नहीं लगाएंगे।

### कांके में मेरी माटी , मेरा देश फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# विभिन्न बिमारियों से बचने के लिए लोगों के लिए स्वच्छता जरूरी : डॉक्टर रमन

**नवीन मेल संवाददाता। कांके**

केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा विगत मंगलवार को राजकीय प्लस टू हाई स्कूल, कांके में मेरी माटी , मेरा देश / स्वच्छता ही सेवा / प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना पर फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बुधवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, रांची द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का समापन हुआ। राजकीय प्लस टू हाई स्कूल , कांके व कस्तूरबा बालिका उच्च विधालय, कांके के छात्राओं ने क्विज/डांस/देश भक्ति गीत आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिए एवं लोगों में जागरूकता फैलाए। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना व प्रसारण मंत्रालय, रांची ने मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया व कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता गांधी जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। डॉक्टर रमन कुमार झा प्रभारी प्राचार्य राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रांची ने स्वच्छता ही सेवा के तहत बिमारियों से बचने के लिए लोगों को स्वच्छता अपनाने को कहा। मंच पर उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी प्रर्दशनी मे उपस्थित सभी लोगों को सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। गीत व नाटक प्रभाग के भारतीय लोक कल्याण संस्थान, रांची के कलाकारों ने अपने नाटक व गीत के माध्यम से लोगों को केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया। कस्तूरबा बालिका उच्च विधालय, कांके में स्वच्छता शपथ लिया गया। क्विज प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताओ के विजई प्रतिभागियों को मुख्य व अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार पुरस्कृत किया गया व प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर रांची के डॉक्टर रमन कुमार झा, प्रभारी प्राचार्य , राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के कार्यक्रम संचालक श्री शफीक आलम व कार्यालय सहायक श्री श्रीकांत मोदी, स्कूल के प्रधानाध्यपक मोहम्मद कुर्बान अंसारी, झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष, श्री सफदर ईमाम, शिक्षक व शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।



### होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने अपर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने झारखंड पुलिस के आरक्षी की तरह वेतन और अन्य भत्ता होमगार्ड जवानों को देने की मांग की है। इस संबंध में बुधवार को एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्नि शमन सेवा मुख्यालय के महानिदेशक सह महासमादेष्टा को भी दी है। लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में होमगार्ड जवानों को इस महंगाई के दौर में मात्र 500 प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय का भुगतान किया जाता है। जबकि पड़ोसी राज्य बिहार में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा न्यायादेश के आलोक में बिहार राज्य के होमगार्ड जवानों को पुलिस आरक्षी के समतुल्य न्यूनतम वेतन एवं अन्य भत्ते के बराबर सामान्य कार्य का समान वेतन का लाभ दिया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों को पुलिस आरक्षी के समतुल्य न्यूनतम वेतन एवं अन्य भत्ते के बराबर समान कार्य का समान वेतन का लाभ जल्द लागू करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## दुर्गा पूजा की तैयारी में जुटी रांची पुलिस

# ओवरब्रिज के बेकार सामग्री हटाने का निर्देश



**एजेंसी। रांची**

राजधानी में दो महत्वपूर्ण ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी वजह से पूरा शहर अस्त-व्यस्त हो गया है। ओवरब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया में अभी भी 6 महीना से ज्यादा समय लगने की संभावना है। ऐसे में रांची पुलिस के द्वारा निर्माण कर रही कंपनियों को यह निर्देश दिया गया है कि वह ओवरब्रिज के आसपास से तुरंत कंस्ट्रक्शन के बेकार पड़े सामानों को हटा लें।

**दुर्गा पूजा को लेकर निदेर्श:** रांची पुलिस दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर पूरी तरह से अपने काम में जुट गई है। सबसे पहले रांची पुलिस के द्वारा ओवरब्रिज निर्माण कर रही कंपनियों के तमाम नुमाइंदों को बुलाकर यह सख्त निर्देश दिया गया है कि वह ओवरब्रिज निर्माण की वैसी सामग्री जिसका कोई इस्तेमाल नहीं है, उसे तुरंत वहां से हटाएं। पुलिस का कहना है कि इसकी वजह से एक तो जाम की समस्या हो ही रही है दूसरा कई बार लोग उससे टकराकर घायल भी हो रहे हैं।पूजा पंडाल निर्माण कार्य में दिक्कतः दरअसल, रांची के कांटाटोली, सिरमटोली चौक और रातू रोड में एक साथ ओवरब्रिज का निर्माण तेज गति से चल रहा है। इन सभी इलाकों में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण हो रहा हैं ऐसे में बेकार पड़े कंस्ट्रक्शन मटेरियल की वजह से पूजा पंडाल का निर्माण करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**पूजा समिति के लोगों ने किया था आग्रह:** दो दिन पूर्व ही दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों ने रांची पुलिस के वरीय अफसरों से मुलाकात कर दुर्गा पूजा से पहले सभी ओवरब्रिज के बेकार पड़े कंस्ट्रक्शन मटेरियल को साफ करवाने का आग्रह किया था। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि चुकी दुर्गा पूजा बेहद नजदीक है ऐसे में शहर की स्थिति को सुधारना बेहद आवश्यक है। ओवर ब्रिज के बेकार पड़े मटेरियल इस काम में सबसे बड़े बाधक बन रहे हैं, जिन्हें हटाने का निर्देश दे दिया गया है। डीआईजी के अनुसार इसे हटाना भी शुरू कर दिया गया है। 5 अक्टूबर तक हट जाएगा बेकार मटेरियलः डीआईजी रांची के निर्देश पर सभी ट्रैफिक थाना प्रभारी ओवरब्रिज के आस-पास की स्थिति का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट वरीय अफसरों को सौंप चुके हैं। 5 अक्टूबर तक तीनों ओवरब्रिज के नीचे रखे गए तमाम तरह के बेकार कंस्ट्रक्शन मटेरियल हटा लिए जाएंगे, इसका दावा पुलिस कर रही है।



## गागर में सागर

### गिरिडीह : खरखरी में वज्रपात की चपेट में आने से युवती की मौत

**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के खरखरी में मंगलवार की देर शाम वज्रपात की चपेट में आकर एक युवती सुनीता मुर्मू की मौत हो गई. वह खरखरी सहमदवा टोला निवासी मंजहिला मुर्मू की बेटी थी. ग्रामीणों ने बताया कि सुनीता मवेशियों को चराने के लिए झरना नाला के पास गई थीं. इसी दौरान एक मवेशी धान के खेत में घुस गया, जिसे वह निकालने लगी, तभी तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुआ और सुनीता उसकी चपेट में आ गई. घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. सूचना मिलते तिसरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया.

### बोकारो : कुएं में गिरकर महिला की मौत, परिजनों ने बताया विक्षिप्त

**बोकारो।** जिले के सियालजोरी थाना इलाके के भागाबांध गांव निवासी महिला लखी देवी (40) की 27 सितंबर की सुबह कुएं में गिरकर मौत हो गई. घटना के बाद मृतका के पति भूखल महतो ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी मानसिक रूप से विक्षिप्त थी. वह अक्सर घर से निकल जाती थी. सुबह में घर के पास कुएं में बैठी हुई थी, उसके बाद अचानक गायब हो गई. बद में घर के लोगों ने देखा कि वह कुएं में डूबी हुई है. उसके बाद किसी तरह उसे कुएं से निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने घर वालों और ग्रामीणों के आग्रह पर शव का पंचनामा कर परिजनों को सौप दिया. वहीं घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है.

### को-ऑपरेटिव कॉलेज के लाइब्रेरी का कुलपति 30 को करेंगे उद्घाटन

**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय के अंगभूत को-ऑपरेटिव कॉलेज में नैक की तैयारी आरंभ हो गयी है. आगामी 30 सितंबर को नये तरीके से निर्माण लाइब्रेरी का उद्घाटन कुलपति सह आयुक्त मनोज कुमार द्वारा किया जायेगा. जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है. इस बार को-ऑपरेटिव कॉलेज में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जा रहा है. अधिक से अधिक विद्यार्थी इस लाइब्रेरी से जुड़ कर इसका लाभ ले सके इसे लेकर कॉलेज प्रशासन की ओर से तैयारी की गई है. लाइब्रेरी में किसी तरह की पुस्तक की कमी न हो इसको लेकर नए-नए पुस्तकों की खरीदारी भी पूरी हो गयी है. विद्यार्थियों के लिए अलग से बैठ कर पढ़ने की सुविधा भी यहां रहेगी.

### तिलेश्वर साहू सेना के कार्यकर्ताओं ने चलाया सफाई अभियान



**बरही ।** ग्रीन और क्लीन बरही के उद्देश्य से तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू की निर्देशानुसार सेना के कार्यकर्ताओं ने बरही में सफाई अभियान चलाया. इस दौरान बरही चौक, गया रोड और धनबाद रोड आदि क्षेत्रों से जेसीबी लगाकर कूड़ा साफ करवाया गया. कार्यकर्ताओं ने बताया कि सेना के केंद्रीय अध्यक्ष के मानना है किस्वच्छता ही समृद्धि का प्रतीक है. बरही देश के प्रमुख चौराहों में एक है. हमारा बरही स्वच्छ, ग्रीन और क्लीन रहे जिससे पूरे देश में स्वच्छता का संदेश पहुंचे. आगामी एक अक्टूबर की बापू की जयंती के पूर्व संध्या पर देश भर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाना है. केंद्रीय अध्यक्ष ने बरही वासियों से बरही को ग्रीन और क्लीन रखने में सहयोग की अपेक्षा किया है. साथ ही यह भी कहा कि यह सफाई सिर्फ एक दिन की सफाई से संभव नहीं है. लोगो को अपनी मानसिकता बदलनी होगी. अपने घर या दुकान के कूड़े फेंकने के लिए सड़कों का नही बल्कि कूड़ेदान का उपयोग करना चाहिए. जिसे स्थानीय प्रशासन या जनप्रतिनिधि शहर से दूर नियमित फेंकवाने की व्यवस्था करे.सफाई अभियान में सेना के छोटन ठाकुर, बबलू साहू आदि सहित कई कार्यकर्ताओ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया.

### बोकारो : बाबूलाल की संकल्प यात्रा को लेकर चलाया जनसंपर्क अभियान

**बोकारो।** बोकारो विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की 29 सितंबर को होने वाली संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर चल रही है. मरांडी सेक्टर 12 के मनास मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने 27 सितंबर बुधवार को बियाडा बाजार, दुंदीबाग, सेक्टर 12 और सिटी पार्क क्षेत्र में जनसंकर्प अभियान चलाया. कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर अधिक से अधिक लोगों को मरांडी की सभा में लाने की अपील की. बियाडा बाजार में अमन सिंह, दुंदीबाग में लालबाबू, सिटी पार्क मे मृत्युंजय कुमार और सेक्टर 12 में राज सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की. मौके पर रत्नाकर साव, चंदन, देवनाथ प्रसाद, संतोष पंडित, त्रिवेणी सिंह, कर्मचंद महतो, मृत्युंजय गुप्ता आदि मौजूद थे.

## गिरिडीह कॉलेज में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का डीसी ने किया उद्घाटन

# प्रदर्शनी में विजेता छात्राओं को किया पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय धनबाद इकाई द्वारा गिरिडीह जिला प्रशासन के सहयोग से अमृत महोत्सव अंतर्गत पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा, मेरी माटी मेरा देश अभियान पर आज दिनांक 27 अगस्त, 2023 को गिरिडीह कॉलेज परिसर में आयोजित तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि, उपायुक्त गिरिडीह, नमन प्रियेश लकड़ा के कर कमलों से आज संपन्न हुआ। आज के उद्घाटन सत्र में उपायुक्त महोदय के अलावा निदेशक डीआरडीए, गिरिडीह आलोक कुमार, संयुक्त निदेशक पीआईबी रांची अब्दुल हमीद, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी गिरिडीह रश्मि सिन्हा, गिरिडीह कॉलेज की प्राचार्या मधुश्री सन्याल, तथा गिरिडीह कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर इस प्रदर्शनी स्थलका भ्रमण किया। तदोपरांत मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर चित्र प्रदर्शनी की विधिवत शुरूआत की गई। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, मेमेंटो और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में माननीय उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित यह एक अनूठी चित्र प्रदर्शनी है, जो कि शायद पहली बार यह लगाई जा रही है, यह आकार मुझे काफी खुशी हो रही है। इस आयोजन के लिए मैं विभाग को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में 'डिजिटल डिटॉक्स' को भी अपनाने के लिए सभी को सलाह दी, साथ ही आगंतुक छात्र/ छात्राओं को प्रदर्शनी में विभिन्न योजनाओं के बारे में दी जा रही जानकारियों को ग्रहण करने, तथा कम्युनिटी भाव से जुड़ने और दूसरों को भी इन अभियानों से जोड़ने के लिए आग्रह किया। डीआरडीए विभाग, गिरिडीह के निदेशक आलोक कुमार ने विस्तार से पोषण अभियान तथा स्वच्छता ही सेवा के बारे में जिले में तथा देश भर में किए हुए प्रयासों को जानकारी दी। पत्र सूचना कार्यालय रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद ने इस वर्ष के पोषण अभियान के थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत के बारे में विभाग द्वारा लगाए गए पैनल की जानकारियों को पढ़ने और आत्मसात करने की सलाह दी। जिला जन संपर्क पदाधिकारी रश्मि सिन्हा ने विचार व्यक्त करते हुए सीबीसी धनबाद द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को दर्शकों द्वारा ध्यान से देखने तथा सीखने के लिए कहा। उन्होंने जिला स्तर पर किए जा रहे पोषण के कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। गिरिडीह कॉलेज की प्राचार्या मधुश्री सन्याल ने सीबीसी धनबाद तथा जिला प्रशासन को उनके कॉलेज परिसर में जानकारियों से परिपूर्ण आकर्षक प्रदर्शनी लगाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने अपने छात्रों को अगले तीन दिनों तक इससे लाभ उठाने की सलाह दी। वहीं गिरिडीह कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार ने चित्र प्रदर्शनी की काफी सराहना किया, और इसकी सफलता की कामना की। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद ओंकार नाथ पांडेय ने सीबीसी धनबाद द्वारा लगाई गई इस तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के विषय वस्तु से सभी का परिचय कराया। इस अवसर कल प्री पब्लिसिटी के तहत गिरिडीह के कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित निबंध, रंगोली और पेंटिंग के विजेताओं को अतिथियों द्वारा इनाम और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर गिरिडीह जिला प्रशासन के समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा पोषण अभियान पर आकर्षक स्टॉल भी लगाया गया है। आज की प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान, गिरिडीह कॉलेज, तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने अहम योगदान किया। विभाग से जुड़े कला निकेतन के कलाकारों द्वारा महिलाओं और नवजात शिशु के पोषण विषय पर रोचक नाटक का भी मंचन किया गया।







### ग्रामसभा स्थगित, पदाधिकारियों को लौटना पड़ा खाली हाथ

हजारीबाग। केरेडारी अंचल क्षेत्र अंतर्गत पंचायत कंडाबेर के सिरमा मैदान में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट एवं एनटीपीसी की सहयोगी कंपनी त्रिवेणी सैनिक अंचलाधिकारी केरेडारी के निर्देश पर बुधवार को सिरमा मैदान में पूर्वाह्न 11 बजे ग्राम सभा की जानी थी. कंपनी के अधिकारी एवं केरेडारी हल्का कर्मचारी सह अंचल निरीक्षक जीतेंद्र कुमार रंजन जैसे ही वातार्लाप शुरू की ग्रामीण विरोध करने लगे. फिर ग्राम सभा स्थगित कर दी गई. एनटीपीसी और त्रिवेणी सैनिक के पदाधिकारियों को बैरंग लौटना पड़ा. मुखिया दिनेश साव समेत ग्रामीणों का कहना है कि वे लोग पहले आपस में बैठकर निर्णय लेंगे. जो सर्वसम्मति से निर्णय पारित होगा।

## चिड़िया बिनुवा में हाथियों ने घर तोड़े, फसलों को रौंदा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** चिड़िया व आस-पास क्षेत्र में दो दिनों से जंगली हांथियों के झुंड का उत्पात जारी है. चिड़िया अंकुवा मार्ग तीनसीमान समीप बिनुवा गांव में मंगलवार देर रात करीब एक बजे जंगली हाथियों का झुंड घुस आया. हाथियों ने धान व मकई के फसलों को रौंद दिया है. हाथियों ने गांव के सिंगराय पूर्ति के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है. अचानक हाथियों के हमले से घर पर रहने वाले लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई. इस दौरान जंगली हाथियों ने घर पर रखे चावल के बोरे व घरेलू सामान को नुकसान पहुंचाया है. वहीं घर के बाहर रखे साइकिल को भी नष्ट कर दिया गया है. विदित हो कि इन जंगली हाथियों के झुंड में डेढ़ दर्जन नर और मादा हाथियों के साथ बच्चा हाथी भी मौजूद है. इन हाथियों के खौफ से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है. ग्रामीण हाथियों के भय से रातजग्गा करने को मजबूर हैं. वहीं अंकुवा-चिड़िया मार्ग के समीप जंगली हाथियों की उपस्थिति से मार्ग पर वाहन चालक भी खौफजदा हैं. चिड़िया डीएवी के स्कूली बच्चों को ले जाने वाले स्कूल बस चालकों ने बताया कि मार्ग पर जंगली हाथियों को सुबह सड़क पार करते देखा गया है. इससे उस मार्ग पर दोपहिया एवं भारी वाहन चालक सहमे हुए हैं, जिससे मार्ग पर वाहनों का परिचालन फिलहाल कम हो गया है. वहीं ग्रामीणों ने जंगली हांथियों से सुरक्षा एवं क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा देने की वन विभाग से गुहार लगाई है.

### हाथी ने घर को क्षतिग्रस्त किया और धान खाया

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड की मालकुंडी पंचायत के कुचियाकनाली गांव में मंगलवार की रात दो जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. हाथी के भय से ग्रामीण अपने घरों में दुबके रहे. हाथी ने गांव के राम मांडी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे लगभग 60 किलो धान खा गया. बचे धान को पैरों तले रौंदकर बर्बाद कर दिया. इससे राम मांडी को भारी नुकसान हुआ है.

### महिलाकर्मी से दिनदहाड़े 40 हजार रुपए व स्कूटी की छिनतई

चाईबासा। चक्रधरपुर थाना क्षेत्र की रुंगसाई से मंडलसाई जाने वाले रास्ते में बुधवार को दिनदहाड़े बंधन बैंक की एक महिलाकर्मी शिखा प्रजापति से छिनतई की घटना हुई. घटना बुधवार की सुबह लगभग 10.30 बजे की है. बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर महिला बैंककर्मी से 40 हजार रुपए और स्कूटी छीन कर फरार हो गए. बताया जाता है कि चक्रधरपुर के बंधन बैंक में काम करने वाली महिला शिखा प्रजापति चक्रधरपुर के टोंकाटोला व रुंगसाई से महिला समूह के पैसे इकट्ठा कर चक्रधरपुर के लोकनाथनगर स्थित अपने कार्यालय जा रही थी. इसी दौरान एक युवक पैदल और दो युवक मोटरसाइकिल से आए. उन्होंने छिनतई की घटना को अंजाम दिया. इस संबंध में महिला में चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज कराया है. महिला बैंकर्मी ने बताया कि रुंगसाई से जब वह कार्यालय जा रही थी तभी एक युवक सामने आ गया. इस बीच जब उसने गाड़ी का हॉर्न बजाकर साइड मांगा तो उस युवक ने स्कूटी से चाबी निकाल ली. इसके बाद दो अन्य युवक मोटरसाइकिल से पहुंचे और पिस्तौल दिखाकर 40 हजार रुपये छीन लिये. वहीं स्कूटी भी लेकर भाग गए. इधर चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है.

### बीसीसीएल के जीएम सिविल ने किया जेलगोड़ा स्टेडियम का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता के निर्देश पर बुधवार 27 सितंबर को महाप्रबंधक सिविल धनराज आवरे, क्षेत्रीय सिविल इंजीनियर मुकेश कुमार और ओवरसियर धीरेंद्र परिमल ने जेलगोड़ा स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्टेडियम परिसर में बैठने का स्थान, दर्शक दीर्घा, नाली, चेंजिंग रूम, वाटर सप्लाई, विद्युत कार्य, क्रिकेट पिच, स्कोर बोड, दर्शक दीर्घा में बैठने के स्थान के ऊपर शेड सहित विभिन्न कार्यों का मुआयना किया. इस दौरान जीएम धनराज आवरे कहा कि स्टेडियम के सम्पूर्ण कायाकल्प के लिए प्राक्कलन तैयार कर मुख्यालय को समर्पित किया जाएगा. स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कराया जाएगा. मौके पर विधायक प्रतिनिधि मृणालकान्त सिंह और उमाशंकर शाही भी मौजूद थे. बता दें कि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता के साथ बैठक में जेलगोड़ा के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के कायाकल्प की मांग की थी. सीएमडी ने स्टेडियम के जीर्णोद्धार, आधारभूत संरचना का विकास सहित अन्य बिंदुओं को लेकर निरीक्षण का निर्देश दिया था.

## कोर्ट का आदेश : नवाबगंज में चला अतिक्रमण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग ।** सात दशक के बाद नवाबगंज स्थित औलिया मस्जिद के हक में न्यायालय ने आदेश सुनाया. मस्जिद की अगल-बगल जमीन को अतिक्रमण करने वाले लोगों को खाली करने का आदेश न्यायालय ने जारी कर दिया. दलबल के साथ और मुंशीप न्यायालय के आदेश का अनुपालन करने के लिए बुधवार को मजिस्ट्रेट दो बुलडोजर के साथ नवाबगंज औलिया मस्जिद पहुंचे. जब पुलिस प्रशासन और मजिस्ट्रेट दलबल के साथ स्थल पहुंचे, तो अतिक्रमणकरियों के बीच हलचल पैदा हो गई. बताया गया कि दंडाधिकारियों को देखकर महिलाओं को आगे कर दिया गया. वह अगले दिन त्योहार होने की दुहाई देकर अतिक्रमण रोकने की गुहार लगा रहे थे. प्रशासन ने थोड़ी शिथिलता बरती और फिर औलिया मस्जिद के परिसर में बने अतिक्रमित भवन व दुकान से अतिक्रमणकारी अपने-अपने सामान हटाने में जुट गए. सुबह से शाम हो गई, दुकानदार और घर वाले सामान हटाने में जुटे रहे. लेकिन शाम होते ही सभी अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया. बताया गया कि 1965 में औलिया मस्जिद की देखरेख करने वाले वहीद हाफिज साहब, गुलाम खान गुलाम रिश्वी, एचएच रहमान ने हजारीबाग की निचली अदालत में खाता नंबर 12, प्लॉट नंबर 12 कुल रकबा 17 डिसमिल जमीन पर एक वाद 8 2 9/1965 लाया था. उसमें गुलाब खान बैगरा को पक्षकार बनाया गया. वाद में 6.5 डिसमिल जमीन अतिक्रमण करने की बात कही गई. न्यायालय में वाद चलने के बाद औलिया मस्जिद के हक में आदेश आया था. तब विपक्षियों ने उच्च न्यायालय में भी दावा पेश किया गया. वहां अपील करने वाले की अर्जी को निरस्त करते हुए निचली अदालत के आदेश को जायज ठहराया.

### विनोद हत्याकांड में रामाधीर सिंह की उम्रकैद की सजा बहाल

**धनबाद।** कोयला कारोबारी विनोद सिंह हत्याकांड में उम्र कैद की सजा काट रहे विधायक संजीव सिंह के चाचा रामाधीर सिंह को बुधवार 27 सितंबर को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा. रामाधीर के अधिवक्ता अनूप सिन्हा व अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण एवं नवनीत कुमार की खंडपीठ ने रामाधीर की अपील को खारिज करते हुए निचली अदालत द्वारा दी गई उम्रकैद की सजा को बहाल रखा है. रामाधीर की ओर से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने हाईकोर्ट में बहस की थी. 19 अप्रैल 15 को धनबाद के तत्कालीन जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा की अदालत ने रामाधीर सिंह को विनोद सिंह व उनके ड्राइवर मन्नू अंसारी की हत्या के जुर्म में उम्र कैद की सजा सुनाई थी. निर्णय की तारीख पर 9 अप्रैल को रामाधीर अदालत में हाजिर नहीं हुए थे. अदालत ने रामाधीर को 9 अप्रैल को दोषी करार दिया था, जबकि बच्चा सिंह को बरी कर दिया था. रामाधीर ने बिना सरेंडर किए निचली अदालत द्वारा दी गई सजा के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी. परंतु उच्च न्यायालय से उन्हें राहत नहीं मिली.

## आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा के तहत हुई मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

# डीसी ने लोगों को दिलाई अंगदान की शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा के अवसर पर 27 सितंबर को शहर में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस दौड़ प्रतियोगिता को डीसी नमन प्रिय लकड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. प्रतियोगिता झंडा मैदान से शुरू होकर मधुबन चौक, जिला परिषद, मकतपुर, कालीबाड़ी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए झंडा मैदान लौटी. यहां युवाओं से अंगदान की शपथ दिलाई गई. मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अंगदान से ऐसे कई लोगों को नया जीवन मिलता है, जो मौत के करीब पहुंच चुके होते हैं. मौके पर उन्होंने युवाओं को रक्तदान करने के लिए भी प्रेरित किया. कहा कि कई सामाजिक संगठनों के सहयोग से फिलहाल ब्लड बैंक में पर्याप्त भंडार है, पर कई बार स्थिति विकट हो जाती है. रक्तदान में युवाओं की बड़ी भागीदारी हो तो रक्त की समस्या गिरिडीह में कभी झेलनी ना पड़े. मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में इनामी राशि भी रखी गई थी. स्वास्थ्य विभाग की ओर से बालिका व बालक वर्ग में प्रथम विजेता को पांच हजार, द्वितीय को तीन हजार व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 2000 रुपये का चेक दिया गया. बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर मोहम्मद शादाब, द्वितीय स्थान पर सागर मंडल व तृतीय स्थान पर सुमित मंडल रहे. वहीं बालिका वर्ग में पूनम कुमारी प्रथम, समी मुरमुर द्वितीय व तृतीय स्थान पर पिंकी कुमारी रही. मौके पर डीसी के अलावा सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी मिश्रा, डीपीएम प्रतिमा कुमारी, रजनी शर्मा सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.



### हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा कमेटी के अधिकारियों ने सीएम से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। डोरंडा में 5 से 9 अक्टूबर 2023 तक लगने वाले उर्स मेले को लेकर हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा कमेटी के अधिकारियों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को उनके आवास में मुलाकात किए। इस दौरान कमेटी के लोगों ने सीएम को पांच दिनों तक चलने वाले उर्स मेले का निमंत्रण कार्ड दिया। कमेटी के लोगों ने 8 अक्टूबर को सरकारी चादरपोशी में सीएम हेमंत सोरेन को शामिल होने का आग्रह किया। साथ ही रात में होने वाले कव्वाली में भी शिरकत करने की अपील की। सीएम हेमंत सोरेन ने कमेटी के लोगों को भरोसा दिलाया कि जरुर चादरपोशी व कव्वाली के प्रोग्राम में शामिल होंगे। सीएम ने हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा की नई कमेटी के लोगों को शुभकामनाएं भी दी। बता दें कि सीएम हेमंत सोरेन 5 दिनों तक चलने वाले उर्स मेले के मुख्य संरक्षक भी हैं। इस मौके पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयुब गद्दी, महासचिव जावेद, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदिन (राज), संयुक्त सचिव सादिक, आफताब आलम, बासुदेब चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव चटर्जी, वार्ड-45 के पूर्व पार्षद नसीम गद्दी उर्फ पप्पू, वार्ड-44 के पूर्व पार्षद मो.फिरोज आलम उर्फ मुन्ना आदि उपस्थित थे।



## गागर में सागर

### कल आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा के तहत सीएचसी में स्वास्थ्य मेला

**बरकट्ठा।** प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 29 सितंबर को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा।मेले में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग के विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ आँचल स्त्री एवं प्रसूति विभाग,डॉ पवन कुमार चिकित्सा पदाधिकारी नेत्र विभाग,डॉ सजिया फरनाज ईएनटी विभाग,डॉ अभिषेक प्रताप सर्जरी विभाग मुख्य रूप से स्वास्थ्य सेवा में शामिल रहेंगे।इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी व बीपीएम रंजीत कुमार ने सयुंक्त रूप से जानकारी दी।बताया कि असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर पूरे जिले में आयुष्मान भवःसेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।इसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा।कहा कि मेले की तैयारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग गंभीर है।उन्होंने स्वास्थ्य मेले में अधिक से लोगो को आने और स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाने की अपील की है।

### पति-पत्नी के आपसी विवाद में पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तुर्कबाद के ग्राम केन्दुआ में एक व्यक्ति की मौत फांसी लगाने से हो गई। ग्राम केन्दुआ निवासी बालेश्वर यादव 50 वर्ष पिता खिरू यादव का शव उसके कमरे में छत से लटका हुआ पाया गया। बताया जा रहा है की मंगलवार 26 सितंबर की रात को बालेश्वर यादव की अपनी पत्नी उमिया देवी व घरवालो के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। जिसके बाद वह खाना खाकर अकेले अपने कमरे का दरवाजा बंद कर सोने चला गया। बुधवार की सुबह काफी देर तक उसके बाहर नही आने पर घरवालो को किसी अनहोनी की आशंका हुई। जिसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर देखा की रामेश्वर यादव की शव उसके छत से रस्सी के फंदे में लटका हुआ पड़ा है। जिसकी सूचना घरवालो ने तत्काल बरकट्ठा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि घटना से संबंधित अब तक किसी प्रकार का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्ति के फौरनबाद नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

### दिव्यांग साहिल को मिले राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार : सीपीआईएम



**हजारीबाग।** सीपीआईएम जिला कमेटी हजारीबाग ने उपायुक्त हजारीबाग को पत्र लिखकर मांग की है कि दिव्यांग साहिल शाह को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार देने के लिए जिला प्रशासन सरकार को अनुशंसा पत्र भेजे. उपायुक्त को लिखे पत्र में सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू, जिला सचिव ईश्वर महतो, लक्ष्मी नारायण सिंह, तपेश्वर राम, विपिन कुमार सिन्हा, सुरेश कुमार दास और किरण देवी ने हस्ताक्षर किया है. दरअसल चौपारण प्रखंड की बच्छई पंचायत अंतर्गत ओबरा गांव की दिव्या कुमारी, सरस्वती कुमारी, सपना कुमारी, पायल कुमारी, प्रेमा कुमारी सहित छह बच्चियां करम पर्व कर पर्व के दूसरे दिन 26 सितंबर की सुबह करम डाल को प्रवाहित करने के लिए गांव के ही बगल से बहने वाली बराकर नदी गई थीं. ये बच्चियां नदी में करम डाल को प्रवाहित करने के लिए नदी में उतरीं एवं एक दो कदम जैसे ही आगे बढ़ीं, अचानक नदी में पानी का बहुत तेज बहाव आ गया. वहीं पर चैय खुर्द, चौपारण निवासी 16 वर्षीय एक हाथ से दिव्यांग बच्चा साहिल शाह मछली मार रहा था. उसकी नजर जैसे ही डूबती हुई बच्चियों पर पड़ी, तो वह अपनी जान की परवाह किए बिना तुरंत नदी में छलांग लगा दिया और एक-एक करके पायल कुमारी सहित तीन बच्चियों को डूबने से वह बचा लिया. तेज बहाव के कारण तीन बच्चियां दिव्या कुमारी, सरस्वती कुमारी और सपना कुमारी पानी में बह गई. साहिल शाह को मलाल है कि एक हाथ से दिव्यांग है, अगर हाथ ठीक होता तो शायद सभी बच्चियों को वह बचा लेता.

### नई शिक्षा नई उम्मीद को लेकर स्टेट टीम ने किया रिव्यू बैठक

**बरही ।** नई शिक्षा नई उम्मीद के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु रेल, एसएचडबल्यूपी आदि जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे है. कार्यक्रम के माध्यम से अब तक कितनी सफलता मिली और कितने प्रयास किये गए ? इसे लेकर बीआरसी बरही में बुधवार को स्टेट की चार सदस्यीय टीम ने एक समीक्षात्मक बैठक किया. बैठक में हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो आदि जिला के संसाधन कर्मी मौजूद थे. जिससे सभी प्रमुख विंदुओ पर अद्यतन जानकारी लिया गया. साथ ही प्रोजेक्टर की मदद से कई आवश्यक जानकारियां दी गई. रेल प्रोजेक्ट के तहत ही विद्यालय मे सप्ताहित परीक्षा का आयोजन किया जाता है. बताया गया की बच्चो के साप्ताहिक परीक्षा का मूल्यांकन का अंक विद्यालय के सूचना पट्ट पर अंकिता होना चाहिए.

### ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को लेकर डीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक

# जिले में साफ-सफाई के लिए कार्य योजना तैयार करें : डीसी

**स्वच्छ भारत मिशन चरण-2**



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन चरण 2 के तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम यूनिसेफ प्रतिनिधि निर्भय कुमार ने उपायुक्त एवं उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को स्वच्छ भारत मिशन चरण 2 के तहत हो रहे कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने वैसे गांव जहां चरण 2 के तहत राशि का हस्तानांतरित किया जा चुका है वहां यथाशीघ्र कचरा प्रबंधन से संबंधित संरचना का निर्माण करने का निर्देश दिया। साथ ही जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं उसकी उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त ने रजरप्पा मंदिर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में साफ सफाई हेतु कार्य योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने सभी मुखिया एवं जल संहियाओं को निर्देश देते हुए कहा कि यदि उनके क्षेत्र में वेंडर का चयन नहीं हुआ है तो वे 5 अक्टूबर तक वेंडर का चयन करें। साथ ही उन्होंने कार्य योजना पूर्ण होने वाले गांव में एक सप्ताह के अंदर मेजरमेंट बुक तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड समन्वयक एवं सोशल मोबिलाइज को ग्रामवार कार्य योजना से संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, विभिन्न पंचायत के मुखिया एवं जल सहियाओं सहित अन्य उपस्थित थे।

### हजारीबागः भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाते रहेंगे आवाज : सरयू राय

**हजारीबाग।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) कोर कमिटी की बैठक बुधवार को होटल कैनेरी इन में हुई. मौके पर पार्टी के संरक्षक के रूप में विधायक सरयू राय ने बताया कि उन्होंने लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई है. आगे भी आवाज उठाते रहेंगे. पूरे राज्य की जनता को न्याय दिलाने का काम करेंगे. जहां भ्रष्टाचार हो रहा है, वहां मजबूती से आवाज उठाएंगे. बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सांगठनिक निर्णय लिया गया. संगठन प्रभारियों के रूप में हजारीबाग, कोडरमा व चतरा के प्रभारी राकेश शर्मा, धनबाद, गिरिडीह व बोकारो के आशीष शीतल मुंडा, पलामू के शत्रुघ्न ओझा और कोल्हान के राम नारायण शर्मा को दायित्व सौंपा गया. इस संबंध में केंद्रीय सचिव धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि पार्टी झारखंड के तीन लोकसभा क्षेत्र धनबाद, चतरा, पलामू में अपना उम्मीदवार देगी. वहीं पार्टी ने 35 विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है. जिला सम्मेलन 20 नवंबर से शुरू होगा, जो जनवरी 2024 तक चलेगा. रांची में सभी जिलों को मिलाकर बड़ा निर्णय लिया जाएगा.

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 ने किया विशेष शिविर का आयोजन

# चौथे दिन : स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान, किया श्रमदान

### दूसरे सत्र में साइबर क्राइम पर सेमिनार



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के चेटर गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन के प्रथम शत्र में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनामिका के नेतृत्व में स्वयंसेवको द्वारा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी स्वयंसेवक साफ सफाई करते हुए लोगों को जागरूक किये। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में साइबर क्राइम पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसके मुख्य वक्ता राहुल कुमार थे। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मदद से की गई ठगी को साइबर क्राइम की श्रेणी में डाला गया है। साइबर क्राइम को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से अंजाम दिया जा सकता है। वे उन सॉफ्टवेयर और कुछ विभिन्न तरीकों के जरिए आपके फोन और लैपटॉप से आपका निजी डाटा चुरा लेते हैं। बाद में उस डाटा का इस्तेमाल आप के बैंक खातों से पैसे निकलने आदि के लिए करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा अपराधों से बचने के उपाय भी सांझा किए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत पुलिस को फोन कर एवं स्टेशन में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आज का समय इंटरनेट का समय है तथा इसी कारण साइबर क्राइम बहुत अधिक बढ़ गए हैं थोड़ी सी सावधानी रखकर हम ठगी का शिकार होने से बच सकते हैं। मौके पर अजित गुप्ता, अंकित अग्रवाल, खुशी कुमारी, बबली कुमारी, आरती कुमारी, तान्या मिर्धा, आंचल कुमारी, पायल कुमारी, सूरज कुमार, राहुल कुमार, अमित कुमार, शहजादी प्रवीण, वाल्मीकि कुमार, रौशन प्रजापति, रितिक अग्रवाल, चित्रा मिर्धा, प्रथम कुमार, निधि कुमारी, उषा कुमारी आदि अन्य उपस्थित थे।

# विष्णुगढ़ में पुण्यतिथि पर याद किए गए टेकलाल महतो



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड अलग राज्य की लड़ाई के अग्रणी नायकों में महती भूमिका निभाने वाले पूर्व विधायक सह सांसद टेकलाल महतो की 12वीं पुण्यतिथि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मनाई. इस मौके पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये गए. पहला कार्यक्रम विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ. वहां उनकी आदमकद प्रतिमा पर उनके पुत्र तथा मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर वहां रक्तदान शिविर लगा और पौधरोपण किया गया. उसके बाद विधायक की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों का काफिला उनके पैतृक गांव चानो पहुंचा. वहां से सभी मुख्य कार्यक्रम स्थल दौलत महतो बीएड कॉलेज बनासो पहुंचे.

### मेरे राजनीतिक गुरु भी थे टेकलाल : विधायक

यहां सभा को संबोधित करते हुए विधायक जेपी पटेल ने कहा कि टेकलाल महतो पिता होने के साथ-साथ मेरे राजनीतिक गुरु भी थे. उन्होंने कहा कि उनके रास्ते पर चलकर उनके सपनों को साकार कर रहे हैं. विकास की दौड़ में मांडू विधानसभा क्षेत्र बहुत आगे निकल चुका है. आज क्षेत्र में सड़कों का जाल है. पावर सब स्टेशन, पावर ग्रिड स्टेशन, आईटीआई का निर्माण तथा टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज को मान्यता दिलाने जैसे विकास के बड़े-बड़े काम हुए.

# अंतिम संस्कार में शामिल हुए पूर्व विधायक, जताया शोक



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** बुधवार की सुबह करीब सवा छह बजे सरस्वती कुमारी पिता नारायण मिस्त्री और सपना का शव करीब बारह बजे बरामद की सूचना हुई. जिसका पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया. अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर , विस सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू सहित कई लोग शामिल हुए. पूर्व विधायक ने कहा की घटना हृदय विदारक है. ईश्वर से मृतात्माओ को शांति और दुख की इस घड़ी में परिजनों को साहस देने की कामना किया. उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह हर कदम साथ है. विदित हो कि करम की डाली विसर्जन के दौरान मंगलवार को ओबरा की तीन बच्चियां बराकर नदी के तेज धार में बहने से लापता हो गई थी. जिसमे काफी छान बीन के बाद मंगलवार को दिव्या का शव बरामद हुआ था. जिसका पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की देर संध्या अंतिम संस्कार कर दिया गया था.

# जैन श्रद्धालुओं ने की उत्तम आकिंचन्य धर्म की उपासना

**दशलक्षण महापर्व**



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** शहर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के नौवें दिन उत्तम आकिंचन्य धर्म का पूजा विधिपूर्वक संपन्न हुई । दशलक्षण पर्व के 9वें दिन श्री दिगम्बर जैन मंदिर में जलाभिषेक का सौबूग्य पुष्पा अजमेरा,सौरव अजमेरा,गौरव अजमेरा,किशोर काला,अजय कुमार पाटनी,अशोक काला, अमितकाला, विमल कुमार, विनोद कुमार जैन को प्राप्त हुआ। वहीं, रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय 9 वें दिन जलाभिषेक का सौभाग्य डॉ एससी जैन रांची को मिला । 9वें दिन श्री दिगम्बर जैन मंदिर में शांतिधारा का सौभाग्य श्याम सुंदर जैन को मिला । रांची रोड में जलाभिषेक का सौभाग्य डॉ एससी जैन रांची को मिला। 9वें दिन के अनुष्ठान में महाआरती का सौभाग्य चूड़ीवाल परिवार को मिला। दशलाक्षण पर्व के 9 वें दिन जैन भवन मे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । इधर, पुष्पा अजमेरा,गौरव अजमेरा, श्याम सुंदर जैन, हीरा जैन द्वारा दशलक्षण पर्व के उपलक्ष्य में 10 दिनों का उपवास रखा गया है। कहा गया की सकल दिगंबर जैन समाज उनकी उपवास का अनुमोदना करता है। बताया गया 28 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी के शुभ उपलक्ष्य में दोपहर 2बजे जैन मंदिर रामगढ़ से पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

### केंद्रीय महाधिवेशन में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र से शामिल होंगे सैकड़ों कार्यकर्ताः राजेश महतो




**रामगढ़।** आगामी 29, 30 सितंबर और 1अक्टूबर को रांची स्थित मोहराबादी मैदान में निर्धारित आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र से कार्यकताओं की भागीदारी को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार रामगढ़ जिला कार्यालय में नगर परिषद कमेटी की बैठक बुधवार को आयोजित की गई । बैठक में मुख्य रूप नगर परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष युगेश बेदिया, विशिष्ट अतिथि निर्वतमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद कमेटी के अध्यक्ष राजेश महतो व संचालन छात्र संघ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए रामगढ़ नगर परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष युगेश बेदिया ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुनीता चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के निर्देश पर केंद्रीय महाधिवेशन को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई है। आगामी 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को रांची मोहराबादी में निर्धारित तीन दिवसीय महाधिवेशन में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## उमड़ी भीड़

### झुरझुरी में मनसा पूजा पर निकली कलश यात्रा

# कलश यात्रा में शामिल हुईं 501 महिलाएं





नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** सर्पों की देवी मां मनसा की पूजा बड़े धूम धाम से प्रखंड क्षेत्र के झुरझुरी ग्राम में मनाया जा रहा है।इस निमित सार्वजनिक मनसा पूजा को लेकर स्थानीय लोगों ने बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाला। कलश यात्रा में विधायक अमित कुमार यादव तथा पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होकर कलशयात्रियों को चुनरी तथा माथे पर कलश देकर कलशयात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलशयात्रा में 501 महिलाएं तथा कुवांरी कन्याओं ने यज्ञमंडप से अपने माथे पर कलश लेकर बरसोती नदी उत्तरवाहिनी से मंत्रोचारण के साथ कलश में जल भरकर यज्ञमंडप पहुंचकर कलश स्थापित किया। वहीं मनसा देवी माता की जयकारों से क्षेत्र गुंजयमान हो उठा। कहा जाता है कि सर्पदंश से सुरक्षित रखने के लिए श्रद्धालु विषहरी मां मनसा की आराधना करते हैं। ताकि सर्प दंश की घटना ना हो और क्षेत्र में अमन चैन कायम रहे। मौके पर बरकट्ठा उत्तरी जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी,उपप्रमुख सुरजी देवी, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो, पंसस मंजु देवी, राजकुमार चौधरी, राजेश कुमार, राजेश प्रसाद, सहदेव प्रसाद, सोबरन प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, बिनोद कुमार, भीम प्रसाद, दयानंद प्रसाद, रामलखन प्रसाद, सुजीत प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, लक्ष्मण राणा, छोटी राणा, गुलाबचंद प्रसाद, मुनिलाल प्रसाद, लालमोहन प्रसाद, मुनालाल प्रसाद, मनोज प्रसाद, चिंतामणि प्रसाद, पोखराज प्रसाद, आदि भक्तजन उपस्थित थे।

# सेवारत-सेवानिवृत कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना जारी



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** राज्य सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से राज्य के सभी सेवा कर्मियों अथवा सेवानिवृत्ति कर्मियों को झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा के लाभ दिया जाना है. इस योजना के लाभ लेने के लिए राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे है. इस योजना का लाभ राज्य विधानसभा के सभी वर्तमान या पूर्व सदस्य, विभिन्न बोर्ड, निगम, संस्थान सभी सेवारत या सेवानिवृत कर्मी, पदाधिकारी, राजकीय विश्वविद्यालय या उनके अंतर्गत अंगीकृत विश्वविद्यालय के सेवारत या सेवानिवृत शिक्षकगण या शिक्षकेतर कर्मी आदि इसका लाभ ले सकते है. जिसके तहत सेवारत या सेवाकर्मियो को राज्य सरकार की ओर से गंभीर बीमारी आदि का मुफ्त ईलाज कराया जाएगा. इस योजना हेतु प्रतिदिन पंचायत मुख्यालय कोनरा में पूर्वाहन ग्यारह बजे से अपराह्न दो बजे तक आवेदन ऑनलाइन किए जा रहे है. जानकारी देते हुए संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि ऑनलाइन के लिए पीपीओ नंबर, आधार कार्ड, आश्रित का आधार कार्ड और फोटो, ग्रेड पे, स्केल इत्यादि की आवश्यकता होती है. इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय में प्रज्ञा केंद्र से संपर्क कर सकते है.

## गागर में सागर

### सहकारी समितियों के सशक्तिकरण को लेकर डीसी ने की बैठक



**कोडरमा।** राज्य में सहकारिता आंदोलन के सुदृढ़ीकरण एवं समाज के अंतिम पायदान तक इसे पहुंचाने को लेकर डीसी ने बैठक की. वैसे पंचायत या गांव जो लैम्पस व पैक्स से संबंधित नहीं हैं, वहां पैक्स अथवा दुग्ध, मत्स्य प्राथमिक सहकारी समितियों का गठन किया गया. समिति के दायित्वों के निर्वहन और पैक्स व लैम्पस के विकास व संचालन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कई दिशा निर्देश दिये. उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस से अंतर विश्लेषण के आधार पर नई बहुउद्देशीय पैक्स या प्राथमिक डेयरी, मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना के लिए जिला योजना तैयार करें. निबंधक सहयोग समितियों के सहयोग से नई प्राथमिक सहकारी समितियों के पंजीकरण का कार्य करें.

### जहरीले सांप के डंसने से 17 वर्षीया किशोरी की हुई मौत

**सिमडेगा।** जहरीले सांप के डसने से बुधवार को 17 वर्षीय किशोरी की सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज के क्रम में मौत हो गई। मृतका की पहचान जलडेगा के टिनगीना इंदटोली निवासी चिंता कुमारी के रूप में हुई। मृतका के भाई ने बताया कि बीती रात 10:00 बजे उसे सांप ने डसा, लेकिन वह किसी को नहीं बताई ।12:00 बजे जब उसकी तबीयत बिगड़ी तब जाकर परिवार वाले जान गए। लेकिन लापरवाही करते हुए उसे रात भर घर में ही रखा ।इधर बुधवार की सुबह सदर अस्पताल सिमडेगा लाया जहां पर शरीर में अत्यधिक जहर फैलने की वजह से डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद सिमडेगा सदर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची एवं शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी।

### दो अक्तूबर को मांस-मछली की दुकानें बंद रखने का निर्देश

**सिमडेगा।** महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर दो अक्तूबर को नगर परिषद क्षेत्र में पडने वाले सभी मांस मछली, मुर्गा, मुर्गी के क्रय विक्रय पर पुर्ण रुप से प्रतिबंध रहेगा। नप के प्रसाशक सुमित कुमार महतो ने मो कयुम, मो इस्लाम कुरैशी, समुखलाल साहू, नेजाम मियां, हाकीम मियां, साबीर कुरैशी सहित अन्य मांस मछली बिक्री करने वालो को मांस मछली की बिक्री नहीं करने का निर्देश दिया है। दो अक्तूबर को मांस मछली की बिक्री करते पकडे जाने पर कानूनी कार्रवाई करने का संकेत दिया है।

### सिमडेगा छठ तालाब के पास मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र के शहरी क्षेत्र के डिप्टी टोली स्थित छठ तालाब के पास बुधवार की सुबह पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया। महिला की पहचान रिमांति देवी पति निशांत अग्रवाल जो सिमडेगा राम जानकी मंदिर गली निवासी के रूप में हुई।बताया गया कि स्थानीय लोगों को तालाब के किनारे शव दिखाई दिया जब इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की जानकारी मिलते ही सिमडेगा सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता दलबल के साथ पहुंचे एवं शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुटे। इधर मामले की जानकारी सदर अस्पताल में दो दिनों से एडमिट उसके पति निशांत अग्रवाल को दी गई जिसके बाद वह वहां पर पहुंचा और बताया कि उसकी पत्नी इधर-उधर भटकती थी शराब का सेवन भी करती थी और कई बार दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा भी होता था। मृतिका के दो बच्चे हैं और दोनों अपने पिता के पास ही रहते हैं ।इधर पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से छानबीन कर रही है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में बुधवार को मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।प्रतियोगिता दो समूह में बताकर किया गया जिसमें विद्या मंदिर के टीम में कक्षा 6 से 10 तक तथा शिशु मंदिर की टीम कक्षा 2 से 5 तक के छात्र-छात्राएं हिस्सा लिया। छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अपने सहपाठियों के हाथों में मेहंदी लगाई। प्रधानाचार्य राजेंद्र साहु द्वारा प्रोत्साहित करते हुए उनकी सराहना की। इस मौके पर प्रथम स्थान कक्षा 10 की माही कुमारी कक्षा 9 की निशा कुमारी दूसरा,एवं कक्षा 10 कि शिवानी कुमारी को तृतीय स्थान प्रदान किया गया ।वहीं शिशु मंदिर के लिए हुए प्रतियोगिता में कक्षा 3 की प्रिया कुमारी को प्रथम ,कक्षा 5 की शिरोमणि को दूसरा तथा कक्षा 5 की भूमिका कुमारी को तृतीय स्थान दिया गया।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक, डीसी बोले

# अधिक से अधिक लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन हुआ।उपायुक्त ने समन्वय समिति कि बैठक में कल्याण, परियोजना निदेशक आई.टी.डी.ए, जिला आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, शिक्षा विभाग, विद्युत प्रमण्डल, ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभाग कि विस्तृत समीक्षा कर, संचालित कार्य योजनाओं की धरातल पर सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने कि दिशा में आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये।आईटीडीए एवं कल्याण विभाग के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 अन्तर्गत प्री मैट्रिक छात्रवृति से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए जिले के प्रत्येक विद्यालय के शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य



सहायता योजना हेतु प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभ से आच्छादित करने की बात कहीं। उन्होंने वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत लाभुकों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन पट्टा वितरण संबंधी अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा कर पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की संख्या, प्रधानमंत्री आवास, आधार वेरिफिकेशन, बिरसा हरित ग्राम योजना, कुंआ निर्माण, बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर आवास एवं नगर परिषद अन्तर्गत सभी योजनाएं समेत अन्य की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पोटो हो खेल योजना अंतर्गत प्लेग्राउंड में ड्रेसिंग रूम, शौचालय का निर्माण कार्य को लेकर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।जिला आपूर्ति विभाग की समीक्षा कर उपायुक्त ने धन अधिप्राप्ति योजना 2022-23, जन वितरण प्रणाली दुकान, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना, राशन कार्ड में आधार सीडिंग, सोना-सोबरन, धोती-साड़ी योजना की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। धान अधिप्राप्ति योजना के तहत किसानों के लंबित भुगतान का कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले के जिस स्कूलों में शौचालय, पेयजल एवं विद्युत कनेक्शन नहीं है वहां पेयजल,शौचालय एवं विद्युत बहाल करने की दिशा में शिक्षा पदाधिकारी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।साथ ही बालक एवं बालिका सहयोग विलेज में पुस्तिका उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संकल्प सप्ताह को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत ₹संकल्प सप्ताह₹ संबंधी बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आकांक्षी कार्यक्रम के तहत ₹ब्लॉक विकास योजना₹ तैयार किया गया उसका धरातल पर सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए विकास कर आकांक्षी प्रखंड से बाहर निकलने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में दिनांक 03 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक ₹ संकल्प सप्ताह सबकी आकांक्षाएं सबका विकास₹ सप्ताह मनाया जाना है। जिसके तहत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत तैयार कार्य योजना के तहत 39 सूचकांकों में प्रगति लाने पर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग को हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, फाइनेंशियल इंक्लूजन सहित अन्य बिन्दुओं पर कार्यक्रम आयोजन कर ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी पर कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन, सिमडेगा को आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में स्वस्थ मेला आयोजन करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा , सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, जिला परिवहन पदाधिकारी पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, नजारत उपसमाहर्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, एडीएफ असीम, सहित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## एसपी ने किया बानो और कोलेबिरा के थाना प्रभारी को लाइन हाजिर

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। एसपी सौरभ ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए जिले के कई थाना प्रभारी का तबादला किया है। कोलेबिरा थाना प्रभारी प्रभात कुमार को लाइन हाजिर करते हुए ठेठईटांगर थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश को कोलेबिरा थाना प्रभारी बनाया है। वहीं जिला नियंत्रण कक्ष प्रभारी मनीष कुमार राय को ठेठईटांगर थाना प्रभारी बनाया है।वही बानो थाना प्रभारी फिलिप मिंज को लाइन हाजिर करते हुए पाकरटांड थाना प्रभारी रणजीत महतो को बानो थाना प्रभारी बनाये है। वही पाकरटांड थाना में सब इंस्पेक्टर अजित प्रकाश को पाकरटांड थाना प्रभारी बनाया गया। इधर नियंत्रण कक्ष में पदस्थापित मनीष कुमार राय ठेठईटांगर ट थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। जहां पर तत्कालीन थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश द्वारा पदभार सौपा। मौके पर उन्होंने कहा क्षेत्र में जिस प्रकार अमन चैन और स्थानीय लोगों के साथ पुलिस पब्लिक का संबंध है उसे



बरकरार रखी जाएगी। इधर कोलेबिरा थाना प्रभारी के रूप में कुमार इंद्रेश ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर तत्कालीन थाना प्रभारी प्रभात कुमार द्वारा उन्हें पदभार सौपा ।मौका उन्होंने कहा कोलेबिरा थाना क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी गतिविधियों पर पुलिस पैनी नजर रखते हुए अपराध नियंत्रण विधि व्यवस्था एवं जनमानस के प्रति पुलिस का जो संबंध है उसे बरकरार रखने का प्रयास करेगी ।उन्होंने सभी लोगों को पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। इधर इसके अलावा पाकरटांड एवं बानो थाना प्रभारी के रूप में अजित प्रकाश एवं रणजीत महतो में पदभार ग्रहण किया।

### सिमडेगा :जूनियर केम्ब्रिज स्कूल के बच्चों ने किया क्षेत्र भ्रमण

**सिमडेगा।** जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा के बच्चों ने बुधवार को अपने विषय को पूरा करने के उद्देश्य से क्षेत्र भ्रमण किया। बच्चों ने फील्ड विजिट के लिए सिमडेगा के डाकघर का चुनाव किया। जिसके लिए बच्चों ने पिछले एक हफ्ते से विभिन्न गतिविधि और प्रोजेक्ट वर्क का हिस्सा भी रहे। जिसके अंतर्गत बच्चे अपनी मानसिक क्षमता के अनुसार सार्वजनिक स्थानों का चित्र बनाएं। जिसके अंतर्गत बच्चे स्कूल, हॉस्पिटल, पार्क, पोस्ट ऑफिस, बैंक आदि जगहों का चित्र बनाकर अपने क्लास में ग्रुप के माध्यम से चर्चा भी किया और पाठ को अंत करने के लिए आज बच्चे डाकघर पहुंच कर वहां के कार्यों एवं गतिविधियों से अवगत हुए। डाकघर के पोस्टमास्टर हरि जीवन राम और अजय वर्मा ने बच्चों को बताया गया कि यहां पत्र के अलावा आधार कार्ड, पैसों की लेनदेन, ट्रेनों का टिकट, जमा खाता का संचालन, जीवन बीमा जैसे अन्य विभिन्न कार्य संपादित किए जाते हैं।

## रामरेखा धाम विकास समिति की हुई बैठक, आय व्यय एवं कई मुद्दों पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड।** रामरेखा धाम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को रामरेखा धाम कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में विगत 24 सितंबर को हुई रात्रि की रामरेखा धाम के महंत को धमकी दिए जाने वाले मामले का जिक्र किया गया महंत श्रीराम शरण दास के द्वारा घटना की जानकारी दी और बताया कि आए दिन रामरेखा पहाड़ के ऊपर कुछ ना कुछ लोगों का आना-जाना लगा रहता है ।उपरोक्त तिथि को इसी क्रम में रात्रि में 1:00 बजे के करीब कुछ अपराधी प्रवृत्ति के लोग मंदिर की चोटी पर घूमते नजर आए और उन्होंने महंत को टॉर्च जलाकर देखा कि महंत बाहर निकले हैं उन्होंने महंत को धमकी दी ।इस विषय पर श्री रामरेखा धाम विकास समिति ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए



लिखित शिकायत दर्ज कराई है। समिति ने रामरेखा धाम के कार्यकर्तागण महंत और कार्यकारिणी समिति के बीच आज तक की आय व्यय लेखा-जोखा प्रस्तुत की। जिसमें सर्वसमिति से पारित किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी कार्तिक पूर्णिमा को आयोजित होने वाली रामरेखा धाम की वार्षिक मेला को सफल संचालन हेतु जल्द एक विशाल आम बैठक रखी जाएगी ।जिसकी सूचना समाचार पत्र चिट्ठी ,पत्राचार ,व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों को सूचित किया जाएगा। बैठक में रामरेखा धाम के उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सहित रामरेखा धाम विकास समिति के सदस्य एवं रामरेखा धाम से जुड़े हुए सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को दी गई लीड्स के कार्यों-उद्देश्यों की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** बुधवार को जलडेगा प्रखंड सभागार में लीड्स संस्था द्वारा अंचल अधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, बीपीएम, बीटीएम, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका, शिक्षक, ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर संस्था के कार्यों और उद्देश्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरूवात अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो, उप प्रमुख शशि सत्यभामा बडिंग, बीपीएम मुकुल खाखा, मुखिया बिपिन बडिंग, महिला पर्यवेक्षिका पुष्पा देवी, कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण प्रसाद और संस्था के प्रोग्राम मैनेजर नीरजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक नीरजा ने बताया की लीड्स संस्था पहले चरण में जलडेगा प्रखंड के पतिअम्बा, लमडेगा, टीनगिना, कोनमेरला, टाटी और परबा पंचायत के




25 गांव कारीमाटी, किनीरकेला, भीतबुना, बनजोगा, परबा लमडेगा, सेमेरिया, लमडेगा, बराईबेड़ा, टीनगिना, सीलिंगा, टिकरा, ढोढ़ीबहार, टेंगराटुकू, कोनमेरला, गांगूटोली, डुमरबेड़ा, बड़कीटांगर, खरवागाढ़ा, भुंडूपानी, तुरूपडेगा, बाड़ीबूंगा, पैतानो, तितलिंग, हुटुबदा और ढेंगुरपानी में स्कूली शिक्षा, आंगनबाड़ी, आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, बाल अधिकार, पंचायती राज, महिला सशक्तिकरण, कृषि विकास, प्राकृतिक संपदा संवर्धन, महिला समूह, महिला एवं पुरुष किसान, सामाजिक कार्यकर्ता तथा ग्राम सभा सशक्तिकरण के लिए ग्राम स्तर पर सामुदायिक संगठनों के साथ मिलकर कार्य करेगी। इस दौरान संस्था अगले तीन वर्ष तक ग्राम स्तर पर समेकित पशुधन विकास केंद्र, किसान पाठशाला, डिजिटल स्कूल, मॉडल आंगनबाड़ी, बाला पेंटिंग और मॉडल डोभा का निर्माण करेगी।

### सिमडेगा जिला परिषद बोर्ड की बैठक

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला परिषद सभागार कक्ष में बुधवार को जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन की अध्यक्षता में जिला परिषद बोर्ड की बैठक संपन्न हुई।बैठक में पेयजल, पशुपालन ,बिजली, कृषि, आपूर्ति, भूमि, वन, और मत्स्य विभाग पदाधिकरी के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई । जिसमें कई विभाग से कई पदाधिकारी पहुंचे पहुचे विभाग ने अपने विभाग की जानकारी दी ।जिसमें पेयजल विभाग द्वारा पेयजल से संबंधित समस्या एक माह के अंदर दुरुस्त करने की बात कही गई ।वहीं वृक्षारोपण से संबंधित जानकारी देते हुए जिला परिषद अध्यक्ष को जानकारी देते हुए बताया गया कि पौधा भारी मात्रा में मंगाकर लाभुक के बिच बाटा जा रहा है ।जिससे वृक्षारोपण कार्य बेहतर हो सके। जहां मछली का जीरा आने के पश्चात लाभुक के बिच जीरा वितरण कर दिया गया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन में कार्यो की लापरवाही को लेकर चर्चा की गई।

## नॉर्थ वेस्टन जीईएल नेम्हा चर्च का मना स्थापना दिवस महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** प्रखंड के नॉर्थ वेस्टन जीईएल नेम्हा चर्च बाघडेगा 9वा स्थापना दिवस महोत्सव बुधवार को भव्य तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। महोत्सव के अवसर पर यहां मेले का दृश्य हो गया था। कार्यक्रम की शुरूआत मिस्सा पूजा से हुई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी बालिकाओं ने नृत्य के माध्यम से स्वागत करते हुए पादरियों को मुख्य मंच तक पहुंचाया। इसके पहले सबके हाथ धुलवाये गये। इसके बाद मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। मिस्सा पूजा किनकेल पेरिस चेयर जोहान भेंगरा,सहायक चेयरमेन सुरजमणि केरकेट्टा,कोचडेगा चेयरमेन जस्टिन एक्का,बाघडेगा मंडली चेयरमेन दाऊद मिंज की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मौके पर विधायक ने कहा कि मिशनरियों ने बाघडेगा जैसे सुदूर गांव में आकर यहां ज्ञान का दीप जलाया। इसके कारण यहां के लोगों का विकास हो पाया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने प्रेम और सेवा का जो संदेश दिया है, उसे सभी आत्मसात करे। अपने मन, वचन व कर्म से हर किसी को लाभ पहुंचाने का प्रयास करे। इसी के लिए प्रभु यीशु शूली पर चढ़े थे। विधायक ने कहा कि केरसई में यह स्थान बहुत ही पवित्र है। इसी का परिणाम है कि आज इस स्थान पर हुजूम उमड़ा है। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि चर्च के माध्यम से यहां के लोगों में प्रभु येसु मसीह की कृपा क्षेत्र के लोगों में बरस रही है। चर्च की पवित्रता को ऐसे ही बनाये रखें।कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की,वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज आदि शामिल थे।

## परेशानी — कोडरमा सदर अस्पताल के सामने भाकपा ने किया प्रदर्शन

# ‘अस्पताल के व्यवस्था को दुरुस्त करें’

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** भाकपा जिला परिषद ने व्यवस्था में सुधार के लिए सदर अस्पताल के सामने जोरदार प्रदर्शन किया. धरना से पूर्व उर्मिला चौधरी क्लीनिक कोडरमा से सैकड़ों की संख्या में जुलूस निकाला गया. जुलूस का नेतृत्व भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक और जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव कर रहे थे. जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी की. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिंदाबादङ्क सदर अस्पताल के व्यवस्था को दुरुस्त करना होगाङ्क कोडरमा सिविल सर्जन होश में आओङ्क सदर अस्पताल कोडरमा में विशेषज्ञ डॉक्टरों तथा महिला विशेषज्ञ डॉक्टर का पदस्थापन किया जाए जैसे नारे लगाये गये. मौके पर भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि सदर अस्पताल में सर्जन नहीं है जिसके कारण मरीजों का ऑपरेशन नहीं होता है. रेफर कर दिया जाता है. कोडरमा जिले के लिए दुर्भाग्य है कि एक तरफ महामहिम राज्यपाल सदर अस्पताल का तारीफ करते हैं. केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी सदर अस्पताल का प्रशंसा करती है. सदर में हाइड्रोसील अपेंडिक्स पथरी हर्निया साधारण बीमारी का भी ऑपरेशन नहीं होता है. गूंगा बहरा का डॉक्टर नहीं है. जिसके कारण गूंगा बहरा को सर्टिफिकेट नहीं मिलता है. ट्रामा सेंटर बंद है. इसे चालू करने की



आवश्यकता है. ओपीडी बढ़ाने की आवश्यकता है. वहीं भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि एसआरएल द्वारा किया गया जांच गलत पाया जाता है जिसका अनुज्ञप्ति रद्द करने की आवश्यकता है. कोडरमा सदर अस्पताल में मरीजों का देखभाल सही तरीके से नहीं होता है.

## कोडरमा में ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन का अनिश्चिकालीन हड़ताल शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** परिवहन चालान का समय घटाने के विरोध में ट्रक मालिकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है. ट्रक मालिकों के हड़ताल की वजह से लगभग 5 करोड़ के स्टोन चिप्स का कारोबार प्रभावित हुआ है. बता दें कि डोमचांच के साथ-साथ कोडरमा जिला के सबसे बड़ा आय का स्त्रोत स्टोन चिप्स कारोबार है. डोमचांच में पांच सौ से ज्यादा ट्रक हैं, जो इस कारोबार से जुड़े हैं. ट्रकों के स्ट्राइक की वजह से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं. वहीं सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है. हड़ताल की वजह से दर्जनों ट्रक कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग स्थित महेशपुर से लेकर रायडीह मोड़ तक खड़े हैं. हड़ताल के पूर्व डोमचांच ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन



ने एक बैठक की. एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि पेट्रोल पंप, होटल व गैरेज या किसी खाली स्थल पर लोड या खाली व्यवसायिक वाहनों पर किसी प्रकार की कोई कानूनी कार्रवाई न हो. अगर कोई वाहन बिना चालान, ओवरलोड व अन्य कागजात के अभाव में पकड़ा जाता है, वैसे में वाहनों को जुर्माना कर छोड़ दिया जाये. डोमचांच थाना क्षेत्र में पिछले दो साल से निश्चित समय को छोड़ कर व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश निषेध है. नो इंट्री का समय संध्या चार बजे से रात नौ बजे तक रखा गया है. इसे संशोधन करते हुए संध्या छह बजे से रात आठ बजे तक निर्धारित किया जाये. साथ ही इसका स्थान रायडीह मोड़ के पीछे से किया जाये, क्योंकि महेशपुर, चैनपुर भी एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है. ऐसे स्थल पर किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.

## गागर में सागर

### मरांडी की संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा ने बैठक में किया मंथन




**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में आगामी संकल्प यात्रा कार्यक्रम एवं बीएलए 2 को लेकर उत्सव गार्डन गढ़वा में गढ़वा, रंका विधानसभा क्षेत्र की बैठक हुई। इसमें केशरी ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगामी 5 अक्टूबर को संकल्प यात्रा कार्यक्रम गढ़वा, रंका विधानसभा क्षेत्र के चेतना गढ़वा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंडल स्तर पर प्रभारी भी बनाए गए हैं। कार्यक्रम में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक बीस हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर हजारों कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हुए हैं। गढ़वा के पूर्व भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ता भ्रष्ट झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित होंगे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर तैयारी करनी है। बैठक को अलखनाथ पांडेय, गिरीनाथ सिंह, सुरज गुप्ता, रामशीष तिवारी, जवाहर पासवान आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर महामंत्री संतोष दूबे, सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश तिवारी, विनय चौबे, भाजपा उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, संजय भगत, राजीव रंजन तिवारी, मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी संजीत तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, श्रवण सिंह, नशरुद्दीन अंसारी, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, अखिलेश तिवारी, मनोज जायसवाल, शिवलाल सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा, उदय कुशवाहा, बसंत प्रसाद, उदय प्रजापति, भाजपा वरिष्ठ नेत्री वीणा पाठक, अंजलि गुप्ता, मीरा यादव, विकास तिवारी, संजय तिवारी, अनीता तिवारी, मुरारी यादव, संतोष तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, राकेश केशरी, कन्हाई केशरी आदि मौजूद थे।

### आयुष्मान कार्ड बनवाने का दिया निर्देश

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय के सभागार कक्ष में बुधवार को मुखिया मुंगा साह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें मुखिया मुंगा साह ने सभी स्वयं सेवको को अधूरे प्रधानमंत्री आवास योजना को दस अक्टूबर तक पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने लाभुकों के घर- घर जाकर आवास निर्माण शुरू कराने के लिए प्रेरित करने को कहा। मुखिया ने कहा कि वैसे लाभुक जो पहली और दूसरी किश्त की राशि लेने के पश्चात आवास में कार्य शुरू नहीं कर रहे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। वहीं मुखिया ने एएनएम सुलेखा कुमारी और स्वास्थ्य सहिया को घर घर जाकर टीबी मरीज की खोज करने और कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने को कहा। बैठक में पंचायत सचिव राजीव कुमार,रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, सीएचओं लालाशा कुमारी, एएनएम सुलेखा कुमारी, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, शिलवंती देवी, सरिता देवी, सरोज देवी, रिंकी देवी, मीना देवी, ऊषा देवी, विरेंद्र लाल, फुजैल अंसारी आदि मौजूद थे।

### कर्मियों से निष्ठा से कार्य करने की अपील

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के नरही पंचायत सचिवालय में बुधवार को मुखिया मनोज कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें सचिव बिरेंद्र सिंह ने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दी। मुखिया कर्मियों से निष्ठापूर्वक कार्य करने की अपील की। बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार, राजस्व कर्मचारी आदि के अनुपस्थित रहने पर मुखिया ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में उप मुखिया शारदा पासवान, पंचायत समिति सदस्य चिंतामणि देवी, प्रधानाध्यापक सुधीर चौबे, अलीम अंसारी, निर्मल कुमार, अनूप विश्वकर्मा, नीलम पांडेय, बिनोद ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुवेर्दी, जेएस एल पी एस के क्लस्टर कोआर्डिनेटर निधि भारती, प्रतिभा देवी, वार्ड सदस्य रामकिशोर प्रसाद, प्रज्ञा केंद्र संचालक मिथिलेश कुमार ठाकुर, स्वास्थ्य सहिया संगीता देवी, रेणु देवी, रविकांन्ति देवी, तारा देवी, सुनीता देवी, वीणा देवी, आंगनबाड़ी सेविका बबिता देवी, सुनीता देवी, एमन कौशर, तारा देवी, मधु सहाय, स्वयंसेवक सत्येंद्र आदि उपस्थित थे।

### तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 3 ग्राम अखौरी तहले में अवस्थित सूर्य मंदिर एवं तालाब की विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसमें नगर प्रबंधक जितेश कुमार, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिंह, वार्ड जमादार अमित कुमार, संत कुमार एवं सफाईकर्मी उपस्थित थे। इनके द्वारा श्रमदान कर तालाब को स्वच्छ किया गया।

### राजमिस्त्री सम्मान सेमिनार मीट हुआ

**विशुनपुरा।** मोंगिया स्टील व डालमिया सीमेंट ने राज मिस्त्री सम्मान सेमिनार मीट का आयोजन मां शारदा इंटरप्राइजेज के प्रतिष्ठान पर किया। इस्का शुभारंभ थाना प्रभारी बुधराम सामद ने किया। मीट में प्रखंड के सैकड़ों राजमिस्त्री ने भाग लिया। मोंगिया सेल्स इंचार्ज आकाश सिंह, डालमिया सीमेंट के इंचार्ज रमेश ने उपहारों का वितरण किया। मौके पर शारदा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर ओम प्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, बलराम पासवान, मदन गुप्ता, संजय गुप्ता शिवबचन यादव, प्रवीण यादव, संदीप चंद्रवंशी आदि शुभारंभ रहे।

## गढ़वा के पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी के महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान ने पकड़ा तूल

# महिलाओं का चरित्र हनन करने को उतारू हैं सतेंद्र नाथ : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने होटल रोयल पद्मावती में प्रेस वार्ता आयोजित कर विगत दिनों पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी की ओर से दिए गए बयान पर आपत्ति जताते हुए जोरदार हमला बोला।



केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि विगत दिनों उनके द्वारा दिए गए महिला विरोधी बयान पर पूरे ज़िले की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर उनसे पूछा था कि वे कौन महिलाएं हैं जो रांची के फ़्लैट में जाकर सोती है तथा किसके फ़्लैट में जाकर सोती है? महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के एक सप्ताह बाद पूर्व विधायक को सफाई देने का याद आया लेकिन अपने पक्ष में बोलने के लिए उनके पास कुछ भी नहीं था तो पुनः उन्होंने महिलाओं की तुलना राक्षसों से कर डाली। पूर्व विधायक तिवारी गढ़वा-रंका विधानसभा में मुद्दों पर राजनीति नहीं कर पा रहे हैं इसलिए वह बेतुका बयानबाजी कर सुर्खियों में रहना चाहते हैं। गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों को देखकर वह मुद्दा विहीन हो गए हैं। परिणामस्वरूप व्यक्तिगत लांछन लगाकर महिलाओं तथा अन्य लोगों का चरित्र हनन करने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व विधायक अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में विधायक कोटा की राशि डकार गए। उक्त राशि की एक भी योजना धरातल पर नहीं उतरी। अगर योजना धरातल पर उतरी है तो वह दिखा दें हम राजनीति से संन्यास ले लेंगे। पूर्व विधायक के कार्यकाल में जनता मूलभूत सुविधाएं सड़क, पानी, बिजली, नली, गली के लिए तरसती रही। जन प्रतिनिधि होने के बावजूद वह मुंह छुपाकर विधानसभा से दूर पड़े रहते थे। चुनाव हारने के बाद एक कुशल विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाय वह मदारीपन पर उतारू हो गए हैं। उन्हें तो भारतीय जनता पार्टी के ही अन्य नेता अब विपक्षी नजर आने लगे हैं। वह उनका भी तिरस्कार करने में पीछे नहीं हटते। पूर्व विधायक तिवारी इतने बड़े ठग हैं कि अपने दस वर्ष के कार्यकाल में तो जनता को ठगा ही बल्कि 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी पार्टी को भी ठगने का काम किया था। उनकी पूरी राजनीति झूठ, अफवाह और षड्यंत्र पर टिकी हुई है।

महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी लगातार सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में सक्रिय महिलाओं पर घटिया टिप्पणी कर उनका चरित्र हनन करने की कोशिश कर रहे हैं। सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की सक्रियता उन्हें रास नहीं आ रही है। इसीलिए लगातार वह अमर्यादित बयानबाजी कर रहे हैं। उनके द्वारा महिलाओं पर ओछी टिप्पणी कर चरित्र प्रमाणपत्र देना यह दर्शाता है कि वह मानसिक विक्षिप्त हो चुके हैं और उन्हें मनोचिकित्सक से इलाज की आवश्यकता है। झामुमो नेता सह करूआकलां के मुखिया नारद तिवारी ने कहा कि अन्नराज डैम से निकलने वाली नहर के पक्कीकरण में पूर्व विधायक संवेदक के साथ साझेदार हैं। इस योजना में भी लूट मचाई गई है। बारिश कम होने की वजह से अन्नराज डैम का पानी संरक्षित करके रखा गया है ताकि रबी फसल के समय किसानों को इसका लाभ मिल सके। इस पर भी पूर्व विधायक अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं। गढ़वा प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष नीरज तिवारी ने भी महिला विरोधी बयान के लिए पूर्व विधायक की आलोचना की।

# राक्षसी प्रवृत्ति की महिलाएं भी समाज में मौजूद : सतेंद्र नाथ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि सनातम धर्म में नारी का सम्मान और पूजा होती है। मैं भी सम्मान करता हूं, लेकिन समाज में नारी के वेष में राक्षसी प्रवृत्ति की महिलाएं भी हैं जो समाज की अन्य नारियों को दिग्भ्रमित करने का काम करती हैं। पूर्व विधायक अदमियाईंन शब्द को परिभाषित करते हुए मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि सिर्फ नारी ही समाज में राक्षसी प्रवृत्ति की नहीं होती हैं। कुछ ऐसे पुरुष भी हैं जो समाज में अशांति फैलाते हैं, निरीह लोगों की जान लेते हैं। ऐसे लोग राक्षस प्रवृत्ति के होते हैं। मैंने अपने दस वर्षों के विधायक कार्यकाल में महिलाओं के ऊपर ना ही किसी प्रकार की आंच आने दी और न ही किसी महिला को अशोभनीय बातें कही हैं। बावजूद कुछ लोग षडयंत्र के तहत बातों का बतंगड़ बनाकर समाज में आम-आवाम भोली-भाली महिलाओं को दिग्भ्रमित कर समाज में जहर घोलने का काम कर रही हैं। वहीं मैंने किसी का नाम नहीं लिया और ना ही कोई अमर्यादित बातें कही हैं। बावजूद कुछ महिलाएं अपनी आपा खो रही हैं। साथ ही ऐसी महिलाएं अपनी करतूत से अपनी आचरण को समाज में बयां कर रही हैं। उन्होंने बलेंद्र सिंह हत्याकांड का भी जिक्र करते हुए कहा कि बलेंद्र सिंह की पत्नी ने ही अपने पति की हत्या करवाई, जो पुलिस की छानबीन में सामने आया। ऐसी महिलाओं को क्या कहा जाएगा। वे पूज्य योग्य हैं या नारी के वेष में राक्षसी हैं। कुछ महिलाएं अपनी आजादी व मन मुताबिक जीवन बसर करने के लिए अपने पति तक की हत्या करवा दे रहीं हैं। वैसी महिलाएं दूसरे को क्या सीख देंगी। पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर व पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह के इशारे पर मेरे खिलाफ रणनीति के तहत दिन प्रतिदिन साजिश रची जा रही है। मैं और मेरी पार्टी दोनों महिलाओं का सम्मान करते हैं। भाजपा ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता हैं।




पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने संवेदक को लाभ पहुंचाने के लिए अन्नराज डैम का पानी बहवा दिया, जिससे 42 गांवों के लाखों किसानों के खेतों की सिंचाई नहीं हो सकी। किसानों के प्रति मंत्री के इस रवैये के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में एक अरब की राशि से अन्नराज डैम से निकलने वाले नहर का पक्कीकरण कराया था ताकि किसानों को पर्याप्त पानी मिल सकें। वे खेती कर अपनी आजीविका चला सकें। पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर को लगने लगा है कि उनकी जमीन खिसक रही है तो वे गिरिनाथ सिंह को साथ मिलाकर मेरे खिलाफ साजिश रचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने दोनों को आगामी विधान सभा चुनाव में जमानत जब्त कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि कॉलेज मामले को लेकर वे सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पत्रकार वार्ता में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता, मीना गुप्ता, मधुलता देवी, शोभा देवी, सरोज सिंह, गीता देवी, गिरजा देवी आदि मौजूद थीं।

# शिक्षक-शिक्षकेत्तरकर्मियों ने किया मंत्री आवास का घेराव

## वित्तरहित शिक्षाकर्मियों का आंदोलन मेरा आंदोलन, सारी मांगें जायज, पूरा कराएंगे : मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की गढ़वा जिला इकाई के नेतृत्व में जिले भर के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने बुधवार को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास का घेराव किया एवं वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त करने सहित अन्य मांगों को पूरा कराने की मांग की। मंत्री ने आंदोलित कर्मियों के टेंट में आकर उनके मांग पत्र को ग्रहण किया और कहा कि कर्मचारियों की सारी मांगें जायज और आवश्यक हैं। यह आंदोलन अब उनका आंदोलन बन गया। अपने नेतृत्व में वह इसे पूरा कराएंगे।

घेराव कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष मंडल के केंद्रीय सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने मंत्री को अपनी मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधान सभा में आश्वासन एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के पत्र में कहा गया है कि वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त कर नियमावली बनाकर वित्तरहित कर्मचारियों की सेवा सरकारी संवर्ग में करते हुए वेतनमान दिया जाए, लेकिन सरकार अपने ही निर्णय को लागू नहीं कर रही है। अनुदान चारगुना करने की विभागीय प्रस्ताव पर मंत्री के अनुमोदन के बाद भी लागू नहीं किया जा रहा है। इसके अलावे उन्होंने वर्ष 2023-24 की अनुदान राशि को सीधे शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के खाते में भेजने, वित्तरहित संस्थानों से डीईओ राज समाप्त करने, छत्तीसगढ़ राज्य की तरह शिक्षकों के सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष करने की मांग मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि राज्य में 178 प्रस्वीकृत इंटर कॉलेज, 106 प्रस्वीकृत एवं 207 राज्य



सरकार से स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय, 33 संस्कृत और 46 मदरसा विद्यालय हैं जहां चार लाख से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं और वहां 20-25 वर्षों से 10 हजार से ज्यादा शिक्षक बिना वेतन कार्यरत हैं। शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी सेवारत हैं। उनके परिवार आज बेहाल हैं। सरकार से आशा की उम्मीद लगी है। शिक्षक-कर्मचारियों की तड़प और पीड़ा की दास्तान सुनते ही मंत्री द्रवित हो गए। उन्होंने कहा कि वह इस मांग से मुख्यमंत्री को अवगत करायेंगे। शिक्षक प्रतिनिधियों को पहले मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय चौबे से मिलवाऊंगा। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को कैबिनेट में रखेंगे। साथ ही शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री से मिलेंगे। वह शिक्षकों की इस मांग को हर हाल में पूरा कराएंगे। घेराव की अध्यक्षता मोर्चा के बीरेंद्र तिवारी ने की। कार्यक्रम में अनिल तवारी, वसंत पाठक, दिनेश कुमार, धनंजय सिंह, रत्नेश तिवारी, दिनेश सिंह, सिद्धेवर सिंह, शिवपूजन तिवारी, देवराज मिश्र, नंद किशोर पाठक, अनिल राम, विवेक कुमार सिंह, सबीर खान, अमित कुमार सिंह, राजू प्रसाद, अमरेश कुमार यादव, वरुण पांडेय, रामपवन राम, रजनीश कुमार, जमील अहमद, संतोष कुमार, आशीष शुक्ला, जहीर आलम, मुन्नी देवी, विकास प्रताप देव, हीरालाल चन्द्रवंशी, मनोज कुमार मिश्रा, राजेश कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत अभियान का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला द्वारा पालकोट प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में वशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं, छात्राओं एवं अतिथिगणों ने स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम स्थल पर सभी ने प्लास्टिक कूड़े और गंदगी को उठाया। इसके बाद आसपास के इलाकों में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। म्केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान, मुखिया जोसेफिन टेटे, वार्डन सह शिक्षिका पूनम कुमारी, सरोजिनी टोप्पो आदि भी मौजूद रहे। वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रायडीह, गुमला में छात्राओं के बीच 'राष्ट्रीय पोषण माह', 'स्वच्छता ही सेवा' विषयों पर



रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान, वार्डन सह शिक्षिका सुनामी कुमारी, शिक्षिका संध्या कश्यप, रोज कांता एक्का, राधिका कुमारी आदि उपस्थित थे। प्रतिभागियों में से दस विजेताओं को चुना जाएगा और सभी विजेता प्रतिभागियों को 28 सितंबर को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रायडीह के प्रांगण में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# सुपोषित हों खुद को सशक्त बनाएं

**न्नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह, स्वच्छ भारत अभियान, मेरी माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स गढ़वा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा जिले के उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने उपस्थित सभी महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि खुद को सुपोषित करें और अपने आप को इतना सशक्त बनाएं जिससे कि आप अपने पैरों पर खड़ा हो सकें। समेकित बाल विकास परियोजना गढ़वा के सहयोग से गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 महीने से ऊपर के उम्र के बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। क्विज, रंगोली, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ये प्रतियोगिताएं मंगलवार को आयोजित की गई थी। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस की छात्राओं द्वारा पोषण रैली निकाली गई। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश में मिट्टी एकत्रित की गई। मौके पर पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत पांडेय, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश नशांत, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी लक्ष्मी भारती, विद्यालय के प्राचार्य रेयाज अहमद, लेखक निर्देशक सैकत चटर्जी थे, मुनमुन चक्रवर्ती, कामरूप सिन्हा, उज्ज्वल सिन्हा, अमर कुमार भांजा, नंदिनी सिंह आदि मौजूद रहे।



# विश्व हर्ट दिवस पर रन फॉर हर्ट का आयोजन कल

**गढ़वा।** प्रभात मेडिकल सेंटर की ओर से 29 सितंबर को गढ़वा में रन फॉर हर्ट का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डीएम कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. पंकज प्रभात ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि रन फॉर हर्ट की शुरुआत डीसी शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय करेंगे। चिनिया रोड स्थित नवनिर्मित समाहरणालय भवन के समीप सुबह छह बजे से रन फॉर हर्ट प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोग के अलावा चिकित्सक, समाजिक संस्था, खेल संघ, खिलाड़ी के लोग शामिल होंगे।

## माफिया दिन में नदियों से बालू का उठाव कर रात के अंधेरे में करते हैं तस्करी

# प्रशासन की नाक तले फल-फूल रहा है बालू का अवैध कारोबार!

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)**

बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में बालू माफियाओं द्वारा बालू के अवैध खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे यह कारोबार लंबे समय से क्षेत्र में फल-फूल रहा है, फिर भी खनन विभाग के अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने बैठे हैं। बालू माफिया चतुराई के साथ दिन में नदी से बालू का उठाव कर एक जगह डंप करते हैं और रात के अंधेरे में बालू की अवैध तस्करी विभिन्न क्षेत्रों में करते हैं। रात्रि 9 बजे से सुबह 5 बजे तक अवैध बालू का कारोबार बेखौफ होकर विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो बालू माफियाओं द्वारा धुरकी थाना क्षेत्र, सगमा प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न नदियों से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों व टिपर पर बालू लोड किया जाता है, जो सगमा एवं नगर उंटारी के विभिन्न इलाकों में मोटी रकम पर बेचा जा रहा है। सगमा क्षेत्र की विभिन्न नदियों से लाकर नगर उंटारी थाना क्षेत्र के बारोडीह(गोराडीह) के समीप महुआ के पेड़ के पास रात में बालू डंप किया जा रहा हैं। सुबह में ट्रैक्टर के माध्यम से इसको महंगे दामों पर बेचा जाता है। बालू माफिया पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर मालामाल हो रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि बालू का अवैध कारोबार संबंधित थाना क्षेत्रों के पुलिस व प्रशासन की मिलीभगत से कराया जा रहा है। बालू का अवैध कारोबार अब पुलिस प्रशासन की कमाई का जरिया बन गया है। अवैध खनन कर बालू ले जाने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों की तस्वीरें एवं वीडियो भी लगातार ग्रामीणों द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है, परंतु खनन विभाग के अधिकारी व स्थानीय पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने से कतराते हैं। बालू बिक्री के लिए जाते वक्त बालू माफिया अपनी गाड़ी के आगे पीछे कार एवं अन्य गाड़ियों से घूमते रहते हैं ताकि किसी भी तरह की गतिविधियों का पहले ही पता लगाया जा सके। बालू माफिया किसके संरक्षण में ट्रैक्टर एवं टीपर के माध्यम से अवैध बालू नगर उंटारी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में मोटी रकम लेकर बेच रहे हैं। आखिर इन लोगों पर प्रशासन कारवाई क्यों नहीं कर पा रहा?



### रोकथाम को लेकर डीसी ने दिए दिशा निर्देश

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। इसमें जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### केतार में भी हो रहा अवैध बालू खनन

केतार प्रखंड के पंडा नदी से अवैध बालू का उठाव कर भवनाथपुर थाना क्षेत्र के गांवों में बेखौफ होकर बिक्री किया जा रहा है। मोटा होने के कारण पंडा नदी के बालू की मांग ज्यादा है। कारोबारियों द्वारा प्रति ट्राली 3000-3500 रुपये यह बालू बेचा जा रहा है। केतार, केतरी, खोनहर सहित विभिन्न गांवों में पंडा नदी से बालू का उठाव किया जा रह है। प्रशासन की चुप्पी उनकी संलिप्तता दर्शाती है।

क्या कहते हैं एसटीपीओ : एसटीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि अगर बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है तो जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहते हैं एसपी

एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि सभी थाना प्रभारी को सूचित कर दिया गया है किसी तरह का अवैध बालू का उठाओ ना हो। अगर इस तरह का अवैध उत्खनन किया जा रहा है तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## धर्म-कर्म

## मनुष्य जन्म से ही तीन ऋणों मातृ-पितृ, देव व ऋषि ऋण से युक्त होता है : जीयर

# चिंता से विनाश और चिंतन से होता है विकास

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

मनुष्य को चिंता नहीं चिंतन करना चाहिए। चिंता से विनाश होता है, जबकि चिंतन से विकास होता है। चिंता ह्रास का कारण बनता है और कोई परिणाम नहीं दे पाता है। जीयर स्वामी ने सुखदेव जी की जन्मोपरांत तप के लिए वन गमन प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि संन्यासी चार प्रकार के होते हैं, कुटीचक, बहुदक, हंस और परमहंस। कुटीचक संन्यासी गृहस्थ जीवन के अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन के बाद घर में रहते हुए निर्लिप्त रहते हैं। बहुदक भी कुटीचक के समान होते हैं। हंस संन्यासी दुनिया को नश्वर मान दुनिया में रहते हैं। जैसे-कमल, पानी में रहते हुए भी जल के प्रभाव से मुक्त रहता है। परमहंस



संन्यासी दुनिया के किसी विषय वस्तु से सरोकार नहीं रखता, बल्कि स्थित प्रज्ञ की स्थिति में रहता है। उन्होंने कहा कि हर काल में समाज संचालन के नियम-कायदे विभिन्न ऋषियों एवं शासकों द्वारा निर्धारित किए जाते रहे हैं। जैसे मुगलकाल, अंग्रेजी शासन और स्वतंत्रोत्तर भारत के कानून आदि। इसी तरह ऋषियों द्वारा भी त्रेता, सत्युग, द्वापर और कलयुग में नीति निर्धारण किये गये हैं जिन्हें स्मृति कहते हैं। कलियुग में पराशर स्मृति मान्य है। पराशर स्मृति के अनुसार सभी वर्ण के लोग अपने अनुकूलता के अनुसार जीविकोपार्जन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य जन्म के साथ ही तीन ऋणों मातृ-पितृ ऋण, देव ऋण और ऋषि ऋण से युक्त होता है। मातृ-पितृ ऋण से उऋण (ऋणमुक्त) होने के लिए माता-पिता की जीवनपर्यंत सम्यक प्रकार से सेवा और मृत्योपरांत श्राद्ध एवं पिंडदान से मुक्ति मिलती है। यज्ञ, पूजा एवं भंडारा से देव ऋण से मुक्ति मिलती है, जबकि सद्ग्रंथों के नियमित अध्ययन से ऋषि ऋण से व्यक्ति उऋण होता है। तीनों ऋणों से उऋण होनेवाला ही पुत्र कहलाने का हकदार है। उन्होंने कहा कि तीनों ऋण से मुक्ति पाने वाला परम धाम को सहज ही प्राप्त कर लेता है। स्वामी जी ने कहा कि कलियुग की आयु 4 लाख 32 हजार वर्ष, द्वापर की आयु 8 लाख 64 हजार, त्रेता की 12 लाख 96 हजार और सतयुग की आयु 17 लाख 28 हजार वर्ष है। कलियुग में अभी 6 हजार वर्ष ही बीता है। उन्होंने कहा कि संत और ईश्वर से कुछ भी छुपाना नहीं चाहिए बल्कि आर्तभाव से स्पष्ट करनी चाहिए। विभीषण ने अपने को राक्षस कुल में जन्मा दशानन का भाई बताया और प्रभु ने उन्हें सहर्ष स्वीकार किया।

# जिद का आकाश व सरकार

**आज** के परिवेश में ध्वनि प्रदूषण बड़ी समस्या है। हालांकि झारखंड हाई कोर्ट ने सख्त निर्देश दिया है कि ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए कड़े कदम उठाये जायें। अभी कई त्योहार आने वाले हैं। दशहरा,दीपावली,छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहार दहलीज पर खड़े हैं। ऐसी स्थिति में राज्य से ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की दिशा में प्रशासन और समाज दोनों को पहल करने की जरूरत है। हाईकोर्ट की नाराजगी गलत भी नहीं है। कारण सरकार और जिला प्रशासन अभी तक ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है। यह चिन्ता की बात है। कारण रात्रि में बजने वाले कानफाड़ू डीजे जानलेवा साबित हो रहे हैं। शादी और त्योहारों में बजने वाले गाने की आवाज बहुतों को असहज महसूस होती है। इससे आस-पास रहने वाले लोगों के साथ परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चे व बीमार व्यक्ति प्रभावित होते हैं। नींद में खलल पड़ जाने की वजह से कई लोग बीमार हो जाते हैं। उनका पूरा दिन खराब जाता है। इस बाबत कई प्रकार की शिकायतों को प्रशासन द्वारा अनदेखी किया जाना अच्छी बात नहीं है। झारखंड के पलामू में इस प्रकार की शिकायतें मिल रही हैं। बावजूद कहीं कोई कार्रवाई का नहीं होना यह दर्शाता है कि लापरवाही काफी बढ़ गयी है। यहां शिवाजी मैदान में लगने वाले मेले से काफी लोग प्रभावित हैं। कई लोग परेशान हाल में कुछ दिनों के लिए अन्यत्र चले गये हैं। ऐसे ही हालात कई जगहों पर हैं। ध्वनि प्रदूषण आने वाले दिनों में स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बड़ी समस्या बन कर आने वाली है। इसलिए इस पर नियमानुसार रोक जरूरी है। यह बात भी सही है कि ध्वनि प्रदूषण मापने के लिए सरकार के पास कोई योजना अभी तक नहीं बनी है। इस कारण यह समस्या बड़ी नजर आ रही है। ध्वनि प्रदूषण मनुष्य के जीवन के लिए काफी खतरनाक है। यह सही है कि सभ्य समाज में अपनी खुशी जाहिर करने का सबको हक है। लेकिन किसी को परेशान करना अपराध है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सामाजिक प्रयास से इस कुप्रथा को रोका जाये। बहरहाल हम सब का जीवन वर्तमान समय में कई प्रकार की परेशानियों के बीच से गुजर रही है। प्रकृति के साथ छेड़ छाड़ होने से जहां पानी की समस्या मुंहबाये खड़ी है। वहीं वातावरण में आयी गंदगी से हवा भी प्रदूषित हो गयी है। पेड़ व पौधे जहां कहीं हमारे जीवन के अंग होते थे,वह गायब हो रहे हैं। जंगलों की अंधाधूंध कटाई मानव जीवन को मुश्किल में डाल रहा है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि इस विपदा को बुलाने में मनुष्य का कम योगदान नहीं है। किसी बात को सरकार की नाकामी बताने से पहले अपने गिरेबां में छांकने की भी जरूरत है। ऐसी स्थिति में हमारे उम्मीदों के आकाश में कई छिद्र नजर आ रहे हैं। अच्छा होगा,हम सुधर जायें,नहीं तो आने वाला दिन और परेशानियों को लेकर आने की जिद कर रहा है।

**शादी और त्योहारों में बजने वाले गाने की आवाज बहुतों को असहज महसूस होती है। इससे आस-पास रहने वाले लोगों के साथ परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चे व बीमार व्यक्ति प्रभावित होते हैं। नींद में खलल पड़ जाने की वजह से कई लोग बीमार हो जाते हैं। उनका पूरा दिन खराब जाता है।**

# 'अर्बन नक्सली' कन्हैया का कांग्रेस में बढ़ता कद



आर.के.सिन्हा



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी का कहना कि कांग्रेस अपनी विचारधारा को 'अर्बन नक्सलियों ' के पास गिरवी रख रही है। उनका मत सही है। जेएनयू के पूर्व अध्यक्ष 'भारत तेरे टुकड़े होंगे ' गैंग के नायक कन्हैया कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्यसमिति में जगह देकर स्पष्ट कर दिया कि उन्हें उन तत्वों से कोई कतई परहेज नहीं हैं, जो भारतीय सेना पर कश्मीर में रेप के झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाते रहे हैं। बेशक, देश की आम राष्ट्रभक्त जनता तो कन्हैया कुमार को कभी माफ नहीं करेगी, क्योंकि उसने सेना पर मिथ्या आरोप लगाये। कन्हैया कुमार ने पिछला लोकसभा चुनाव भी अपने गृह जनपद बेगूसराय से लड़ा और वे वहां से बुरी तरह से हारे थे। वे तब भाकपा के टिकट पर उम्मीदवार थे। उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग के सैकड़ों सदस्यों ने बेगूसराय में डेरा डाला। ये सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। गिरिराज सिंह को बाहरी उम्मीदवार बताना इनका बड़ा मुद्दा था। बात सही भी थी। गिरिराज गंगा के दक्षिणी कछार के प्रसिद्ध गांव बड़हिया के निवासी हैं और बेगूसराय गंगा के उत्तरी छोर पर है । हालांकि, कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्यसमिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है। यह कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी और शक्तिशाली समिति है या यूं कहें कि हुआ करती थी। कांग्रेस के अपने संविधान और नियम हैं, इसे लागू करने का अंतिम निर्णय कांग्रेस कार्यसमिति ही करती है। कहने वाले तो यह भी कहते हैं कि इसके पास इतनी शक्तियां होती हैं कि वो पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर सकती है और पद से चलता भी कर सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद नई कांग्रेस कार्यसमिति बनती है। यहां यह याद दिलाना जरूरी हो जाता है कि लखनऊ कांग्रेस बैठक के बाद जब कांग्रेस अध्यक्ष नेहरू की तानाशाही से रुष्ट कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्यों देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद, बल्लभ भाई पटेल, आचार्य कृपलानी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आदि ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया था तो पार्टी में कोहराम मच गया था और स्वयं गांधी जी को हस्तक्षेप करना पड़ा था। बहरहाल, भाजपा और भाजपा के सभी नेताओं पर जहर उगलने वाले कन्हैया कुमार अपनी कटु वाणी के लिए जाने जाते हैं। अब तो वे कांग्रेस कार्यसमिति में हैं। तो क्या माना जाए कि कन्हैया कुमार की भारत की सेना को लेकर की गई टिप्पणियों पर कांग्रेस उनके साथ खड़ी है? उसने न जाने कितनी बार कहा कि भारतीय सेना कश्मीर में घृणित कर्म करती रही है। भारतीय सेना पर कश्मीर में रेप जैसा जघन्य आरोप लगाने वाले और टुकड़े-टुकड़े गैंग के समर्थन में कन्हैया कुमार के आरोप को देखने के लिए आप यू- ट्यूब का सहारा भी ले सकते हैं। उससे पूछा जाना चाहिए कि वह किस आधार पर सरहदों की निगहबानी करने वाली भारतीय सेना पर आरोप लगाता रहा है? उसके पास अपने आरोपों को साबित करने के किस तरह के पुख्ता प्रमाण हैं? भारतीय सेना पर मिथ्या आरोप लगाने वाले कन्हैया ने सेना पर आरोप तो लगा दिये, पर उसे तब सेना का अदम्य साहस दिखाई नहीं दिया, जब सेना जान पर खेलकर संकट के वक्त जनता को बचाती है। कन्हैया कुमार जब जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष थे, उस दौरान वहां पर उन्हीं के नेतृत्व में संसद हमले के

**गिरिराज गंगा के दक्षिणी कछार के प्रसिद्ध गांव बड़हिया के निवासी हैं और बेगूसराय गंगा के उत्तरी छोर पर है। हालांकि, कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्यसमिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है।**

## इन दिनों

गुनहगार अफजल का जन्मदिन मनाया जा रहा था। क्या यह बिना उनकी सहमति के संभव था। कन्हैया कुमार बहुत ही चतुर खिलाड़ी है। घोर महत्वकांक्षी भी है। कांग्रेस में शामिल होते ही उन्होंने 1984 में श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली में भड़के दिल-दहलाने वाले सिख विरोधी दंगों और हजारों सिखों के बर्बरतापूर्ण नरसंहार के लिए कांग्रेस को क्लीन चिट दे दी थी। कन्हैया कुमार कहते हैं कि 1984 के दंगे भीड़ के उन्माद के कारण ही भड़के। इस तरह से उन्होंने कांग्रेस को प्रमाणपत्र दे दिया कि कांग्रेस की 1984 के दंगों में कोई भूमिका ही नहीं थी। क्या वे तब दिल्ली में थे? उस समय उनकी कितनी उम्र थी? 1984 के दंगों के कारणों पर मानवाधिकार संगठन पीयूडीआर ने एक शोध रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उसने दावा किया था कि सिखों का कत्लेआम कांग्रेस के नेताओं की शह पर ही हुआ। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार 1984 के दंगों को भड़काने के आरोप साबित होने के कारण ही उम्र कैद की सजा झेल रहे हैं? जगदीश टाइटलर अलग कोर्ट की पेशियां देते फिर रहे हैं । बड़ा प्रश्न यह है कि क्या इन छुटभैये नेताओं ने बिना राजीव और सोनिया के शह पर यह नरसंहार किया । दिल्ली ने 1947 के बाद 1984 में भयानक दंगे देखे थे। देश के बंटवारे के बाद 1947 में भी दिल्ली के बहुत से इलाकों में दंगे हुए थे। हालांकि तब तक दिल्ली एक छोटा सा शहर थी। उस दंगे को रुकवाने के लिए महात्मा गांधी खुद दंगा ग्रस्त इलाकों में जाने लगे थे। ताकि दिल्ली में दंगे रुक जाएं इसलिए गांधी ने 13 जनवरी से 18 जनवरी तक उपवास रखा। वे तब 78 साल के हो चुके थे। उनके उपवास का असर यह हुआ कि दंगाई शांत हो गए। दिल्ली फिर से अपनी रफ्तार से चलने लगी। एक तरफ तो यह महात्मा गांधी की संवेदना थी। दूसरी ओर तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिक्रिया थी कि 'जब कोई बड़ा बरगद का वृक्ष जमीन पर गिरता है तो धरती तो थोड़ी बहुत हिलती ही है ।' यानी तीन हजार सिखों का कत्लेआम इनके लिए 'थोड़ा बहुत' था । जब इंदिरा गांधी की उनके निजी अंगरक्षक सुरक्षा कर्मियों द्वारा हत्या की गई थी तो दिल्ली में दंगे भड़क उठे या भड़काये गये, तब कांग्रेस के लफंगों ने दिल्ली में हजारों निर्दोष सिखों को मौत के घाट उतारा था। देखा जाय तो उसे सांप्रदायिक दंगा कहना भूल होगा। पर तब उन दंगाइयों को कदम-कदम पर अटल बिहारी वाजपेयी, चंद्रशेखर, कुलदीप नैयर, लेफ्टिनेंट जनरल अरोड़ा, लेखक महीप सिंह समेत सैकड़ों छात्रों, राजनीतिक तथा मानवाधिकार कार्यकर्ताओं वगैरह से टक्कर लेनी पड़ी थी। फिर भी वह दंगा नहीं बर्बरतापूर्ण 'नरसंहार' था। अटल बिहारी वाजपेयी का उस दिन देश ने इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजधानी में भड़के सिख विरोधी दंगों के समय एक अलग ही रूप देखा था। वे तब दिल्ली प्रेस क्लब के लगभग सामने स्थित 6 रायसीना रोड के बंगले में रहते थे। राजधानी जल रही थी। यहां पर मौत का नंगा नाच खेला जा रहा था, मानवता मर रही थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने 1 नवंबर,1984 को सुबह दसेक बजे अपने बंगले के गेट से बाहर का भयावह मंजर देखा। उनके घर के सामने स्थित टैक्सी स्टैंड पर काम करने वाले सिख ड्राइवरों पर हल्ला बोलने के लिए गुंडे-मवालियों की भीड़ एकत्र थी। वे तुरंत बंगले से अकेले ही निकलकर नंगे पांव टैक्सी स्टैंड पर पहुंच गये। उनके वहां पर पहुंचते ही हत्या करने के इरादे से आई भीड़ तितर-बितर होने लगी। भीड़ ने अटल जी को तुरंत पहचान लिया। उन्होंने भीड़ को कसकर खरी-खरी सुनाई।

## बोधि वृक्ष

*आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

**संत** गरीबदास जी ने बताया है कि सतलोक जो पारब्रह्म का दरबार है , उसमें ऐसी - ऐसी करोड़ों सरस्वती अपनी सुरीली आवाज में गाने गाती हैं।

**ध्रुव प्रहलाद अगाध अग है,**
**जनक बिदेही जोर है**
**चले विमान निदान बीत्या,**
**धर्मराज की बन्ध तौर हैं**

इसी तरह ध्रुव, प्रहलाद, राजा जनक जैसे कई महापुरुष काल की दुनिया में फंसे रहे। किसी को भी सतगुरु नहीं मिला इसलिए तत्वज्ञान में कहा गया है कि आत्म प्राण उद्धार ही, ऐसा धर्म नहीं और। अर्थात यदि कोई आत्मा को जन्म-मरण से मुक्त कर दे तो उससे बड़ा कोई धर्म नहीं है। यह अद्भुत कार्य केवल परम संत/सतगुरु ही कर सकते हैं। कुछ महापुरुषों पर सर्वशक्तिमान कबीर जी ने रजा की और उन्हें धर्मराज (यम) के दरबार में ले गए और उन्हें काल के लोक की स्थिति से अवगत कराया आइये देखें कौन है वो महापुरुष।

**सर्वशक्तिमान कबीर जी द्वारा स्वामी रामानंद जी को धर्मराज (यम) के दरबार का दर्शन कराना :** सर्वशक्तिमान कबीर जी 600 साल पहले काशी, वाराणसी, भारत में मानव कल्याण के लिए अवतरित हुए थे। उस समय उन्होंने वैष्णो पंथ के स्वामी रामानंद जी को अपनी शरण मे लिया था। उन्होंने गुरु शिष्य परंपरा कायम रखने के लिए स्वामी रामानन्द जी को अपना गुरु भी बनाया था। स्वामी रामानंद जी भगवान विष्णु के उपासक थे। उन्हें वेदों और गीता का अच्छा ज्ञान था और वे अपनी पूजा को श्रेष्ठ और मोक्ष प्रदान करने वाला मानते थे। भगवान कबीर जी ने एक बुनकर के रूप में लीला करते हुए स्वामी रामानन्द जी को तत्वज्ञान से अवगत कराया था।

(क्रमशः)

# वहीदा रहमान के उत्कृष्ट अभिनय का कायल है जमाना



ललित गर्ग

**एक** परम्परागत भारतीय स्त्री को जिन मानवीय मूल्यों के साथ देखा जाता रहा है, हिन्दी फिल्मों में वहीदा रहमान स्त्री के उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती रही हैं। वे एक नायाब नायिका, जिन्होंने पांच दशकों तक यादगार एवं अविस्मरणीय भूमिकाओं को निभाते हुए हिन्दी सिनेमा को न केवल उच्च शिखर दिये बल्कि मनोरंजन के अनेक दरवाजों को खोला। इस महान अदाकार को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय भारत सरकार ने ऐसे समय में लिया है, जब ऐतिहासिक नारी शक्ति वन्दन अधिनियम संसद में पारित किया गया है। वहीदा रहमान करोड़ो दर्शकों पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी यादगार एवं संवेदनशील भूमिकाओं से विचरण करती रही है। जिनका अभिनय, प्रेम की तरह मन के एक सुरक्षित कोने में संजोया जा सकता है। वे दर्शकों के मन में इस तरह पैठ गयी है कि मन का वजन पहले से कई गुणा भारी हो उठता है। उनकी मोहक छवि, भंगिमाएं, नृत्य की बारीकियां दर्शकों को एकबारगी जड़ कर देती है। तब पर्दे पर यह विलक्षण एवं अद्भुत नायिका, प्रकृति की सबसे सुन्दर कृति के रूप में नजर आती रही है। उन्होंने अपने प्रभावशाली अभिनय से असंख्य दर्शकों का जो स्नेह-सम्मान पाया है, वह अद्भुत है, आज तक उनके अभिनय की गहनता को कोई अभिनेत्री छू नहीं सकी हैं। अपने अभिनय कौशल से किरदारों को संवेदनशील और अदम्य गरिमा प्रदान करने वाली वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय ऊंची पसन्द के दिलों को गौरवान्वित करने की घटना है। निश्चित ही यह एक सुखद संयोग है कि देश जब हरदिल अजीज अभिनेता देव आनंद की जन्मशती मना रहा है, उसी दौरान उनकी कालजयी फिल्म गाइड की नायिका वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा का शिखर सम्मान की घोषणा की गई। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि वहीदा रहमान और देव साहब की जोड़ी रूपहले परदे पर लंबे समय तक छाई रही। दोनों ने सात फिल्में साथ-साथ की थीं, जिनमें से पांच जबर्दस्त हिट रहीं। वहीदा रहमान की शख्सियत का सबसे आकर्षक पहलू यह है कि फिल्मी करियर की शुरूआत से लेकर अब तक उन्होंने अपनी शर्तों पर ही काम किया और इसमें उनकी परवरिश का बड़ा योगदान रहा। बचपन में जब वह भारत नाट्यम सीख रही थीं, उनके जिला मजिस्ट्रेट पिता से किसी रिश्तेदार ने शिकायती अंदाज में कहा था, मुसलमान होकर बेटी को नचाओगे? तरक्की पसंद पिता का जवाब था, कला कोई बुरी चीज नहीं होती, इंसान की सोच बुरी होती हैं। वहीदा रहमान की अदाओं का हिन्दी फिल्मों के बड़े पर्दे के दर्शक तो कायल रहे ही हैं, लेकिन तेलुगु, तमिल और बंगाली फिल्मों के दर्शकों पर भी उन्होंने राज किया है। वह 1950, 1960 और 1970 के दशकों की फिल्मों की विभिन्न शैलियों में अपने योगदान के लिए जानी जाती हैं। 3 फरवरी 1936 को जन्मी यह महान कलाकार अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणओं का समवाय रही हैं। हिंदी सिनेमा की सबसे निपुण अभिनेत्रियों में से एक मानी जाने वाली वहीदाजी को एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और तीन फिल्मफेयर पुरस्कार मिले हैं। रहमान को 1972 में भारत सरकार ने पद्मश्री और 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 90 से अधिक फिल्मों में काम किया है। करियर के इस पड़ाव पर रहमान ने अनेक चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं के साथ प्रयोग करना शुरू कर दिया। उन्होंने फागुन (1973) में जया भादुड़ी की मां की भूमिका निभाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। 70 के दशक की नई पारी में वहीदा रहमान की सफल फिल्मों में कभी-कभी (1976), त्रिशूल (1978), ज्वालामुखी (1980), नसीब (1981), नमकीन (1982), धरम कांटा (1982), नमक हलाल (1982) शामिल हैं। कुली (1983), मशाल (1984), चांदनी (1989) और लम्हे (1991)। कभी-कभी, नमकीन, चांदनी और लम्हे ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकन प्राप्त किया।

**वहीदा रहमान करोड़ो दर्शकों पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी यादगार एवं संवेदनशील भूमिकाओं से विचरण करती रही है। जिनका अभिनय, प्रेम की तरह मन के एक सुरक्षित कोने में संजोया जा सकता है।**

## अभिनय

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# अमेरिका में दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर बनकर तैयार



किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तरपर आदि अनादि काल से भारत संस्कृति, वास्तुकला व आध्यात्मिकता का गढ़ रहा है जो हजारों वर्ष पूर्व के भारतीय इतिहास में हमें देखने को मिलता है। समय का चक्र चलता रहा और पावन भारतीय भूमि ने अनेक विपत्तियों के साथ अंग्रेजों का शासन अखंड भारत का विघटन भी देखा और सामाजिक उतार-चढ़ाव के चक्र ऐसे चले कि अनेक भारतीय नागरिक पूरी दुनियां में अलग अलग देश में जाकर बसते चले गये और उनका कुनबा बढ़ने के साथ, रिश्तेदार, जानकार, जान पहचान वाले अन्य लोगों सहित नौकरी पेशे के हित में लाखों भारतीय विदेश में बसते चले गये, परंतु उनकी जड़े तो भारत से ही थी उन्होंने वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में अपनी खुशबू बिखेर दी, बौद्धिक क्षमता, नेतृत्व कला अपनी संस्कृति आध्यात्मिकता के गुणों से अनेक देशों में वहां के नागरिकों को प्रभावित कर उन देशों के सबसे प्रमुख पदों पर जाकर आसीन हुए हैं। यहां तक कि ब्रिटेन, सिंगापुर के पीएम और अमेरिका के उपराष्ट्रपति सहित अनेक देशों में अनेक प्रमुख राजनीतिक शासकीय पदों पर विराजमान हैं। यह सब तो हम जानते ही हैं परंतु दिनांक 25 सितंबर 2023 को देर शाम अमेरिका में दुनियां के दूसरे सबसे बड़े मंदिरअक्षरधाम का उद्घाटन 8 अक्टूबर 2023 को होने की जानकारी मीडिया में आने से भारत सहित पूरे विश्व में निवासी भारतवंशियों के हृदय गर्व से झूम उठे। खासकर भारत से सात समंदर पार विश्व के दूसरे सबसे बड़े मंदिर के बारे में जानने के लिए जिज्ञासा उठ पड़ी है इसके उद्घाटन में अनेक देशों, अमेरिकी शासन व राजनीति के कुछ प्रमुख चेहरे भी होंगे। मेरा एक सुझाव है कि इस गौरववित क्षण का साक्षी बनने के लिए भारत सरकार के प्रमुख और अमेरिकी सरकार के प्रमुख की उपस्थिति सुनिश्चित करने की कोशिश की जाय तो अभूतपूर्व इतिहास बन जायेगा। चूंकि अमेरिका में 8 अक्टूबर 2023 को दुनियां के दूसरे सबसे बड़े मंदिर का उद्घाटन हो रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका में 185 एकड़ में फैले अक्षरधाम मंदिर से भारतीय कला, वास्तुकला संस्कृति व आध्यात्मिकता का संचार पानें का स्वर्णिम अवसर होगा। साथियों बात अगर हम इस हिंदू मंदिर के बारे में जानने की करें तो, इस मंदिर का डिजाइन भारत में ही किया गया था। यूरोप के कई हिस्सों से पत्थर निकाले गये और फिर भारत भेजा गया, जहां इसे तराशा गया। फिर इसे अमेरिका भेज दिया गया। भारत के बाहर निर्मित दुनियां के सबसे बड़े हिंदू मंदिर का उद्घाटन 8 अक्टूबर को न्यू जर्सी में होने वाला है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लगभग 90 किमी दक्षिण में या वाशिंगटन डीसी से लगभग 289 किमी दूर उत्तर में, न्यू जर्सी के छोटे रॉबिन्सविले टाउनशिप में बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर को 12,500 से अधिक की वॉलंटियर्स द्वारा बनाया गया है। अपने जटिल डिजाइन, आध्यात्मिक महत्व और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, स्वामीनारायण अक्षरधाम मानव समर्पण,परंपरा और कलात्मकता के प्रमाण के रूप में खड़ा है। इस ग्रैंड टेंपल का निर्माण 2015 में शुरू हुआ था। इसका उद्घाटन 8 अक्टूबर 2023 को महंत स्वामी महाराज और अन्य लोगों की ओर से किया जायेगा। मंदिर का डिजाइन प्राचीन ज्ञान का सच्चा प्रमाण है, जिसमें हिंदू धर्मग्रंथों और संस्कृति से लिए गए तत्व शामिल हैं। इसकी विस्मयकारी विशेषताओं में 10, हजार मूर्तियाँ और मूर्तियाँ, भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों और नृत्य रूपों की जटिल नक्काशी और बहुत कुछ हैं। यह वास्तुशिल्प उत्कृष्ट कृति उस समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है जो इसका प्रतिनिधित्व करती है। प्रभावशाली 255 फीट ७ 345 फीट ७ 191 फीट माप वाला, न्यू जर्सी अक्षरधाम मंदिर संभवतः विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा मंदिर है, जो केवल कंबोडिया के अंगकोर वाट से आगे है।

**भारत से सात समंदर पार विश्व के दूसरे सबसे बड़े मंदिर के बारे में जानने के लिए जिज्ञासा उठ पड़ी है इसके उद्घाटन में अनेक देशों, अमेरिकी शासन व राजनीति के कुछ प्रमुख चेहरे भी होंगे।**

## मंदिर

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### जदयू के पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन ने दिया पार्टी से दिया इस्तीफा

**पटना।** जदयू के पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन ने बुधवार को जदयू से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को इस संबंध में अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने इस्तीफा देने के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं किया है। इस्तीफा में उन्होंने लिखा है कि मैं जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। रणवीर नंदन की पहचान नीतीश कुमार के काफी करीबी नेता के रूप में रही है। यहां तक कि उनके द्वारा आयोजित कई पूजा समारोहों में नीतीश कुमार जाते रहे हैं।डॉ रणवीर नंदन राजनीति के सक्रिय रहने के साथ ही शिक्षण के पेशे से जुड़े रहे हैं। वे बीएन कॉलेज पटना में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

पिछले कुछ दिनों से रणवीर नंदन लगातार पार्टी की विचारधारा से अलग बयान दे रहे थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर एकजुट हुए विपक्षी दलों पर उन्होंने निशाना साधा था। उन्होंने विदेश में जाकर भारत की दलीय राजनीति की चर्चा करने के लिए राहुल गांधी की आलोचना भी की थी। पार्टी के नीतियों के विरोध में उन्होंने 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन पर बधाई भी दी थी।

### उन्नाव: हाइवे पर चलती कार में मुनीम से मारपीट कर 15 लाख की लूट

उन्नाव। जनपद उन्नाव के हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में लकड़ी व्यापारी के मुनीम से चलती कार में मारपीटकर 15 लाख रुपये की लूट की घटना हो गई। इस वारदात को लेकर काकोरी और हसनगंज थाना की पुलिस सीमा विवाद में उलझ गई। वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने पर मामला उन्नाव जनपद का है। मामले की जांच पुलिस की टीमें लगी हुई है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला सैफी लकड़ी का कारोबारी है। उनका मुनीम शोमित मिश्रा अपने साथी सुधीर मंगलवार शाम लखनऊ के आशियाना में रहने वाले परचित से 15 लाख रुपये लेकर वापस लौट रहे थे। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पहुंचते ही दोनों ने कार सवार युवक से लिफ्ट लिया। कुछ दूर और चलने पर कार चालक ने दो और युवकों को अपने साथ बैठा लिया। हसनगंज के बाराती खेड़ा गांव के पास पहुंचे थे कि कार में सवार चालक और दो अन्य युवकों ने शोभित और सुधीर के गले में गमछा डालकर गला कसकर कट्टे की बट से वार कर घायल कर दिया। चलती कार में उनसे 15 लाख रुपये लूटकर बदमाश फरार हो गए है। दोनो लहूलुहान हालत में कुछ देर बाद किसी दूसरे वाहन से सवार होकर बांगरमऊ पहुंच घटना की जानकारी लकड़ी मालिक को दी।

### ट्रक और बोलेरो के बीच भिड़ंत, तीन महिलाओं सहित चार की मौत

**मंडला।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर ग्राम बरखेड़ी के पास मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार बोलेरो कार और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात करीब एक बजे बिछिया की ओर जा रही बोलेरो कार को ग्राम बरखेड़ी के नजदीक लोहे का सरिया लेकर रायपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतना भीषण था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चार लोगों की मौत हुई, जिनमें तीन महिलाएं हैं। दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिछिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि बोलेरो वाहन में छह लोग सवार थे, जिनमें से चार की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतकों में तीन महिलाएं और एसयूवी चालक शामिल हैं। मृतकों की पहचान लक्ष्मीबाई (38) पत्नी संजय यादव, रानीबाई (58) पत्नी मुन्ना लाल यादव, सुभद्रा बाई (42) पत्नी सनीलाल यादव तीनों निवासी ग्राम मालनवाड़ा थाना केवलारी जिला सिवनी और दुर्गेश (32) पुत्र कन्हैयालाल उइके निवासी ग्राम डुंगरा थाना बिछिया के रूप में हुई है। हादसे में इंद्रेश (32) पुत्र महेश उइके तथा इन्द्राबाई (35) पत्नी राकेश यादव दोनों सभी निवासी ग्राम डूंगरा थाना बिछिया घायल हुए हैं। घायलों का इलाज मंडला के जिला अस्पताल में किया जा रहा है। टक्कर लगने से ट्रक भी पलट गया। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

### दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो की मौत, चार घायल

**राजगढ़।** राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह ग्राम जलालिया-खजूरी रोड़ पर दो बाइकें आमने-सामने से भिड़ गई, जिसमें एक बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक घायल हो गया उधर दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। एएसआई गुलाबसिंह के अनुसार दो बाइक आमने-सामने से भिड़ गई। हादसे में दुर्गाप्रसाद और भंवरलाल की मौके पर ही मौत हो गई।

# राज्य में अधोसंरचना निर्माण से मिलेगी आर्थिक विकास को गति : सीएम भूपेश

**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश ने बुधवार को राजधानी रायपुर से प्रदेशवासियों को 16 विभागों के 4 हजार 471 करोड़ रुपये की लागत के 2715 विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल लोकार्पण-भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये सभी विकास कार्य अधोसंरचनाओं के विकास से जुड़े हैं जो जनसुविधाओं को और बेहतर बनाएंगे। इन कार्यों का सीधा संबंध हमारे आर्थिक विकास से भी है।




इन विकास कार्यों में दो हजार 368 करोड़ रुपये की लागत के 1121 कार्यों का भूमिपूजन तथा 1705 करोड़ की लागत के 1530 कार्यों का लोकार्पण तथा 398 करोड़ रुपये लागत के 64 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने इस मौके पर राजधानी नई दिल्ली के द्वारका में 60 करोड़ 40 लाख के लागत से बने सर्व सुविधा युक्त नवनिर्मित छत्तीसगढ़ निवास का वर्चुअल शुभारंभ भी किया और उन्होंने प्रदेशवासियों को इन सभी विकास कार्यों के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 05 सालों में सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ अधोसंरचना निर्माण को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही है। हमारी जनहितैषी योजनाओं का लाभ प्रदेश के सभी वर्गो को समान रूप से मिल रहा है। लोगों की जरूरतों के अनुरूप हमारी योजनाएं बनी और उसके प्रभावी क्रियान्वयन ने छत्तीसगढ़ के विकास को गति दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को नई दिल्ली में ठहरने के लिए छत्तीसगढ निवास के रूप में नया भवन मिल गया है। इससे प्रदेश के जरूरतमंदों को सहित सभी के रुकने-ठहरने की दिक्कत दूर हो जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने पिछले दो दिनों के भीतर ही राज्य तथा जिला स्तर पर विभिन्न विभागों तथा जनसुविधाओं से जुड़े 10 हजार 551 करोड़ रुपये की लागत के निर्माण कार्यों की सौगात प्रदेशवासियों को दी है।

उप मुख्यमंत्री टीएस सिहदेव कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े। सिंहदेव ने अपने वर्चुअल सम्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने का काम इसी तरह होता रहेगा। इन विकास कार्यों से आमजनों की सुविधाएं बढ़ेगी। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव गृह मनोज पिंगुआ, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, एस. भारतीदासन सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर वर्चुअली शामिल हुए।

# रालोजपा नेता अनवर की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी। गया**

बिहार के गया जिले के आमस थाना क्षेत्र में बुधवार को अज्ञात अपराधियों ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जामकर जमकर हंगामा किया।



पुलिस के मुताबिक, सिहुली गांव निवासी और रालोजपा नेता अनवर खान आमस के गम्हारिया गांव के पास बुधवार को एक सैलून में बैठकर बाल कटिंग करवा रहे थे, तभी तीन अज्ञात अपराधी बिना नंबर की मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे और उन्हें निशाना बनाते हुए फायरिंग कर दी। गोली लगने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से वहां से फरार हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जीटी रोड जामकर हंगामा कर रहे है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। मृतक लोजपा की टिकट पर शेरघाटी विधानसभा से पिछला चुनाव भी लड़ चुके थे। बताया जाता है कि घटना के समय उनका बेटा भी उनके साथ था। शेरघाटी के पुलिस उपाधीक्षक राज किशोर सिंह ने बताया कि अनवर अली खान पर भी कई मामले दर्ज थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# भाजपा विस चुनाव में ला रही है सजावटी प्रत्याशी : कमल नाथ

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा तीन मंत्रियों सहित सात सांसदों को उम्मीदवार बनाए जाने पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ का आरोप है कि एक तरफ जहां मंत्रालय के कामकाज पर असर होगा, वहीं संसदीय क्षेत्र की जनता को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



कमलनाथ ने एक्स पर कहा है, भाजपा जितने सजावटी उम्मीदवार ला रही है, जनता का आक्रोश उतना ही ज्यादा बढ़ रहा है, कारण स्पष्ट है। जनता मान रही है कि जो मंत्री चुनाव लड़ेंगे, उनका मंत्रालय जो पहले से ही सुप्त है अब और भी निष्क्रिय हो जायेगा, तो फिर जनता के रुके हुए काम कैसे होंगे। इस वजह से आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा, जो सत्ताधारी सासंद चुनाव लड़ेंगे, उनका संसदीय क्षेत्र उपेक्षित होगा, जिसका खामियाजा जनता ही भुगतेगी। इस वजह से आक्रोश बढ रहा है। ये तथाकथित बड़े लोग पार्टी के दबाव में बेमन से लड़ेंगे और हारेंगे तो जनता के खिलाफ हो जाएंगे, जिसके कारण जनता उनकी उपेक्षा और उनके उत्पीड़न का शिकार होगी। इस वजह से आक्रोश बढ़ रहा है। कमलनाथ ने आगे कहा, यदि भाजपा के कोई एक-दो सांसद जोड़, जुगत, जुगाड़ से चुनाव जीत भी गये तो फिर बाद में विधायक के पद से इस्तीफा देकर आगामी लोकसभा का चुनाव लडेंगे, जिससे उप चुनाव का खर्चा होगा, जो जनता के टैक्स की ही बबार्दी होगी। इस वजह से आक्रोश बढ़ रहा है।

# गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति पाकर और स्वदेशी अपना कर आत्मनिर्भर बनना है : सीएम योगी

**एजेंसी। गोरखपुर**

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के अंदर विकास की भावना क्या होनी चाहिए, यह भारत ने ही दिया है। विगत नौ वर्षों से देश और दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत इसी भावना का प्रतिनिधित्व भी कर रहा है।



मुख्यमंत्री योगी युगपुरुष ब्राह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी के क्रम में प्रथम दिन बुधवार को "एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना की आधारशिला" विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक संकल्प दिया। उत्तर से दक्षिण तक तथा पूर्व से पश्चिम तक एक भावना से सभी को संबल प्रदान किया। देश के 120 जनपद नक्सल प्रभावित थे, पूर्वोत्तर अराजकता से भरा था। पर, पीएम मोदी ने अपने नेतृत्व में भेदभाव की भावना को समाप्त कर, विकास की योजनाओं से जोड़कर इन सभी क्षेत्रों को विकास की धारा में ला दिया। कश्मीर हो या कन्याकुमारी, अरूणांचल हो या द्वारिकापुरी, सभी देशवासियों को सीधे विकास की परियोजनाओं से जोड़कर एक दूसरे राज्यों से परस्पर संबंध बनाकर, भारत को समानभाव से समझने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लाल किला से पंच प्रण का संकल्प लेकर देशवासियों को यह भाव दिया कि हमें एक विकसित भारत का निर्माण करना है। जो गुलामी के प्रतीक हैं, उनसे मुक्ति पाकर स्वदेशी पर गर्व करते हुए आत्मनिर्भर बनाना होगा। एक तरफ गुलामी के अंश पर विराम लगाना है तो दूसरी तरफ अपनी विरासत पर गौरव करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भारत देश ऐसा है जहा जन्म लेना दुर्लभ है, उसमें भी मनुष्य के रूप में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। हमें अपने तीर्थ, धर्म ग्रंथ और संस्कृति पर गर्व करने के साथ हर नागरिक से समान व्यवहार करना चाहिए। साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति सभी को जागरूक रहना होगा। पीएम मोदी के पंच प्रण ने देश में एक भाव पैदा किया है जिससे हम सभी का दायित्व राष्ट्र प्रथम का ही गया है।

# नियुक्ति भ्रष्टाचार पर सीबीआई की रिपोर्ट पार्थ से जुड़े 35 फर्जी खातों से लेनदेन

**एजेंसी। कोलकाता**

नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ एक बार फिर सीबीआई ने महत्वपूर्ण तथ्य पेश किया है। दावा है कि उनसे जुड़े 35 खातों में अवैध तरीके से करोड़ों रुपये का लेनदेन हुआ है। इससे भविष्य में उनके जमानत मिलने की संभावना को धक्का लगा सकता है। एक साल से अधिक समय से जेल में बंद पार्थ के वकीलों का दावा रहा है कि सीबीआई उनके खिलाफ कुछ भी नया हासिल नहीं कर पाई है और उनकी तबीयत भी बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि इस नई रिपोर्ट से पार्थ की मुश्किलें बढ़ सकती है। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया है कि एक दिन पहले मंगलवार को ही इस बात कलकत्ता हाई कोर्ट में रिपोर्ट पेश की गई है। अब तक 35 फर्जी संगठनों के ठिकाने का पता चल चुका है। सीबीआई के मुताबिक भर्ती घोटाले में फंसे राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी ने भी ऐसी कई फर्जी कंपनियां खोलीं। फॉरेंसिक विभाग की मदद से उनकी डिटेल सामने लाने की कोशिश की जा रही है।



जो लोग कंपनियों के निदेशक हैं उन्हें यह भी नहीं पता कि वे किसी कंपनी के पद पर हैं। उन्होंने इस बारे में अधिकारियों को भी बताया। दूसरे शब्दों में, बिना जानकारी के कागजों में कई लोगों को फर्जी कंपनियों के मालिक और निदेशक के रूप में नामित किया गया है।

सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि फर्जी संगठन के हर अकाउंट की जांच की जा रही है। दिल्ली में सीबीआई के फोरेंसिक विभाग के सहयोग से खातों का ऑडिट किया जा रहा है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी को उम्मीद है कि ऑडिट पूरा होने के बाद वास्तविक लाभार्थियों के नाम सामने आ जाएंगे। उन्हें उम्मीद है कि पैसा किसके हाथ में जाता है, किस तरह जाता है, किसके हाथ में पहुंचता है, इस रहस्य से पर्दा उठ सकेगा। सीबीआई ने दावा किया है कि जब-जब जरूरत पड़ी तब तक नई कंपनी बनी और उसके खाते से करोड़ों का लेनदेन हुआ।

# हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करें: सीएम नीतीश कुमार

**एजेंसी। बांका**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को बांका जिले के दौरे पर एक पुस्तकालय का बोर्ड अंग्रेजी भाषा में लिखे जाने पर भड़क गए। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल इसे हिंदी भाषा में लिखने के निर्देश देते हुए कहा कि यह हमारी भाषा नहीं है। दरअसल, मुख्यमंत्री गुरुवार को बांका और जमुई के दौरे पर थे। मुख्यमंत्री ने बांका सदर अस्पताल परिसर में 13.30 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित मॉडल अस्पताल भवन का फीता काटकर कर उद्घाटन किया। इस बीच, मुख्यमंत्री ने जीर्णोद्वार कराये गये इंडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंडोर स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रहे बैंडमिंटन खिलाड़ियों से मुख्यमंत्री ने कहा कि पढ़ना काफी आवश्यक है, लेकिन, इसके साथ-साथ खेल-कूद भी बहुत जरूरी है। इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास ठीक ढंग से होता है। मुख्यमंत्री ने इसके बाद आरएमके हाई स्कूल परिसर स्थित डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों से वार्ता कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस बीच बोर्ड पर अंग्रेजी भाषा में लिखे डिजिटल लाइब्रेरी को देखकर मुख्यमंत्री भड़क गए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हिंदी काफी महत्वपूर्ण भाषा है, हमारी इच्छा है और हम बराबर कहते भी रहते हैं कि हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों पर अंग्रेजी की जगह हिंदी भाषा ही अंकित कराएं। हमने इंजीनियरिंग की पढ़ाई अंग्रेजी में ही की है। अंग्रेजी भाषा भी आवश्यक है, लेकिन हमारी सरकारी भाषा हिंदी और उर्दू है। अधिक से अधिक लोग हिंदी पढ़ना जानते है। उन्होंने कहा कि हम चाहते है कि हिंदी भाषा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा हो ताकि कोई भी सूचना या जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि कोई सूचना या जानकारी लोगों तक पहुंचानी है तो उसके लिए हिंदी के अतिरिक्त अंग्रेजी के बजाए उर्दू भाषा का प्रयोग करें।



## राजनीति

### मध्य प्रदेश में भाजपा के बड़े नेताओं की उम्मीदवारी को लेकर छायी मायूसी

# भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को दी टिकट

**कद्दावर नेताओं ने पार्टी के निर्देश का पालन करेंगे।**

**केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल भी नरसिंहपुर से उम्मीदवार बनाए गए हैं।**

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं में विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने से उत्साह नहीं है, बल्कि उनकी बातचीत मायूसी जाहिर करने वाली है, वहीं कांग्रेस इस उम्मीदवारी पर तंज कसने से नहीं चूक रही है। भाजपा की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात सांसदों को उम्मीदवार बनाया गया है, वहीं राष्ट्रीय महासचिव भी मैदान में उतार दिए गए हैं।

उम्मीदवारी तय होने के बाद कुछ नेताओं के ऐसे बयान आए हैं जो यह जाहिर करने के लिए काफी हैं कि उनकी इच्छा विधानसभा चुनाव लड़ने की नहीं थी, मगर पार्टी का निर्देश है और वह उसका पालन करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और इंदौर विधानसभा क्रमांक एक से उम्मीदवार बनाए गए कैलाश विजयवर्गीय का साफ कहना है कि पार्टी ने टिकट दे दिया है मुझे, मगर मैं अंदर से एक प्रतिशत भी खुश नहीं हूं, मेरी चुनाव लड़ने की इच्छा ही नहीं थी, मेरी तो एक प्रतिशत भी इच्छा नहीं थी। जैसा माइंडसेट होता है चुनाव लड़ने का वैसा नहीं है। मैं तो बड़ा नेता हो गया हूं इसलिए हाथ जोड़ने का नहीं है, अब तो भाषण देना और निकल जाना, यह सोचा था।



हमने इसके लिए प्लान भी बना लिया था कि रोज आठ सभाएं करनी है जिन में पांच सभा हेलीकॉप्टर से और तीन कार से। इस प्रकार रोज आठ सभा करनी है। इस पूरे चुनाव इसका प्लान भी बन गया था। आप जो सोचते हैं, वह होता कहां है। भगवान की जो इच्छा होती है, वही होता है। वहीं, दमोह लोकसभा क्षेत्र के सांसद और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल भी नरसिंहपुर से उम्मीदवार बनाए गए हैं। यह वह विधानसभा क्षेत्र है जहां से उनके छोटे भाई जालम सिंह पटेल अब तक विधायक हैं। प्रहलाद पटेल भी उम्मीदवारी से बहुत ज्यादा उत्साहित और खुश नजर नहीं आ रहे हैं। पटेल का कहना है, मैं इतने लंबे समय से राजनीतिक जीवन में हूं और पहली बार विधानसभा लडूंगा। मैं अपने गृह जिले से उम्मीदवार बनाया गया हूं। इसके लिए पार्टी के केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं।

साथ ही पटेल ने राज्य को नई ऊंचाइयां दिलाने के लिए आपसी समन्वय पर जोर दिया है। भाजपा की सूची में बड़े नेताओं के नाम पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने तंज सका और एक्स पर कहा, भाजपा जितने सजावटी उम्मीदवार ला रही है, जनता का आक्रोश उतना ही ज्यादा बढ़ रहा है।

### कर्मचारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी सपा नेता गिरफ्तार

**जालौन।** समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सपा नेता को पुलिस ने कर्मचारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कर जेल भेज दिया है। उरई कोतवाली क्षेत्र के बोहदपुरा स्थित गैस गोदाम में बुद्ध सिंह पटेल काम करता था। जहां संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली थी। इस आत्महत्या के पहले उसने एक सुइसाइड नोट छोड़ा था। जिसमें उसने लिखा था कि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुदामा दीक्षित ने चोरी का आरोप लगाकर उसे प्रताड़ित किया है। इसलिए वह आत्महत्या कर रहा है। सुइसाइड नोट के आधार पर पत्नी पूजा पटेल ने आत्महत्या को उकसाने को लेकर थाने में तहरीर दी थी।

# आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 : सभी देशों ने घोषित की टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 5 अक्टूबर से भारत में शुरू हो जाएगा। टूर्नामेंट के पहला इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है जबकि फाइनल भी 19 नवंबर को अहमदाबाद में होगा। देश भर में 10 स्टेडियम में टूर्नामेंट के 48 मैच होने हैं। टूर्नामेंट के लिए सभी 10 टीमों ने अपनी टीमें घोषित कर दी है। इसमें अंतिम फेरबदल 28 सितंबर तक होना है। सभी टीमें 29 सितंबर से तिरुवनंतपुरम, हैदराबाद और गुवाहाटी में अभ्यास मैच खेलेंगी।

## इससे पहले जानें देखें सभी टीमें

**अफगानिस्तान टीम :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, नवीन उल हक।

**ऑस्ट्रेलिया टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंगलिस, सीन एबॉट, एश्टन एगर, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जम्पा, मिशेल स्टार्क।

**बांग्लादेश टीम :** शाकिब अल हसन (कप्तान), लिट्टन दास, तंजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शान्तो (उपकप्तान), तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, महमूदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नसुम अहमद, शक महेदी हसन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**भारत टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव

**नीदरलैंड टीम :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), मैक्स ओ'डोड, बास डी लीडे, विक्रम सिंह, तेजा निदामनुरू, पॉल वन मीकेरेन, कॉलिन एकरमैन, रूलोफ वन डेर मेरवे, लोगान वन बीक, आर्यन दत्त, रयान क्लेन, वेस्ले बरेसी, साकिब जुल्फिकार, शारिज अहमद, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट।

**न्यूजीलैंड टीम :** केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, विल यंग।

**इंग्लैंड टीम :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, रीस टॉपले, डेविड विली, मार्क वुड, क्रिस वोक्स।

**पाकिस्तान टीम :** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमान, इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ, हसन अली, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद वसीम।

**दक्षिण अफ्रीका टीम :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, लिजाद विलियम्स।

**श्रीलंका टीम :** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस (उप-कप्तान), कुसल परेरा, पथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रमा, चरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, दुशान हेमंथा, महीश थीक्षाना, डुनिथ वेल्लालगे, कासुन राजिथा, मथीशा पथिराना, लाहिरू कुमारा, दिलशान मदुशंका। ट्रैवल रिजर्व : चमिका करुणारत्ने।

## गागर में सागर

### धर्मशाला पहुंची विश्व कप क्रिकेट की ट्रॉफी, कई जगह हुआ स्वागत



**धर्मशाला।** आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट की ट्रॉफी धर्मशाला बुधवार को पहुंच गई है। ट्रॉफी को रिसीव करने के लिए आईपीएल के अध्यक्ष एवं बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल मुख्य रूप से मौजूद रहे. बुधवार सुबह विश्वकप की ट्रॉफी दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पहुंची। गगल एयरपोर्ट पर ट्रॉफी का एचपीसीए सहित क्रिकेट प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर एचपीसीए के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। गगल एयरपोर्ट में ट्रॉफी के स्वागत के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। ट्रॉफी का दीदार पाने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रशंसक भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। गगल एयरपोर्ट से ट्रॉफी को ओपन जीप में रख कर गगल चौक में थोड़ी देर रुकने के बाद ट्रॉफी शहीद स्मारक धर्मशाला पहुंची। यहां पर फोटो करने के बाद यह कोतवाली चौक पहुंची तथा यहां से मैक्लोडगंज चौक में भी लोगों के दीदार के लिए ट्रॉफी को रखा गया। मैक्लोडगंज चौक से इसे दलाई लामा मंदिर ले जाया गया। इसके बाद ट्रॉफी को रोप वे से धर्मशाला लाया गया। यहां से ट्रॉफी को ओपन ट्रक में कुनाल पथरी के चाय बागानों में ले जाया गया, जहां फोटो सेशन के बाद क्रिकेट स्टेडियम में रखा गया। क्रिकेट स्टेडियम पंहुचने पर भी एचपीसीए द्वारा ट्रॉफी का स्वागत किया गया। वहीं शाम को स्टेडियम में लेजर शो सहित पटाखे भी चलाये जाएंगे। देर शाम को ट्रॉफी को पैक करके आईसीसी पदाधिकारियों को सौंपा जाएगा।

### डाफने शिपर्स ने लिया संन्यास



**द हेग।** नीदरलैंड की दो बार की विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स ने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। हर एक खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा क्षण आता है जब उसे न चाहते हुए भी अपने करियर को अलविदा कहना पड़ता है। ऐसा ही समय अब विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स के करियर में आया है। काफी समय से चोटों से जूझने के बाद उन्होंने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। शिपर्स के करियर का मुख्य आकर्षण बीजिंग में 2015 विश्व चैंपियनशिप थी जब उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत पदक जीता था। फिर, दो साल बाद लंदन में उन्होंने 200 मीटर में अपने खिताब का बचाव किया और 100 मीटर में तीसरे स्थान पर रहीं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था। शिपर्स के पास अभी भी 2015 में बीजिंग में 21.63 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर में यूरोपीय रिकॉर्ड है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में शिपर्स को कई चोटों का सामना करना पड़ा। उनका अभी भी पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का सपना था, लेकिन अब उन्हें एहसास हुआ कि सपना सच नहीं होगा तो उन्होंने इसे छोड़ने का फैसला किया।

### न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम में शामिल होंगे टिम साउदी



**नई दिल्ली।** अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी इस सप्ताह के अंत में न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम में शामिल होंगे। साउदी के दाहिने अंगूठे के फ्रैक्चर की सर्जरी के बाद उनकी रिकवरी जारी है। 15 सितंबर को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे में क्षेत्ररक्षण करते समय साउथी के दाहिने अंगूठे की हड्डी टूट गई थी, जिसके बाद वह घर लौट आए और विशेषज्ञों से परामर्श किया, जिसके बाद उनके अंगूठे की सर्जरी की गई। 34 वर्षीय खिलाड़ी को अब 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच के लिए पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है।

### श्रीलंका क्रिकेट टीम पहुंची गुवाहाटी



**गुवाहाटी।** वनडे विश्वकप के लिए श्रीलंका की क्रिकेट टीम भारत दौर पर बुधवार को गुवाहाटी पहुंच गई है। क्रिकेट विश्व कप कप से पहले पहले अभ्यास मैच 29 सितंबर को श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गुवाहाटी में खेला जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट टीम होटल विवांता पहुंच गई है। बांग्लादेश की टीम भी गुवाहाटी पहुंचने वाली है। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के गुवाहाटी पहुंचने पर राज्य के क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित देखा गया है।

## एशियाई खेल : निशानेबाजी में भारत ने जीते दो स्वर्ण

# सिफत ने बनाया नया विश्व रिकार्ड



**एजेंसी। हांगझोऊ**
भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई खेलों के चौथे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते। निशानेबाजी में ये स्वर्ण सिफत कौर सामरा और मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्म सांगवान की तिकड़ी ने जीते। सिफत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम इवेंट में स्वर्ण पर निशाना लगाया। सिफत ने 50 मीटर 3पोजीशन राइफल में ये स्वर्ण जीता। उन्होंने 469.6 का स्कोर किया जो कि पिछले रिकॉर्ड से 2.6 अंक अधिक है। भारत की ही आशी ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक हासिल किया। वहीं पुरुश स्कीट टीम ने भी कांस्य पदक जीता। सिफत ने स्वर्ण के साथ ही नया विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। एशियाई खेलों में अब भारत के खाते में पांच स्वर्ण पदक हो गये हैं। वहीं पुरुषों की स्कीट टीम स्पर्धा में, अंगद वीर सिंह बाजवा, गुरजोत सिंह खांगुरा और अनंत जीत सिंह नरूका ने 355 के संयुक्त स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। वहीं मनु , ईशा और सांगवान ने चीन को पीछे छोड़कर भारत को स्वर पदक दिलाया। मनु महिलओं की 25 मीटर पिस्टल इवेंट के क्वालिफिकेशन में पहले नंबर पर रहीं थी जबकि ईशा पांचवें और रिद्म सातवें पायदान पर रहीं थी। इससे पहले महिला राइफल टीम ने 50 मीटर राइफल-3 पोजीशन इवेंट में रजत पदक जीता था। आशी चौकसे, मानिनी कौशिक और सिफ्त कौर सामरा की महिला टीम ने एशियन गेम्स 2023 के फाइनल में 1764 के स्कोर के साथ रजत पदक पर निशाना लगाया। चीन ने स्वर्ण जबकि कोरिया ने कांस्य हासिल किया।

सिफत ने कुल 594 अंकों के साथ 9.900 के औसत से स्कोर बनाया, ये एशियाई खेलों का क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड स्कोर है। सिफत व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहीं जबकि आशी छठे स्थान पर रहीं और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इन खेलों में भारत ने अब तक 5 स्वर्ण, 5 रजत और सात कांस्य सहित कुल 17 पदक जीते हैं। इसमें सबसे अधिक 8 पदक निशानेबाजी में मिले हैं।

## वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया की बड़ी हार

# ऑस्ट्रेलिया ने जीता तीसरा वन डे, सीरीज भारत के नाम



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है. लगातार दो मुकाबले जीतकर टीम इंडिया ने पहले ही सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली थी. तीसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 352 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. भारतीय टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 286 रन पर ऑलआउट हो गई. ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में आखिरी मुकाबला जीतकर सम्मान की लड़ाई जीती. पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए डेविड वार्नर और मिचेल मार्श ने धमाकेदार शुरूआत की. दोनों ने तेजी से स्कोर बढ़ाते हुए अपनी अपनी फिफ्टी ठोकी. वार्नर 56 रन बनाकर प्रसिद्ध कृष्णा के शिकार हुए. दूसरी छोर पर मार्श का हमला जारी रहा और स्टीव स्मिथ ने आकर उनको भरपूर साथ दिया. मार्श को कुलदीप यादव ने 96 रन के स्कोर पर आउट किया तो स्टीव स्मिथ 74 रन पर अपना विकेट गंवा बैठे. टीम इंडिया को यहां भी राहत नहीं मिली और मार्नस लाबुशेने ने 72 रन ठोकते हुए स्कोर 352 रन तक पहुंचा दिया.

## जापान के खिलाफ मैच से पहले बोले हरमनप्रीत

# उन्हें अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत करने की जरूरत है



**एजेंसी। हांगझू**
जापान से मिलने वाली कड़ी चुनौती से अच्छी तरह वाकिफ भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उन्हें अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत करने की जरूरत है तथा एशियाई खेलों में गुरुवार को गत चैंपियन के खिलाफ होने वाले मुकाबले के दौरान उन्हें अपनी रणनीति में बदलाव करने के लिए तैयार रहना होगा। भारतीय टीम को पहले दो मैचों में किसी तरह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। उसने पूल ए के अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 16-0 और फिर दूसरे मैच में सिंगापुर को 16-1 से करारी शिकस्त दी। भारत को हालांकि एशियाई खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता जापान से कड़ी चुनौती मिलेगी।

हरमनप्रीत ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि हमें कल किस तरह की चुनौती का सामना करना होगा। जापान की टीम काफी मजबूत है लेकिन हम उनके मजबूत और कमजोर पक्षों से अवगत हैं।' उन्होंने कहा, हमें अपनी शैली पर ध्यान केंद्रित करना होगा, लेकिन हमें अच्छे परिणाम हासिल करने के लिए मैदान पर अपनी रणनीति बदलने के लिए भी तैयार रहना होगा।' जापान की टीम भी अभी तक अजेय है। उसने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 7-2 और फिर उज्बेकिस्तान को 10-1 से हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, ह्यजापान की टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो गोल करने में सक्षम हैं और इसलिए उनसे निपटने के लिए हमें अपने रक्षण को मजबूत करना होगा।'

## पीटरसन एमआई केप टाउन के मुख्य कोच नियुक्त, लसिथ मलिंगा बने गेंदबाजी कोच



**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर रॉबिन पीटरसन को एसए 20 2024 के लिए एमआई केप टाउन का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। पीटरसन ने एमआई न्यूयॉर्क को उद्घाटन एमएलसी खिताब के लिए प्रशिक्षित किया था। श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। एमआई केप टाउन 10 मैचों में 3 जीत के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहा, पीटरसन 2023 में एमआई केप टाउन के महाप्रबंधक थे। वह मुख्य कोच के रूप में साइमन कैटिच की जगह लेंगे, जबकि मलिंगा न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम की जगह लेंगे। पीटरसन और मलिंगा इस साल की शुरूआत में यूएसए के मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन सत्र में क्रमशः मुख्य कोच और गेंदबाजी कोच के रूप में एमआई न्यूयॉर्क के खिताब जीतने के अभियान का हिस्सा थे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला राशिद खान की कप्तानी वाली एमआई केपटाउन के बल्लेबाजी कोच बने रहेंगे। एमआई केप टाउन ने अगले सीजन से पहले चार खिलाड़ियों को रिटेन किया है, सैम करेन, कैगिसो रबाडा और डेवाल्ड ब्रेविस के साथ राशिद खान भी चार खिलाड़ियों में शामिल हैं।

# दीपेंद्र सिंह ने तोड़ा युवराज का 16 साल पुराना रिकॉर्ड

## 9 गेंदों में ठोका सबसे तेज अर्धशतक



**एजेंसी। हांगझोऊ**
नेपाल क्रिकेट टीम ने चीन में जारी एशियन गेम्स में रिकॉर्ड की बारिश कर दी है। इस टीम के खिलाड़ी दीपेंद्र सिंह ऐरी ने युवराज सिंह के 16 साल पुराने सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। क्रिकेट में बुधवार को मंगोलिया और नेपाल की टक्कर थी। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 314 रन बनाए। ये टी20 में सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान एशियाई खेलों के ग्रुप मैच में दीपेंद्र ने मंगोलिया के खिलाफ सिर्फ 10 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए। उनकी रिकॉर्ड पारी आठ छक्कों से सजी थी। टीम के एक अन्य बल्लेबाज कुशाल मल्ला, जिन्होंने 50 गेंदों में 137 रन बनाए और सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने केवल 34 गेंदों में शतक जड़कर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा (35 गेंद) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। इस विशाल लक्ष्य के जवाब में मंगोलिया 13.1 ओवर में 41 रन पर ढेर हो गई और नेपाल ने 273 रन से जीत दर्ज की, जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले नेपाली बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ने पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज के लगभग 16 वर्षों तक टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। युवराज की यह पारी 2007 के टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ आई थी, जिसमें उन्होंने केवल 12 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। युवराज की यादगार पारी में तीन चौके और सात छक्के शामिल थे, जिसमें स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए।

## एशियाई खेल | समरा ने माता-पिता के कहने पर छोड़ी डॉक्टरी की पढ़ाई

# गोल्ड जीतकर चमकाया भारत का नाम



**एजेंसी। हांगझोऊ**
डॉक्टरी और निशानेबाजी दोनों ही क्षेत्र में बेहद धैर्य की जरूरत होती है लेकिन इस साल मार्च में सिफ्त कौर समरा ने चिकित्सकीय उपकरणों के बजाय राइफल को करियर विकल्प चुनने का फैसला किया। समरा (23 वर्ष) ने निशानेबाजी पर ध्यान लगाने के लिए अपनी चिकित्सीय पढ़ाई (एमबीबीएस कोर्स) छोड़ने का फैसला किया। बुधवार को यह फैसला बिलकुल सही साबित हुआ और उन्होंने हांगझोउ में एशिया की महिला 50 मीटर थ्री पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। समरा फरीदकोट में जीजीएस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई और निशानेबाजी दोनों के बीच जूझ रही थीं लेकिन अंत में उन्होंने अपना कोर्स बदलने का फैसला किया। विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली सामरा ने कहा, ह्यमैंने मार्च में एमबीबीएस छोड़ दिया। मैं अभी अमृतसर से जीएनडीयू से बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स' कर रही हूं।'
भारत में मध्यमवर्गीय और उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों ने माता-पिता सामान्यतः अपने बच्चों को पढ़ाई में अच्छा करने के लिए बढ़ावा देते हैं लेकिन समरा के माता-पिता उन्हें निशानेबाजी रेंज में रिकॉर्ड तोड़ते हुए देखना चाहते थे। यह पूछने पर कि उन्होंने एमबीबीएस कोर्स क्यों छोड़ा तो समरा ने कहा, मैं नहीं जानती। यह मेरे माता-पिता का फैसला था। यह मेरे हाथ में नहीं है। मैं कुछ नहीं कर सकती। मैं लोकसेवा में भी जा सकती हूं।' उन्होंने कहा, मैं दुर्घटनावश निशानेबाज बनी। मेरे 'कजन' ने मुझे निशानेबाजी शुरू कराई जो एक शॉटगन निशानेबाज है। मेरी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता अच्छी रही और मेरी सभी रिश्तेदारों ने मेरे माता-पिता से कहा कि मुझे निशानेबाजी करनी चाहिए। मैं भाग्यशाली रही कि यह कारगर रहा और अब मैं निशानेबाज हूं।'

### भारतीय पुरुष स्कीट टीम ने कांस्य पदक जीता, महिलाएं चौथे स्थान पर रहीं



**अनंत जीत** सिंह नरुका, गुरजोत सिंह खांगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा की भारत की पुरुष स्कीट टीम ने बुधवार को 19वें एशियाई खेलों में कुल 355 अंक अर्जित करके कांस्य पदक हासिल किया। चीन ने 362 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कतर ने 359 अंकों के साथ रजत पदक अपने नाम किया। अनंत ने 121 का स्कोर हासिल करते हुए व्यक्तिगत अंतिम सेट में स्थान पक्का किया। महिला टीम प्रतियोगिता में गनेमत सेखों, परिनाज धालीवाल और दर्शना राठौड़ की भारतीय तिकड़ी कजाकिस्तान, चीन और थाईलैंड के बाद चौथे स्थान पर रही जबकि, उनमें से कोई भी व्यक्तिगत फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में कामयाब नहीं हुआ।



## गागर में सागर

### निर्यात उत्पादों पर कर छूट योजना की अवधि जून, 2024 तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को ह्यनिर्यात उत्पादों पर शुल्कों और करों में छूट' (रोडटेप) योजना के तहत दिए जाने वाले निर्यात प्रोत्साहन लाभों की अवधि एक साल बढ़ाकर जून, 2024 कर दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर करों एवं शुल्क में छूट देने के लिए 'रोडटेप' योजना सितंबर, 2021 से ही संचालित की जा रही है। इसके तहत निर्यातकों से उत्पादन एवं वितरण के दौरान वसूले गए और किसी अन्य व्यवस्था के तहत न लौटाए जाने वाले करों एवं शुल्कों के ह्यरिफंड' का प्रावधान किया गया है। वाणिज्य मंत्रालय ने विज्ञप्ति में कहा गया है कि 30 सितंबर, 2021 को अधिसूचित रोडटेप योजना को अब 30 जून, 2024 तक बढ़ाया जा रहा है। सभी मौजूदा निर्यात उत्पादों के लिए पुरानी दरें ही लागू रहेंगी। योजना अवधि बढ़ाने से निर्यातकों को मौजूदा निर्यात परिदृश्य में बेहतर शर्तों पर निर्यात सौदे हासिल करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि रोडटेप योजना के तहत विभिन्न निर्यात क्षेत्रों के लिए राजस्व विभाग के अधीन एक समिति बनाई गई है जो अधिकतम दरों की समीक्षा करने के साथ उनके बारे में सुझाव देगी। इस समिति की मंगलवार को पहली बैठक भी आयोजित की गई जिसमें योजना के क्रियान्वयन से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई।

### चीनी की कीमतों में तेजी, 12 साल के उच्च स्तर पर पहुंचे दाम



**नई दिल्ली।** सप्लाई और डिमांड में भारी अंतर आने के चलते चीनी की कीमत 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। 19 सितंबर को चीनी की कीमत बढ़कर 27.5 डॉलर पर पहुंच गई। इस साल की बात करें तो अब तक चीनी की कीमत में करीब 30 प्रतिशत की तेजी आई है। चीनी की बढ़ती कीमत से अमेरिका भी अछूता नहीं है। यहां पर अभी भी चीनी 27 डॉलर के करीब कारोबार कर रही है। बिजनेस एक्सपर्ट का कहना है कि भारत में चीनी का उत्पादन प्रभावित होने से सिर्फ इंडिया ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में महंगाई बढ़ गई है। लगभग सभी देशों में चीनी की कीमत सातवें आसमान पर पहुंच गई है। हालांकि, भारत में केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन को देखते हुए चीनी की बढ़ती कीमत पर लगाम लगाने के लिए कमर कस ली है। सरकार 13 लाख टन चीनी का कोटा खुले बाजार में जारी कर सकती है। वहीं, एग्रीमंडी के को फाउंडर हेमंत शाह का कहना है कि पिछले दो महीने से सरकार लगातार चीनी की मॉनिटर कर रही है। सरकार समय-समय पर एक्शन भी ले रही है। सरकार की यही कोशिश है कि दुर्गा पूजा और दिवाली जैसे त्योहार के दौरान मार्केट में चीनी की सप्लाई प्रभावित न हो, ताकि कीमतें नियंत्रित रहें। जानकारी के मुताबिक, सूखे और कम बारिश की वजह से भारत के साथ- साथ थाईलैंड में भी चीनी के प्रोडक्शन में गिरावट आई है।

### ग्राहकों से दुकानदारों को डिजिटल भुगतान में यूपीआई का इस्तेमाल बढ़ा

**नई दिल्ली।** एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिए डिजिटल भुगतान की संख्या अगस्त में कई गुना बढ़कर 10 अरब होने के पीछे ग्राहकों से दुकानदारों (पी2एम) को किए जाने वाले लेनदेन में आई तेजी की अहम भूमिका रही है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। वर्ल्डलाइन की रिपोर्ट कहती है कि जनवरी, 2018 में यूपीआई से 15.1 करोड़ लेनदेन किए गए थे और यह संख्या जून, 2023 में बढ़कर 9.3 अरब हो गई थी। अगस्त में यह आंकड़ा 10 अरब के पार पहुंच गया। इसके पीछे पी2एम लेनदेन में हुई जबर्दस्त तेजी का अहम योगदान रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2022 में पी2एम का हिस्सा कुल यूपीआई लेनदेन में 40.3 प्रतिशत था। डेढ़ साल में यह अनुपात बढ़कर जून, 2023 में 57.5 प्रतिशत हो गया। इस अनुपात के आगे भी बढ़ने का अनुमान है। इसके अलावा यूपीआई लेनदेन से भेजी जाने वाली औसत राशि का आकार भी भविष्य में इसके विस्तार का संकेत देता है।

# काबुल देश की करेंसी सबसे बेहतर, डॉलर से भी आगे निकली




**एजेंसी। नई दिल्ली**

आपसे दुनिया की सबसे मजबूत करेंसी के बारे में पूछा जाए तो सबसे पहले डॉलर का नाम आ सकता है। पौंड, यूरो या दीनार के बारे में भी आप सोच सकते हैं। आप जिस नाम के बारे में बिलकुल नहीं सोच सकते हैं, उसी ने सितंबर तिमाही में अमेरिकी डॉलर को भी मात दे दी है और डॉलर ही क्यों, यूरो से लेकर पौंड तक और रुपये से लेकर युआन तक, सितंबर तिमाही में दुनिया की सारी करेंसी उससे पीछे छूट गई हैं।

**तालिबान के पास सबसे मजबूत करेंसी :** हम जिसके बारे में बात कर रहे हैं, वो है अफगानी, अफगानिस्तान की करेंसी। उस अफगानिस्तान की करेंसी, जहां अभी तालिबान का कब्जा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अफगानी सितंबर तिमाही के दौरान पूरी दुनिया में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली करेंसी बनकर उभरी है। 26 सितंबर तक के आंकड़ों के अनुसार, अभी डॉलर के मुकाबले अफगानी की वैल्यू 78.25 है। यानी एक डॉलर और 78.25 अफगानी की वैल्यू बराबर है।

**अभी इतनी है भारतीय रुपये की वैल्यू :** भारतीय करेंसी रुपये की बात करें तो सोमवार को बाजार बंद होने के बाद यह डॉलर के मुकाबले 83.27 पर रहा था। यानी एक अमेरिकी डॉलर और 83.27 भारतीय रुपये की वैल्यू एक समान है। इसका मतलब हुआ कि अफगानी की वैल्यू फिलहाल रुपये से ठीक-ठाक ज्यादा है। विनिमय दर के हिसाब से अभी एक अफगानी में 1.06 भारतीय रुपये आ जाएंगे।

**सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली करेंसी :** सितंबर तिमाही में अफगानी की वैल्यू में 9 फीसदी की तेजी आई है। यह दुनिया की किसी भी अन्य करेंसी की तुलना में ज्यादा है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर तिमाही में दूसरे नंबर पर कोलम्बिया की करेंसी पेसो है। सितंबर तिमाही में पेसो का भाव करीब 3 फीसदी बढ़ा है। सालाना आधार पर देखें तो पिछले एक साल की सबसे मजबूत करेंसी पेसो ही है। दूसर नंबर पर श्रीलंका की करेंसी है और इस मामले में तीसरे नंबर पर अफगानी है। अफगानिस्तान की करेंसी में आ रही मजबूती अकारण नहीं है।

#### सरकार जल्द ही सीनियर सिटीजन्स को देगी राहत

## हेल्थ इंश्योरेंस पर घटेगी जीएसटी दर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार जल्द ही सीनियर सिटीजन्स के लिए राहत भरी खबर ले कर आ सकती है। सूत्रओं के अनुसार, सीनियर सिटीजन्स के लिए हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी को कम कर सकती है। वित्त मामलों की स्थायी समिति ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी घटाने की सिफारिश की है। जीएसटी की दर 18 से घटाकर 12% की जा सकती है। बीमा कंपनियां और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता जीएसटी कटौती पर जोर दे रहे हैं। 7 अक्टूबर को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की होने वाली बैठक में इस बात पर फैसला हो सकता है। अगर जीएसटी में कटौती की गई तो इससे सीनियर सिटीजन्स को काफी राहत मिलेगी। आपको बतां दे कि जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होगी। जानकारी के मुताबिक, इस बैठक में इंश्योरेंस पर जीएसटी को लेकर चर्चा संभव है। साथ ही जानकारी है कि ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर भी चर्चा हो सकती है।

## बजाज ऑटो ने भारत की पसंदीदा 150 पल्सर एन 150 को किया लॉन्च

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दुनिया की सबसे मूल्यवान टू व्हीलर और थ्री व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो ने भारत में ऑल न्यू पल्सर एन150 का लॉन्च किया है। पल्सर एन150 विस्तारित पल्सर पोर्टफोलियो के लिए एकदम सही जोड़ है, जिसने पिछले 18 महीनों में कई सनसनीखेज लॉन्च देखे हैं, जिनमें अब तक का सबसे बड़ा पल्सर एन 250 और अविश्वसनीय रूप से सफल पल्सर एन160 शामिल हैं। पल्सर एन150 के साथ, भारत की सबसे अधिक बिकने वाली स्पोर्ट्स बाइक परिवारों के लिए ऐसा एक योग्य नया सदस्य मिला है जो न केवल पल्सरमेनियाक्स की विरासत को बनाए रखने का वादा करता है बल्कि कई नए लोगों को भी इसमें शामिल करेगा। डिजाइन की भाषा डायनेमिक और एनर्जेटिक कैरेक्टर लाइन्स, सख्त अनुपात और आधुनिक एयरो डायनामिजम का दावा करती है। मस्कुलर टैंक की तुलना एक चिकने, स्टाइलिश वेस्ट सेक्शन से की जाती है जो स्टेप सीट तक फैला हुआ है, जो एक आकर्षक प्रोफाइल बनाता है। यह एक स्पोर्टियर अंडरबेली एग्जॉस्ट से लैस है जो उच्च आरपीएम जनरेट करता है। बजाज ऑटो के अध्यक्ष - मोटरसाइकिल, सारंग कनाडे ने कहा, बीस साल पहले, हमने पहली पल्सर 150 सीसी मोटरसाइकिल लॉन्च की थी, जिसने एंट्री-लेवल स्पोर्ट बाइकिंग सेगमेंट को हिलाकर रख दिया था और तब से यह भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली 150 सीसी मोटरसाइकिल रही है। एन150 के साथ, पल्सर अपने सबसे बड़े और बोल्ड अवतार में सड़क पर राज करने के लिए वापस आ गया है। इसकी आक्रामक स्टाइलिंग, सेगमेंट-अग्रणी विशेषताएं, शानदार ऑन-रोड प्रदर्शन और अविश्वसनीय रूप से आकर्षक कीमत इसे पल्सर परिवार के लिए एक शानदार वैल्यू एडिशन बनाती है। हमारा लक्ष्य हर किसी के लिए सवारी के आनंद को सुलभ बनाना है और यह नई बाइक उस मिशन का ही एक प्रमाण है।



### सुस्त मांग के कारण हीरों के निर्यात में 22% की आ सकती है गिरावट : इक्रा

**नई दिल्ली।** प्रमुख उपभोक्ता देशों से कमजोर मांग के कारण देश में तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में 22 प्रतिशत घटकर 17.2 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में यह कहा। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले पांच महीनों में, तराशे और पॉलिश किए गए हीरे के निर्यात में सालाना आधार पर 31 प्रतिशत की तेज गिरावट आई है। इसका कारण निर्यात कम होना और पॉलिश हीरे की अधिक कीमत है। इक्रा ने कहा कि बीते वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही से तराशे और पॉलिश किए गए हीरों के निर्यात में गिरावट का रुख रहा है। इक्रा की उपाध्यक्ष और सेक्टर प्रमुख साक्षी सुनेजा ने एक बयान में कहा, निर्यात में गिरावट मुख्य रूप से मुद्रास्फीति दबाव के कारण अमेरिका और यूरोप जैसे प्रमुख उपभोक्ता देशों में कमजोर मांग के कारण है। इससे हीरे से खर्च के तरीके में बदलाव हो रहा है।

#### भारत-कनाडा के रिश्तों में दरार का असर

## पीएम ट्रूडो के बयान के बाद घट गया मसूर दाल का इंपोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अरहर और उरद दाल के समान मसूर दाल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। जिसके बाद सितंबर महीने के पहले हफ्ते में सरकार ने व्यापारियों के लिए मसूर दाल के स्टॉक का खुलासा करना जरूरी कर दिया। भारत बड़े पैमाने पर मसूर दाल का आयात कनाडा से करता है। लेकिन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कनाडा में भारतीय एजेंसियों के खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने के आरोपों के बाद कनाडा के भारत को मसूर दाल बेचने की रफ्तार धीमी पड़ गई है। वहां के कारोबारियों को आशंका है कि भारत सरकार ट्रेड पर पांबदी लगा सकती है जिसके चलते सेल्स में कमी आई है।

**मसूर दाल के लिए भारत आयात पर निर्भर :** भारत में पौष्टिक आहार के सेवन में दाल करी बनाने के लिए मसूर दाल का इस्तेमाल किया जाता है। भारत मसूर दाल के खपत के लिए आयात पर निर्भर है। बड़े पैमाने पर मसूर दाल का आयात कनाडा से भारत करता है। रिपोर्ट के मुताबिक कारोबारियों को आशंका है कि दोनों देशों के बीच तनाव के चलते दोनों ही सरकारें ट्रेड पर बंदिशें लगा सकती हैं। ओलम एग्री इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट नितिन गुप्ता ने कहा कि ऐसी आशंका कारोबारियों को सता रही है। हालांकि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि भारत की ऐसी कोई योजना नहीं है और सरकार ने इंपोर्टरों को ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया है। कनाडा भी अपनी ओर से ऐसा कोई निर्णय नहीं ले रहा जिससे दोनों ही देशों के रिश्ते और बिगड़े।

**कनाडा से घटी मसूर दाल की खरीदारी :** मसूर दाल के प्रोडक्शन में कमी के बाद इस वर्ष 2023 में भारत ने बड़े पैमाने पर कनाडा से मसूर दाल का आयात किया है। कारोबारियों का कहना है कि अभी तक इंपोर्ट को रद्द करने का कोई उदाहरण सामने नहीं आया है। मसूल दाल के उत्पादन में कमी के बाद कीमतों में उछाल देखा जा रहा है। लेकिन कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान के बाद कनाडा से सप्लाई की कीमतें 6 फीसदी की कमी के साथ 770 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तक घट गया है। 2022-23 में कनाडा भारत को मसूर दाल सप्लाई करने वाले सबसे बड़ा देश था। 31 मार्च 2023 तक भारत ने 370 मिलियन डॉलर का 4.86 लाख मीट्रिक टन मसूर दाल का आयात कनाडा से किया था। जो कि भारत के कुल आयात का 50 फीसदी से ज्यादा था। इस वर्ष अप्रैल से जुलाई के बीच कनाडा से मसूल दाल के आयात में पिछले साल के मुकाबले 420 फीसदी का उछाल देखने को मिला है।

## विदेश

## पोक में युवाओं को आतंकी संगठनों में शामिल होने के लिए किया जा रहा मजबूर



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राजनीतिक कार्यकताओं ने क्षेत्र में आतंकवाद का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में उठाया और बताया कि ढङ्ङ में युवाओं को प्रतिबंधित चरमपंथी समूहों में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है जो आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए हथियार प्रशिक्षण लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 54वें सत्र के दौरान यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (UKPNP) के केंद्रीय प्रवक्ता नासिर अजीज खान ने कहा, 'चरमपंथी समूहों को नियंत्रित करने के पाकिस्तान के दावों के बावजूद अत्याचार जारी है। अजीज खान ने कहा, 'चरमपंथी समूहों को नियंत्रित करने के पाकिस्तान के दावों के बावजूद, हालिया अपहरण (बाग, में 20 से अधिक किशोर लड़कों की किडनैपिंग) जैसे अत्याचार जारी हैं।' उन्होंने कहा कि इन लड़कों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित चरमपंथी समूहों द्वारा सशस्त्र प्रशिक्षण और तथाकथित जिहाद के लिए जबरन ले जाया गया है। नासिर ने कहा, 'यह घटना क्षेत्र में चरमपंथी प्रभाव की गहरी जड़ वाली समस्या को उजागर करती है, जिससे परिवार और प्रियजनों को अपने बच्चों के गायब होने के कारण पीड़ा होती है। राजनीतिक कार्यकर्ता ने कहा,'चरमपंथी समूह दैनिक जीवन को बाधित करते हैं, शादियों, अंत्येष्टि को निशाना बनाते हैं, विशेष रूप से महिलाओं की गतिशीलता और स्वतंत्रता को प्रभावित करते हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों और कश्मीरियों के खिलाफ हिंसा बढ़ रही है।' नासिर ने बताया कि पाकिस्तान के विभिन्न शहरों में कई कश्मीरियों की हत्या कर दी गई है और एक भी हत्यारे को गिरफ्तार या दंडित नहीं किया गया है।

## पेज एक के शेष

### सीएम ने पीएम को...

प्रचलित सभी धर्मों से अलग है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के आदिवासी समुदाय पिछले कई सालों से सरना धर्म कोड की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिंता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरना धर्म कोड की मांग इसलिए उठ रही है ताकि प्रकृति का उपासक यह आदिवासी समुदाय अपनी पहचान के प्रति आश्वस्त हो सके। वर्तमान में जब समान नागरिक संहिता की मांग कतिपय संगठनों द्वारा उठाई जा रही है, तो आदिवासी समुदाय की इस मांग पर सकारात्मक पहल उनके संरक्षण के लिए जरूरी है। यदि सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर इनका संरक्षण नहीं किया गया तो इनकी भाषा, संस्कृति के साथ इनका अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने टॉपर्स को ...

लापरवाही कहीं ना कहीं हमारे साथ पूरे राज्य और देश के लिए खतरे का कारण बन जाएगा । ऐसे में हमें पूरे समर्पण और सेवा भाव से काम करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में जो कमजोर लोग हैं, उन पर सरकार की विशेष नजर है। उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठा रही है । इसी कड़ी में आदिम जनजाति के युवक-युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग दी जा रही है। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज के साथ विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। बच्चियां पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। सरकार का मकसद शिक्षा की बेहतरी के साथ विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक मजदूर बहुल राज्य भी है । यहां के मजदूर सरल होने के साथ-साथ मेहनतकश होते हैं। यही वजह है कि हमारे राज्य के मजदूर देश के हर हिस्से में अपनी मेहनत से विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल को याद करते हुए कहा कि जिस वक्त लोग अपनी घरों में कैद थे, उस दौरान भी यहां के हजारों मजदूर लेह-लद्दाख जैसे देश के सीमावर्ती और सुदूर क्षेत्र में बिना अपनी जान की परवाह किए सड़क निर्माण के कार्य में लग रहे, क्योंकि यह देश की सुरक्षा का मामला था। मुख्यमंत्री ने रामकृष्ण मिशन आश्रम परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने यहां पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी लंबे समय से इच्छा थी कि इस संस्था में आकर यहां की गतिविधियों को जानें और समझें। जो आज स्वामी जी के सहयोग से पूरा हुआ। रामकृष्ण मिशन जिस तरह झारखंड जैसे प्रदेश के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है, वह सराहनीय है। मौके पर रामकृष्ण मिशन की दो पत्रिकाओं का भी मुख्यमंत्री ने विमोचन किया।

### केंद्र की योजनाओं से ...

पर अपने भाषण में कहा था, 100% गांवों में सड़कें होनी चाहिए, 100% परिवारों के पास बैंक खाता होना चाहिए, 100% लाभार्थियों के पास आयुष्मान भारत कार्ड होना चाहिए, 100% पात्र व्यक्तियों के पास उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन होना चाहिए और 100% लाभार्थियों के पास आवास होना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय बजट 2022 पर एक वेबिनार के दौरान भी इस बात को दोहराया था। यह बताते हुए कि उनकी सरकार ने पानी, बिजली, गैस कनेक्शन, शौचालय और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की हैं, उन्होंने कहा, अब इन योजनाओं को पूरा करने, उन्हें हासिल करने का समय है। इसके लिए हमें नई रणनीति भी अपनानी होगी। हमें नई तकनीक पर भी ध्यान देना होगा ताकि परियोजनाएं तेजी से पूरी हों और गुणवत्ता से समझौता न हो। कहा जा रहा है कि वह नई रणनीति , नई तकनीक 1500 हाईटेक रथों वाली ग्रामीण संवाद यात्रा के तौर पर दिखेगा।

## चीनी नागरिकों पर हमले से जिनपिंग सरकार आगबबूला


**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में चीन के नागरिकों और चीनी के प्रतिष्ठानों पर लगातार हो रहे जानलेवा हमलों से शी जिनपिंग सरकार बौखला गई है। चीन की सरकार ने बलूचों के इन हमलों को बहुत ही गंभीरता से लिया है। चीन के इस सख्त रुख को देखते हुए अब पाकिस्तान की सरकार ने चीनी हितों की रक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व करने का फैसला किया है। चीन के ये इंजीनियर चाइना पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर यानि सीपीईसी की परियोजनाओं को पूरा करने में जुटे हैं। चीन सीपीईसी के जरिए हिंद महासागर तक अपनी सीधी पहुंच बनाना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के गुस्से को देखते हुए अब पाकिस्तान की सेना चीनी इंजीनियरों और उनके व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए सुरक्षा व्यस्?था को और ज्यादा बढ़ाकर अभूतपूर्व स्तर पर करने जा रही है। दोनों ही पक्षों ने माना है कि पाकिस्तान में चीनी नागरिकों और परियोजनाओं की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है। पाकिस्?तान और चीन के बीच सीपीईसी की शीर्षतम कमिटी की बैठक में यह फैसला लिया गया है। अब यह फैसला किया गया है कि पाकिस्तान के अंतरिम प्लानिंग मंत्री सामी सईद पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे। इस दौरान चीन के साथ सुरक्षा के क्रियान्वयन को लेकर बनी सहमति की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक के अंतिम दस्तावेज से पता चलता है कि चीन ने अपने नागरिकों और प्रॉजेक्ट पर हमले को बहुत ही गंभीरता से लिया है। इस पूरी बातचीत में शामिल एक पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि इसी वजह से दोनों ही पक्ष असाधारण कदम उठाने के लिए सहमत हुए हैं।

### अंतरिक्ष में जब नासा के 3 यात्री जिंदा हो गए थे भस्म

**फ्लोरिडा।** जब-जब भारत या फिर किसी और देश के चंद्र मिशन का जिक्र होगा, तब-तब अमेरिका के अपोलो 1 के बारे में भी बातें की जाएंगी। अपोलो 1, चंद्रमा पर सबसे पहले अमेरिका का झंडा गाड़ने वाला कार्यक्रम था। लेकिन नासा का यह लूनर मिशन एक भयानक याद में तब?दील होकर रह गया। अपोलो का सबसे पहला क्रू अंतरिक्ष यान के कॉकपिट में लगी आग में जिंदा जलकर मर गया था। अंतरिक्ष में तीन यात्रियों की दर्दनाक मौत आज भी सबसे बड़ी आपदाओं में से एक मानी जाती है। अब उस घटना का एक ऑडियो सामने आया है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आखिरी पलों में क्या हुआ होगा। जलते हुए अंतरिक्ष यात्रियों के अंतिम क्षणों के इस ऑडियो को सुनना काफी डरावना अनुभव हो सकता है। ऑडियो में उनकी चीखें और जान बचाने की वह गुहार आपको सोने नहीं देगी। इन तीनों अंतरिक्ष यात्रियों के स्पेससूट में आग लग गई थी।

## सिंध में रॉकेट लॉन्चर के खोल में विस्फोट से 8 लोगों की मौत



**एजेंसी। पेशावर**

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बुधवार को एक मकान में रॉकेट लॉन्चर के खोल में विस्फोट होने से एक ही परिवार के चार बच्चों सहित कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ( एसएसपी) रोहिल खोसा ने बताया कि एक मैदान पर खेलते समय बच्चों को एक रॉकेट लॉन्चर का खोल मिल गया और वे उसे अपने घर ले आए। उन्होंने बताया कि यहां उसमें विस्फोट हो गया और एक ही परिवार के चार बच्चों और दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। एसएसपी ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और इस संबंध में जांच जारी है और कंधकोट के सरकारी अस्पताल में आपातकाल' घोषित कर दिया गया है। खबर के अनुसार, सिंध के मुख्यमंत्री मकबूल बकर ने प्रांतीय महानिरीक्षक से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है कि कशमोर जिले के कंधकोट तहसील के जांगी सुबजवाई गोथ गांव तक रॉकेट लॉन्चर कैसे पहुंचा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### सीडब्ल्यूआरसी के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी : सिद्दारमैया



**चामराजनगर (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार तमिलनाडु को पानी छोड़ने के कावेरी जल नियामक समिति (सीडब्ल्यूआरसी) के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। मलाई महादेश्वरा हिल्स में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आदेश पर सवाल उठाया जाएगा और एक अपील याचिका भी दायर की जाएगी। आदेश के मद्देनजर, बेंगलुरु और कावेरी जलग्रहण क्षेत्र में विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारे पास जल भंडारण नहीं है। हमने कानूनी विशेषज्ञों के सुझाव लिए हैं। कावेरी जल को लेकर कोई समझौता नहीं है। भाजपा और जद (एस) कावेरी संकट पर राजनीति कर रहे हैं। सीडब्ल्यूआरसी के आदेश में कर्नाटक को 15 अक्टूबर तक प्रतिदिन तीन हजार क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया है।

### सिलचर में सात करोड़ की हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**कछार।** कछार पुलिस को नशे के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने भारी मात्रा में हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सोनाई क्षेत्र के काबुगंज में कल रात की गई एक छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक बोलेरो गाड़ी से 88 हेरोइन से भरे साबुनदानी को जब्त किए। साबुनदानी से कुल 1.15 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि जब्त हेरोइन की कीमत करीब सात करोड़ रुपये है। पुलिस ने कहा कि तस्करों ने पड़ोसी राज्य से हेरोइन की आपूर्ति करने और कछार होते हुए बाहरी राज्य में आपूर्ति करने की योजना बनाई थी।

### केजरीवाल के सरकारी आवास में हुए रेनोवेशन मामले की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास में हुए रेनोवेशन के कथित घोटाले की जांच अब केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) करने जा रही है। इस संबंध में सीबीआई ने राज्य सरकार से सभी दस्तावेज तीन अक्टूबर तक पेश करने को कहा है। सूत्रों का कहना है कि मामले को लेकर सीबीआई ने बुधवार को राज्य सरकार को नोटिस देकर संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा है। इस मुद्दे पर भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने आज ट्वीट कर कहा कि केजरीवाल के अवैध बंगले के मामले में सीबीआई ने केस दर्ज किया है। कोरोना काल में दिल्ली की जनता के पैसों से गैर कानूनी शीश महल बनाने का पाप केजरीवाल ने किया है। इस अपराध की सजा से केजरीवाल बच नहीं सकते हैं।

### मणिपुर अशांत क्षेत्र घोषित, राज्य में आफ्सपा लागू

**इंफाल।** मणिपुर के गृह विभाग ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर राज्य को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। इसके साथ ही राज्य में फिर से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (आफ्सपा) भी लागू कर दिया गया है। सरकार की अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल की राय है कि विभिन्न उग्रवादी समूहों की हिंसक गतिविधियों को देखते हुए पूरे मणिपुर में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। इसलिए राज्य सरकार ने पूरे मणिपुर को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इनमें इंफाल, लाम्फेल, सिटी, सिंगजामेई, सेकमई, लामासांग, पटसोई, वांगोई, पोरोम्पट, हेंगांग, लामलाई, इरिलबंग, लिमाखोंग, थौबल, बिष्णुपुर, नामबोल, मोइरांग, काकचिंग और जिरिबाम जिलों के 19 पुलिस थाना क्षेत्रों में शांति है, जिन्हें अशांत क्षेत्र के दायरे से बाहर रखा गया है। दरअसल, राज्य में दो लापता छात्रों की मौत के बाद हालात फिर से तनावपूर्ण होने लगे हैं। इंफाल शहर और घाटी के अन्य इलाकों में छात्रों ने हिंसक प्रदर्शन किए।

राष्ट्रपति ने इंडिया स्मार्ट सिटीज अवाड्र्स कॉन्टेस्ट के विजेताओं दिए पुरस्कार, कहा

# नागरिकों की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार करें रोडमैप

**एजेंसी। भोपाल**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शहरों और नागरिकों की जरूरत का आकलन कर विकास का रोडमेप तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर चिंता जाहिर करते हुए स्मार्ट शहरों में किये जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किये जाने की जरूरत है। शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें बड़ा योगदान है।



राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने समारोह में आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। उन्होंने इंदौर के निवासियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केंद्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स की सराहना की। उन्होंने इंडिया स्मार्ट सिटीस अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 में मध्य प्रदेश द्वारा बेस्ट स्टेट का गौरव प्राप्त करने पर राज्य के सभी निवासियों, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य के सभी स्मार्ट शहरों में किए जा रहे कार्यों से जुड़े लोगों की सराहना भी की। साथ ही सर्वश्रेष्ठ केंद्रशासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चंडीगढ़ और राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी बधाई दी। राष्ट्रपति ने अलग श्रेणियों में 66 पुरस्कार विजेता स्मार्ट शहरों और राज्यों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी, लगभग 46 करोड़ से बढ़कर 87 करोड़ से अधिक हो जाएगी। तब हमारे 50 प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। भारत के शहर आज देश की जीडीपी में लगभग दो-तिहाई योगदान करते हैं। अनुमान है कि शहरों के जीडीपी को कुल योगदान वर्ष 2047 तक 80 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। इन आंकड़ों से यह संदेश मिलता है कि शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का रोडमेप तैयार करना है और उस पर आगे बढ़ना है।

## सरकारी बैंकों में 4 दिसंबर से 20 जनवरी तक शृंखलाबद्ध हड़ताल

### समझौते के अनुसार वेतन नहीं बढ़ाने, भर्ती में कटौती करने से कर्मचारी नाराज

**आरएनएम। नई दिल्ली**

ऑल इंडिया बैंक इम्प्लॉइज एसोसिएशन, कर्मचारियों की भर्ती की मांग को लेकर 4 दिसंबर से 20 जनवरी 2024 तक देश भर में शृंखलाबद्ध हड़ताल करेगा। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने कहा कि सरकार और बैंकों की ओर से बैंकों में क्लेरिकल और अधीनस्थ कैडर्स में कर्मचारियों की संख्या कम करने और पर्यवेक्षी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का एक जानबूझकर प्रयास किया जा रहा है। विचार बिल्कुल स्पष्ट है कि वे कम वर्कर चाहते हैं जो औद्योगिक विवाद अधिनियम द्वारा शासित हों। हमारे द्विपक्षीय समझौते में जो वेतन देने का करार हुआ है , उस भुगतान से बचने के लिए बैंकों में नियमित और स्थायी नौकरियों को अनुबंध के आधार पर आउटसोर्स करने का एक चालाक प्रयास किया जा रहा है। इसके कारण, बैंकों में लिपिक (क्लेरिकल) कर्मचारियों की भर्ती में साल-दर-साल भारी कमी आई है और अधीनस्थ कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति पर लगभग प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके चलते बड़ी संख्या में लोगों को उचित पारिश्रमिक के बिना अस्थायी व आकस्मिक आधार पर नियोजित किया जा रहा है। एआईबीईए ने 4-11 दिसंबर तक विभिन्न राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों में हड़ताल की घोषणा की है और 2-6 जनवरी तक विभिन्न राज्यों में बैंकर काम पर हड़ताल करेंगे। इसके बाद 19-20 जनवरी, 2024 को दो दिवसीय अखिल भारतीय बैंकरों की हड़ताल होगी।

कुख्यात गैंगस्टरों की तलाश

## एनआईए की उत्तर भारत में छह राज्यों के 53 ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एनआईए ने बुधवार को खालिस्तानी आतंकवादियों और गैंगस्टरों की तलाश में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित छह राज्यों पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 53 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। दिनभर चले छापों के दौरान पिस्तौल, गोला-बारूद, बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। एनआईए की छापेमारी वाले छह राज्यों में पंजाब के 30, राजस्थान के 13 और हरियाणा के चार, यूपी, उत्तराखंड और दिल्ली में एक-एक जगह शामिल है। इन राज्यों में तीन जगहों पर अभी छापेमारी चल रही है। एनआईए ने आतंकवादियों, गैंगस्टर्स, ड्रग तस्करों के गठजोड़ पर कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पंजाब के मोगा जिले से गैंगस्टर अर्श डाला के एक गुर्गे को हिरासत में लिया गया है। एनआईए ने उत्तराखंड के देहरादून जिले के उधम सिंह नगर के बाजपुर थाना क्षेत्र में एक गन हाउस पर छापेमारी की। एनआईए की आज हुई छापेमारी का फोकस विभिन्न कट्टर गिरोहों और उनके गुर्गों से जुड़े हथियार आपूर्तिकर्ताओं, फाइनेंसरों और रसद प्रदाताओं पर था। ये गिरोह पाकिस्तान, यूएई, कनाडा, पुर्तगाल आदि देशों में स्थित ड्रग तस्करों और आतंकवादियों के साथ काम कर रहे हैं। एनआईए की जांच से पता चला है कि विभिन्न राज्यों की जेलों में साजिशें रची जा रही थीं और विदेश स्थित गुर्गों का एक संगठित नेटवर्क इन्हें अंजाम दे रहा था।

## विपक्ष ने बेमन से नारी शक्ति बिल का समर्थन किया : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी। वडोदरा**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 बिल संसद में बहुमत के साथ पारित होने पर वडोदर में बुधवार को पीएम का अभिवादन कार्यक्रम, नारी शक्ति का वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी रोड शो के दौरान महिलाओं का अभिवादन स्वीकारते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उनके साथ मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल भी थे। कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माता-बहनों का वंदन करते हुए कहा कि मेरे जीवन के निर्माण



में कई चीजों का योगदान है, इसमें वडोदरा ने मुझे एक बेटे की तरह संभाला है। एक माता अपने बेटे को जिस तरह दुलार करती है, वडोदरा ने मुझे दिया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए हमारा प्रयत्न है जिससे देश की मातृशक्ति का ऋण उतार सकूं। इस कानून से भविष्य में विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण पक्का हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए देश में जो प्रयास हुए हैं उसमें वडोदरा ने मील का पत्थर गिना जा सकता है। वडोदरा वह जगह है जहां गायकवाड सरकार के समय बेटियों को पढ़ाई अनिवार्य और निःशुल्क थी। इसमें जो भी मां-बाप यदि अपनी बेटी को नहीं पढ़ाते थे तो उन्हें दंडित किया जाता था। देश और दुनिया में आज गुजरात के विकास मॉडल की चर्चा होती है। गुजरात के विकास मॉडल की सबसे बड़ी ताकत माता-बहन है। गुजरात की सफलता का नया आयाम पार करवाने का काम गुजरात वुमन लेड डेवलपमेंट की आधारशिला के कारण है। मोदी ने कहा कि 20 वर्ष पहले महिलाओं की साक्षरता की दर बहुत नीचे थी। बड़ी संख्या में बेटियों का दाखिला तो होता था, लेकिन वे बीच में ही स्कूल छोड़ देती थीं। बहुत कम माताओं की अस्पताल में प्रसूति होती थी। गुजरात में पुरुष-महिला अनुपात भी चिंताजनक था। भाजपा ने महिलाओं को केंद्र में रखकर विकास की नीति बनाई और समर्पण भाव से काम किया और आज उसका काम गुजरात के कोने-कोने में देखा जा सकता है। गुजरात में महिला नेतृत्व वाले विकास की सफलता आज विकसित भारत के सपने को साकार कर रही है।

विदेश मंत्री ने निज्जर की हत्या पर ट्रूडो के आरोपों का खंडन किया, बोले

## यह भारत की नीति नहीं है : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत की संलिप्तता को लेकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह "भारत सरकार की नीति नहीं है"। जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के बाद न्यूयॉर्क में विदेश संबंध परिषद में बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली ने पहले ही ओटावा को सूचित कर दिया है कि वह विशिष्ट और प्रासंगिक जानकारी देखने के लिए तैयार है। ट्रूडो के आरोपों के कारण भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया है। नई दिल्ली ने ओटावा के दावों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया है। दोनों देशों ने एक-दूसरे के वरिष्ठ राजनयिकों को निष्कासित किया है और अपने नागरिकों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। जयशंकर ने कहा, हमने कनाडाई लोगों से कहा कि यह भारत सरकार की नीति नहीं है। हमने उनसे कहा कि यदि उनके पास कुछ विशिष्ट है, कुछ प्रासंगिक है, तो हमें बताएं। हम इस पर विचार करने के लिए तैयार हैं। उनकी यह टिप्पणी कार्यक्रम में भारत में पूर्व अमेरिकी राजदूत केनेथ जस्टर के एक सवाल पर आई। जयशंकर ने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कनाडा ने वास्तव में अलगाववादी ताकतों से संबंधित संगठित अपराध, हिंसा और उग्रवाद से संबंधित बहुत सारे संगठित अपराध देखे हैं।उन्होंने कहा, वे सभी बहुत-बहुत गहराई से जुड़े हैं। जयशंकर ने आगे कहा कि भारत कनाडा को उनकी धरती से संचालित संगठित अपराध नेतृत्व के बारे में जानकारी देता रहा है।उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में प्रत्यर्पण अनुरोध और आतंकवादी नेताओं की पहचान की गई है।

FILMY हलचल

### सलमान खान की फिल्म 'टाइगर-3' का पहला प्रोमो जारी

**इस** समय बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। 'जवान' को दर्शकों का तूफानी रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़े हैं और कई नए रिकॉर्ड बनाए हैं। उसी तरह अब सलमान खान की फिल्म 'टाइगर-3' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। पिछले कुछ दिनों से 'टाइगर-3' के टीजर की काफी चर्चा हो रही थी। बुधवार का यश चोपड़ा के जन्मदिन के मौके पर यशराज फिल्म्स ने अपने 'स्पाई यूनिवर्स' की अगली फिल्म 'टाइगर-3' का प्रोमो जारी किया। इस प्रोमो में हमें 'टाइगर का संदेश' देखने को मिलेगा है और इसके साथ ही सलमान खान की अद्भुत भविष्यवाणी भी मनमोहक है। प्रोमो की शुरूआत सलमान खान के संदेश से होती है, जिसमें वह अपने खिलाफ लगे देशद्रोह के आरोप के बारे में बताते हुए कहते हैं, 'मैं अविनाश सिंह राठौड़, आपके लिए टाइगर'। लोग टाइगर को देश से पूछते हुए दिखते हैं कि वह देशभक्त है या गद्दार।



### लालबाग के राजा के दर्शन करने पहुंचीं फराह खान, हुईं ट्रोल



**गणेशोत्सव** के मौके पर कई हस्तियां लालबाग राजा के दर्शन कर रही हैं। डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान भी गणराया का आशीर्वाद लेने पहुंचीं। उनका लालबाग के राजा से मिलने जाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में फराह को उनके दोस्त पकड़ते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में फराह खान लालबाग का दौरा करती नजर आ रही हैं और एक वीडियो में अभिनेता सोनू सूद, शेखर सुमन भीड़ में कतार में खड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने वीआईपी लाइन में जाने की बजाय आम जनता के साथ भीड़ में से बप्पा के दर्शन किए। एक अन्य वीडियो में फराह खान को उनके दोस्त पकड़ते नजर आ रहे हैं, लेकिन ज्यादा भीड़ नहीं है।

### 'दोनों' के 'अग्ग लगदी' गाने में आखिरी मिनट में करना पड़ा था सुधार : पलोमा ढिल्लन

**फिल्म** 'दोनों' में लीड रोल निभाने वाली एक्ट्रेस पलोमा ढिल्लन ने फिल्म के बिहाइंड-द-सीन के बारे में बताया और कहा कि फिल्म के ट्रैक 'अग्ग लगदी' के लिए उन्हें आखिरी मिनट में सुधार करना पड़ा। एक्ट्रेस ने कहा, 'अग्ग लगदी' के दौरान हमारे कोरियोग्राफर विजय गांगुली और हमारे निर्देशक अवनीश ने कहा कि वे मेरे लिए केवल गाने और स्टेप्स चाहते थे, इसलिए विजय सर ने कहा कि मैं बस एन्जॉय कर सकती हूं, यह



आखिरी मिनट का काम था जो हमने वैन में किया और यह सेट पर बहुत व्यवस्थित रूप से सामने आया।" 'दोनों' के प्रोमोशन के दौरान, पलोमा ने अपने पूरे एक्सपीरियंस के बारे में विस्तार से बताया और सेट पर उनके सामने आने वाली कुछ चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। अपने अनुभव के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, आप ऐसे सीन्स कर रहे हैं, जहां आप हैवी जूलरी का वजन उठा रहे हैं, चिलचिलाती गर्मी में शूटिंग कर रहे हैं, कंकड़-पत्थरों पर चल रहे हैं या चारों ओर भीड़ के बीच लंबे समय तक बाहर काम कर रह हैं और दर्शक आपको उत्सुकता से देख रहे हों, वास्तव में काम ही मायने रखता है।

रणनीति | आसियान देशों की महिला सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण देगा भारत, नया पाठ्यक्रम शुरू

# संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों पर है फोकस

### दक्षिण पूर्व एशिया की महिला सैन्य कर्मियों के लिए दो तरह के होंगे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने आसियान देशों के लिए एक 'महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम' शुरू किया है। यह प्रशिक्षण नई दिल्ली के संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) में संयुक्त राष्ट्र ढांचे के तहत दिया जायेगा। भारतीय सेना की यह अनूठी पहल लैंगिक समानता के लिहाज से स्थायी शांति स्थापना के लिए आसियान देशों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। प्रतिभागियों को 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत दुनिया भर में संयुक्त



राष्ट्र मिशनों के लिए तैयार और उपयोग किए जा रहे भारत में निर्मित वाहनों और उपकरणों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले साल भारत-आसियान संबंधों की 30वीं वर्षगांठ मनाने के लिए नवंबर, 2022 में सिएम रीप, कंबोडिया में भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में कई प्रस्ताव रखे थे। इसी में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ 'आसियान' के साथ रक्षा सहयोग को विस्तार देने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण देने का भी प्रस्ताव था। इसी के तहत दक्षिण पूर्व एशिया की महिला सैन्य कर्मियों के लिए भारत ने दो तरह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किये हैं। प्रतिभागियों को संयुक्त राष्ट्र मिशनों के लिए तैयार और उपयोग किए जा रहे भारत में निर्मित वाहनों और उपकरणों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आसियान राष्ट्रों के साथ सहयोगात्मक समझ को बढ़ावा देने और दोस्ती के बंधन को मजबूत करने के लिए भारतीय सेना ने यह ह्यमहिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम शुरू किया है। पहले पाठ्यक्रम में आसियान देशों ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाइलैंड, वियतनाम से दो-दो महिलाओं यानी एक बार में कुल 20 शांति महिला सैनिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। आसियान की महिला अधिकारियों के लिए दिसंबर में दूसरा पाठ्यक्रम होगा, जिसमें यूएनपीके की चुनौतियों को शामिल करते हुए एक 'टेबल टॉप अभ्यास' होगा।

अधिकारी ने कहा कि यह पाठ्यक्रम आसियान देशों और भारत की महिला सैन्य अधिकारियों को एक-दूसरे से सीखने और शांति अभियानों में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का मौका देगा। यह पहल भारतीय सेना की अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। भारत यूएनपीके में सबसे अधिक सैन्य योगदान देने वाले देशों में से एक है। मौजूदा समय में 12 संयुक्त राष्ट्र मिशनों में लगभग 5,900 भारतीय सैनिक तैनात हैं।